CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

3568

2.1 VHP

अपभ्रंश भाषा और साहित्य की शोध-प्रवृत्तियाँ

•

डॉ. देवेन्द्रकुमार शास्त्री

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
३५६८
नरिया, (का. हि. वि. वि.) वाराणसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपभ्रंश भाषा और साहित्य की शोध-प्रवृत्तियाँ

डॉ. देवेन्द्रकुमार शास्त्री, साहित्याचार्य
एम. ए., पी-एच. डी.

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लोकोदय ग्रन्थमाला : ग्रन्थांक : ३२७
सम्पादक एवं नियामक
लक्ष्मीचन्द्र जैन

प्रथम संस्करण : जुलाई १९७२
मूल्य : चौदह रुपये

अपभ्रंश भाषा और साहित्य की
शोध-प्रवृत्तियाँ
(शोध-अध्ययन)
डॉ. देवेन्द्रकुमार शास्त्री

प्रकाशक
भारतीय ज्ञानपीठ
३६२०/२१, नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली-६

मुद्रक
सन्मति मुद्रणालय
दुर्गाकुण्ड मार्ग, वाराणसी-५

©
BHARATIYA JNANPITH
3620/21, Netaji Subhash Marg, Delhi-6

Price : Rs 14.00

APABHRAṀSHA BHASHA AUR SAHITYA KI SHODH PRAVRITTIYAN :
RESEARCH-STUDY : DR. DEVENDRA KUMAR SHASTRI

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भारतीय आर्यभाषाओं

के

अध्येताओं, जिज्ञासुओं, पाठकों

तथा

अनुसन्धित्सुओं को

उन की

रुचि-सम्पन्नता के लिए

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

FOREWORD

The importance of the study of Apabhraṃśa and its literature for the comprehension of the development of the Indo-Aryan languages and their literature's is an established fact. At the same time the need for tools to undertake such studies has often been expressed. The appearance of Dr. Devendra Kumār Śāstrī's work begins to answer that need. The first chapter provides an excellent historical survey of Apabhraṃśa scholarly activity linguistic and literary; the subsequent chapters contain bibliographies of publications—books as well as articles—and descriptive lists of manuscripts including the names of the collections where they repose. Dr. Śāstrī in so many words reports the work done, the work in progress, and meticulously describes the data available, pin-pointing their location. What more is required than enthusiastic pursuit ? Indological scholarship established and neophyte are in Dr. Śāstrī's debt.

—*Ernest Bender*

Professor, Indo-Aryan
Languages & Literatures,
University of Pennsylvania;
Editor, Journal of the
American Oriental Society.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रस्तुत पुस्तक

अपभ्रंश भाषा और साहित्य का अनुशीलन ऐतिहासिक विकास की दृष्टि से ही नहीं, अध्ययन-क्रम में भी प्राकृत भाषा और उस के साहित्य के अध्ययन के साथ आरम्भ हुआ। इस के अध्ययन का इतिहास लगभग डेढ़ सो वर्षों का है। सन् १८३६ में आधुनिक युग में सर्वप्रथम होएफर ने 'डे प्राकृत डिआलेक्टो लिब्रिदुओ' नामक जरमन भाषा में प्रकाशित अपने अध्ययन से प्राकृत भाषा की अध्ययन-दिशा को प्रशस्त किया था। तब से आज तक देश-विदेशों में विभिन्न विद्वानों के द्वारा जो अध्ययन-अनुशीलन किया गया, उस से केवल इस भाषा और साहित्य के नये आयाम ही उद्घाटित नहीं हुए, वरन् शोध तथा अनुसन्धान के भी महत्त्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। अपभ्रंश के सम्बन्ध में प्राचीनों और नवीनों की जो भ्रान्त धारणाएँ तथा मान्यताएँ थीं उन के परिमार्जन के लिए यह अनुसन्धानमूलक साहित्य अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। यद्यपि अभी तक कतिपय विद्वान् उन पुरानी भ्रान्त धारणाओं से सर्वथा मुक्त नहीं हो पाये, किन्तु अब इस विपुल साहित्य को देख कर उन की धारणा बदलेगी, ऐसी आशा है।

इस पुस्तक में सन् १८३६ से ले कर १९७०–७१ तक अपभ्रंश भाषा और साहित्य विषयक प्रकाशित शोध निबन्धों, पुस्तकों तथा प्रबन्धों के विवरण के साथ भारत के विभिन्न ग्रन्थ-भण्डारों में उपलब्ध हस्तलिखित ग्रन्थ-सूची एवं उपलब्ध अपभ्रंश-साहित्य के सम्बन्ध में प्रामाणिक जानकारी दी गयी है। सभी विवरण ऐतिहासिक क्रम में प्रस्तुत किया गया है। अभी तक किसी भी भाषा में अनुसन्धान की दृष्टि से इस प्रकार का कार्य नहीं किया गया। यद्यपि प्राच्य-विद्याओं की शोध-पत्रिकाओं, परिषदों के विवरण तथा वार्षिकी आदि में इस प्रकार की सूचनाएँ एवं विवरण प्रकाशित किये जाते रहे हैं, किन्तु समग्र रूप में किसी एक साहित्य से सम्बन्धित सभी प्रकार की प्रामाणिक जानकारी प्रस्तुत करने वाली कोई पुस्तक इस के पूर्व आज तक नहीं लिखी गयी।

इस में लगभग आठ सौ प्रकाशित शोध निबन्धों, प्रबन्धों और पुस्तकों के अतिरिक्त भारत के विभिन्न भण्डारों में उपलब्ध अपभ्रंश के डेढ़ सौ कवियों की लगभग तीन सौ रचनाओं की एक सहस्र हस्तलिखित प्रतियों का विवरण संकलित किया गया है। अधिकतर विवरण स्वयं ग्रन्थ-भण्डारों को देख कर तथा हस्तलिखित रचनाओं को पढ़ कर तैयार किया गया है। इस कार्य में लेखक को पर्याप्त श्रम और लगभग सात वर्षों का समय भोगना पड़ा है। परिणामतः अपभ्रंश भाषा और साहित्य पर अब तक शोध-कार्यों के विवरण के अतिरिक्त अपभ्रंश के अज्ञात एवं अप्रकाशित ग्रन्थों के अंश भी प्रकाशित किये जा रहे हैं। अपभ्रंश के अज्ञात एवं अप्रकाशित ग्रन्थों में उन रचनाओं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के वे अंश भी उद्‌धृत किये गये हैं, जो किन्हीं पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं, परन्तु जयपुर और दिल्ली से प्रकाशित अपभ्रंश के प्रशस्ति-संग्रह में प्रकाशित नहीं हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में अपभ्रंश शब्द का व्यापक अर्थ में प्रयोग किया गया है। अपभ्रंश से हमारा अभिप्राय एक ओर प्राकृत का पल्ला (आँचल) पकड़ कर विकसित होने वाली किंचित् प्राकृतमिश्रित तथा शुद्ध अपभ्रंश भाषा से है, दूसरी ओर अपभ्रंश के मूल रूप का त्याग किये बिना आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की अवस्था में ढलती हुई पुरानी हिन्दी, जूनी गुजराती, प्राचीन राजस्थानी, तथा प्राचीन बांग्ला एवं मराठी भाषा से है। प्रायः सभी आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की यह एक सामान्य अवस्था थी, इस लिए प्रान्त-भेद से नाम-भेद हो सकता है, परन्तु अवस्था-भेद नहीं था। यह केवल आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के सम्बन्ध में ही सत्य नहीं है, प्रत्युत प्राचीनतम आर्य-ईरानी भाषाओं की भी एक ऐसी सामान्य अवस्था रही है, जिस से विकसित हो कर बोली जाने वाली प्राकृतों तथा देशी एवं वैदिक भाषा–(साहित्यिक भाषा) का विकास हुआ था। इस लिए परम्परा के रूप में हमें आज भी वैदिक शब्द-सम्पत्ति प्राप्त होती है।

इस प्रकार यह विवरण केवल अपभ्रंश और हिन्दी को ही ध्यान में रख कर नहीं, वरन् आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं और उन के साहित्य को ध्यान में रख कर प्रस्तुत किया गया है। इस लिए यह पुस्तक केवल अनुसन्धाताओं के लिए ही नहीं, प्रत्युत समस्त भारतीय आर्यभाषाओं और उन के साहित्य-प्रेमी पाठकों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी।

पुस्तक के लिखने में महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ भेज कर डॉ. एच. सी. भायाणी जी ने जो सहायता प्रदान की, उस के लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। डॉ. कस्तूरचन्द जी कासलीवाल का भी आभार मानता हूँ, जिन्होंने प्रकाशित होने वाली हस्तलिखित ग्रन्थ-सूचियों के उपयोग करने की सुविधा प्रदान की। पं. भँवरलाल जी पोल्याका का सदा कृतज्ञ रहूँगा, जिन्होंने पाटोदी मन्दिर के नष्टप्राय सभी हस्तलिखित ग्रन्थों को दिखाने का सहयोग प्रदान किया। डॉ. भोगीलाल जे. संडेसरा, डॉ. उमाकान्त प्रे. शाह और अगरचन्द नाहटा का भी आभार है, जिन सब ने सामग्री संकलित करने में मुझे बराबर सहयोग दिया। पेनीसिलवानिया के भारोपीय भाषा और साहित्य के प्रोफ़ेसर वेन्डर का भी कृतज्ञ हूँ—अपने विचार लिख कर देने के लिए भाई डॉ. गोकुलचन्द जी का असीम आभार—जिन की प्रेरणा आदि से अन्त तक ग्रन्थ-रचना के साथ सम्बद्ध है।

पुस्तक के प्रकाशन में ज्ञानपीठ के अधिकारियों ने जिस रुचि और तत्परता का परिचय दिया है वास्तव में उस से उन के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट किये बिना नहीं रह सकता।

देवेन्द्रकुमार शास्त्री

श्रुतपंचमी,
२९ मई, १९७१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषय-सूची

प्रथम अध्याय : अपभ्रंश भाषा और साहित्य का शोध-सर्वेक्षण १–६६

अपभ्रंश भाषा १

प्राकृत ३; संस्कृत-विकृति बनाम प्राकृत ५; अपभ्रंश क्या है ८; प्राकृत अपभ्रंश नहीं है ९; अपभ्रंश और देशी ११; अपभ्रंश और अवहट्ठ १८; आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ २०।

अपभ्रंश साहित्य का प्रारम्भिक काल २२

अपभ्रंश : काव्यभाषा २४; अपभ्रंश साहित्य का काल-विभाजन २८; प्राकृत का कथा-साहित्य ३२; अपभ्रंश कथाकाव्य ३४; अपभ्रंश चरितकाव्य ३५; अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्य ३६; अपभ्रंश के खण्डकाव्य ३७; अपभ्रंश का रासा-साहित्य ३८; अपभ्रंश के रूपककाव्य ३९; अपभ्रंश के सन्धिकाव्य ४०; स्फुट रचनाएँ ४१।

प्राच्य विद्याओं का अध्ययन ४२

प्राकृत के पाणिनि ४७; अपभ्रंश साहित्य के प्रथम अन्वेषक ४९; अपभ्रंश साहित्य का सम्पादन-काल ५३; भाषाविषयक अनुशीलन ५५; अपभ्रंश-साहित्य में शोध-कार्य ५७; प्रगति की दिशा में ५९; अपभ्रंश तथा जैन साहित्य के अध्ययन-केन्द्र ६१; अपभ्रंश में शोध की दिशाएँ ६२; वर्तमान और भविष्य ६५।

द्वितीय अध्याय : अपभ्रंश विषयक प्रकाशित शोध-निबन्ध, पुस्तकें तथा प्रबन्ध ६७–११२

अपभ्रंश विषयक प्रकाशित शोध-निबन्धों, पुस्तकों तथा प्रबन्धों की सूची ६७

तृतीय अध्याय : अपभ्रंश के हस्तलिखित ग्रन्थ ११३–१७६

विभिन्न भण्डारों में प्राप्त अपभ्रंश के हस्तलिखित ग्रन्थों का विवरण ११३

चतुर्थ अध्याय : उपलब्ध अपभ्रंश साहित्य १७७–१९०

अपभ्रंश का उपलब्ध साहित्य १७७

पंचम अध्याय : अपभ्रंश के अज्ञात एवं अप्रकाशित ग्रन्थों के अंश १९१–२३२

परिशिष्ट

१. संस्कृत साहित्य में उपलब्ध कतिपय अपभ्रंश पद्य २३३–२३६
२. प्राकृत साहित्य में उपलब्ध कतिपय अपभ्रंश पद्य २३७–२३८
३. अपभ्रंश के शिलालेख २३९–२४८
४. अपभ्रंश गद्य २४९
५. विशिष्ट शोध-निबन्धों तथा पुस्तकों की सूची २५०–२५६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रथम अध्याय

अपभ्रंश भाषा और साहित्य का शोध-सर्वेक्षण

अपभ्रंश भाषा

भाषावैज्ञानिकों ने भारतीय आर्यभाषाओं के विकास के तीन स्तरों का निर्देश किया है। डॉ. ग्रियर्सन के अनुसार ये तीन स्तर हैं—प्रथम प्राकृत, द्वितीय प्राकृत तथा तृतीय प्राकृत। प्राकृत का अर्थ है—नैसर्गिक एवं अकृत्रिम भाषा।[1] प्राकृत जनसाधारण की बोली अथवा बोलियों को कहा जाता था। शताब्दियों तक आर्य-भाषा इसी नाम से प्रचलित रही है। अतएव प्रथम स्तर की प्राकृत के अन्तर्गत प्राचीन वैदिक मन्त्रों की उन ऋचाओं की परिगणना की जाती है, जिन की भाषा वैदिक युग में जनसाधारण की थी। वस्तुतः साहित्यिक भाषाओं का विकास तत्कालीन बोलियों के आधार पर हुआ है। इस लिए यह स्वाभाविक ही था कि परवर्ती वैदिक साहित्य में साहित्यिक सौष्ठव तथा कृत्रिमता परिलक्षित होती।

आदि काल से ही प्राकृत भाषाओं की जड़ें जनता की बोलियों के भीतर जमी हुई हैं।[2] यद्यपि आज उस बोलचाल की प्राकृत का मूल रूप नहीं मिलता, क्योंकि बोली जाने वाली भाषा सदा विकासशील रहती है और बोल-चाल की भाषाओं में बहुत कम साहित्य लिखा गया है। भाषा-विज्ञान के अध्ययन से यह भली भाँति सिद्ध हो चुका है कि प्राकृत संस्कृत का विकृत रूप नहीं है। जो लोग 'प्रकृतिः संस्कृतम्' कह कर उस से उत्पन्न होने वाली प्राकृत का निर्वचन करते हैं उन का अभिप्राय उस साहित्यिक प्राकृत से होता है, जिस का 'मॉडल' (आकार-प्रकार) संस्कृत-व्याकरण की समता में प्रस्तुत किया गया, और जिस का व्याकरण सदा संस्कृत-व्याकरण को ध्यान में रख कर लिखा गया है। इतना ही नहीं, प्राकृत भाषा को वैयाकरणों ने संस्कृत के आधार पर समझाया है, इस लिए प्राकृत के नियम संस्कृत के व्याकरण के आधार पर बने और यह निर्देश किया गया कि जहाँ संस्कृत में यह विभक्ति होती है, उस के स्थान पर प्राकृत में यह अमुक विभक्ति हो जाती है।

साहित्यिक प्राकृतों का भी एक आदर्श स्तर रहा है, जिस के प्रमाण प्राचीन अभिलेखों में मिलते हैं। यद्यपि प्राचीन समय में प्राकृत राजसभा की भाषा थी और

---

१. ग्रियर्सन, सर जॉर्ज अब्राहम, अनु. डॉ. उदयनारायण तिवारी : भारत का भाषा-सर्वेक्षण, खण्ड १, भाग १, पृ. २३६-३७।

२. पिशेल, रिचर्ड, अनु. डॉ. हेमचन्द्र जोशी : प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृ. १४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सिन्ध से ले कर मध्य देश तथा मगध तक बोली जाती थी, किन्तु समय-समय पर अन्य भाषाओं का प्रभाव भी इस पर अपना पानी चढ़ाता रहा। जब से प्राकृत में साहित्यिक रचना आरम्भ हुई, तभी से यह संस्कृत की प्रतिस्पर्धा में आ गयी और संस्कृत के समानान्तर ही इस का साहित्यिक विकास होने लगा। परन्तु कालान्तर में जन-भाषा से इस का सम्पर्क हटता ही गया। यहाँ तक कि भाषा को कृत्रिम एवं साहित्यिक बनाने के लिए अनेक संस्कृत शब्दों को विकृत कर उन का प्रयोग भरती के शब्दों के साथ किया गया। वास्तव में भाषा शब्द का प्रयोग कालान्तर में साहित्यिक भाषा के लिए किया गया। भारतीय आर्यभाषा का सर्वप्राचीन यह रूप ऋग्वेद में लक्षित होता है। इसे एक प्रकार की साधुभाषा भी कहा गया है। प्रो. एण्टोने मैलेट ने ऋग्वेद की भाषा का मूल आर्यभाषी प्रदेश की एक पश्चिमी बोली को ही बताया है। उन के अनुसार मूल वैदिक भाषा में ईरानी की भाँति केवल 'र' ध्वनि ही थी।[१] अवेस्ता और वैदिक भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन से यह प्रमाणित हो चुका है कि वैदिक भाषाओं का समय ई. पू. २००० से प्राचीनतर नहीं हो सकता।[२] अतएव भाषा-विकास के स्तर की प्रथम अवस्था का समय ई. पू. २,००० से ६०० ई. पू. माना जा सकता है।

ई. पू. आठवीं शताब्दी के लगभग ही भाषा की वह संक्रमणशील अवस्था परिलक्षित होने लगती है, जिस में साहित्यिक भाषा विभिन्न बोलियों के सम्पर्क में आने लगती है तथा उत्तरीय जनों की बोली को आदर्श माना जाने लगता है। भाषा का प्रवाह मूलतः जनबोलियों के संगम से विकसित हुआ और इस लिए परवर्ती संस्कृत रचनाओं में इतना अन्तर बढ़ता गया कि बाद में यह समझना भी एक प्रकार से कठिन सा हो गया कि संस्कृत वैदिक भाषा से विकसित हुई है। न जाने भाषागत कितने संक्रमण इस काल ने देखे और परिणामतः जब बोलियों को महत्त्व प्रदान किया गया तो पालि और प्राकृत जैसी भाषाएँ साहित्यिक आदर्श के रूप में अवस्थित हो गयीं। यही वह समय था, जब कि भ्रमणशील अन्य जातियों की भाँति व्रात्य वैदिक परम्पराओं से हट कर जिस भाषा का जैसा प्रयोग करते थे, वह सामाजिकों को मान्य था। यद्यपि वे वैदिक धर्म में दीक्षित नहीं थे, किन्तु दीक्षा पाने वालों की भाँति भाषा बोलते थे।[३] बोलचाल की यह भाषा वैदिक काल में आम जनता की भाषा थी, जो कुछ बातों में संहिताओं की साहित्यिक भाषा से भिन्न थी।[४] वेदों में अधिकतर शिष्ट भाषा को सुरक्षित रखने का प्रयत्न किया गया है, किन्तु अनायास ही कुछ बोलियों के रूपों का भी समावेश हो गया है। यह भी कहा जाता है कि भारत में आर्यों के विस्थापित होने के अनन्तर भारतीय आर्य भाषा का विकास तीव्र गति से हुआ। वैदिक युग में बोलियाँ अत्यन्त विकसित हो चली थीं। विभिन्न जातियों के सम्पर्क से विविध बोलियों

---

१. द्रष्टव्य है—डॉ. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या : भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ. ६३।
२. वहीं, पृ. ७०। ३. वहीं, पृ. ७१।
४. सरकार, दिनेशचन्द्र : ए ग्रामर ऑव द प्राकृत लैंग्वेज, भूमिका पृ. १।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में समावर्तन हुआ और परिणामतः साहित्य की भाषा को शिष्ट रूप देना पड़ा। अतएव यथार्थ में आर्यबोली के स्वरूप का पता ऋग्वेद से नहीं चलता।[1] यह बात अवश्य है कि जिस रूप में वेदों की भाषा आज हमारे सामने है, निश्चित ही उस का मूल रूप उस से पुराना रहा होगा। क्योंकि विभिन्न पीढ़ियों के परिवर्तन से ध्वनि-विषयक कुछ न कुछ परिवर्तन आ ही जाते हैं। यद्यपि मन्त्रोच्चार की विधि अत्यन्त पवित्र और सुरक्षात्मक रूप में रही, किन्तु निश्चित ही मूल भाषा इस से भिन्न रही होगी।[2] भाषा-विकास के इतिहास में एक समय ऐसा भी आता है, जब वेदों की भाषा को समझना अत्यन्त कठिन हो जाता है। वह केवल पुरोहित वर्ग तक सीमित हो जाती है। किन्तु वैदिक बोलियों का प्रवाह रुकता नहीं है, वह सब कुछ समेट कर शिष्ट और सामान्य जीवन के दो तटों के बीच अबाध गति से विकसित धाराओं में सतत वृद्धिगत होता रहता है। इन्हीं बोलियों की विकसित अवस्था से प्राकृत भाषा का जन्म हुआ।

प्राकृत

तीर्थंकर महावीर और भ० गौतमबुद्ध की भाषा वर्तमान में ज्यों की त्यों नहीं मिलती है, किन्तु अशोक के शिलालेखों (२५० ई. पू.) तथा पालि साहित्य के कुछ प्राचीन अंशों में उपलब्ध होती है। प्राकृत के विकास की चार अवस्थाएँ कही गयी हैं। प्राचीनतम प्राकृत—अशोक के अभिलेख, जो पश्चिमी (शौरसेनी) तथा पूर्वी (मागधी) प्राकृतों में निबद्ध हैं। डॉ. चटर्जी ने बुद्ध के समय की उदीच्य, मध्य-देशीय तथा प्राच्य विभाग की तीन प्रादेशिक बोलियों का उल्लेख किया है। इन के अतिरिक्त ई. पू. तीसरी शताब्दी की खोतन प्रदेशीय भारतीयों की पश्चिमोत्तरी गान्धारी प्राकृत तथा ईसा की प्रथम शताब्दी के लगभग की तुर्किस्तान की निय प्राकृत एवं ई. पू. छठी शताब्दी के मध्य की काठियावाड़ से सोलोन पहुँचायी गयी प्राकृत विशेष रूप से उल्लेखनीय है।[3] इस देश में ईसा पूर्व शताब्दी में मुख्य रूप से भारतीय आर्यबोलियों के चार विभाग प्रसिद्ध थे—(१) उदीच्य (उत्तरी-पश्चिमी बोली), (२) प्रतीच्य (दक्षिणी-पश्चिमी बोली), (३) प्राच्य-मध्य (मध्यपूर्वी बोली) तथा (४) प्राच्य (पूर्वी बोली)। अशोक के शिलालेखों तथा पतंजलि के महाभाष्य के उल्लेखों से भी यह प्रमाणित होता है।[4]

विकास की दूसरी अवस्था में प्रथम ईसवी के लगभग के पंजाब से खोतान में ले जाये गये धर्मपद के अंश तथा मध्य एशिया के खरोष्ठी लिपि में लिखे हुए अभिलेख (निय प्राकृत) एवं उत्तर-पश्चिम भारत के खरोष्ठी अभिलेख अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। इन के अतिरिक्त अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत भी इसी युग की देन है। अश्वघोष की

---

१. पण्डित, डॉ. प्रबोध बेचरदास : प्राकृत भाषा, पृ. १४।
२. देखिए, भारत का भाषा-सर्वेक्षण, पृ. २२५।
३. चाटुर्ज्या, डॉ. सुनीतिकुमार : भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ. ८३।
४. सेन, डॉ. सुकुमार : ए कम्पेरेटिव ग्रामर ऑव मिडिल इण्डो-आर्यन, पृ. ७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राकृत बोलचाल के अधिक निकट है। भरतमुनि ने नाटक में वर्णित विभिन्न पात्रों की बोली को भाषा कहा है, न कि प्राकृत। वस्तुतः अश्वघोष की भाषा, भास के नाटकों के कुछ प्राकृत अंश तथा भरत मुनि की नाटचगीतियाँ संस्कृत के शास्त्रीय (क्लैसीकल) नाटकों से पूर्व की है।[1] यही नहीं, लोकनाटच पहले प्राकृत में लिखे जाते थे और अभिनीत किये जाते थे। अभिनय केवल आम जनता की भाषा में हाव-भावों के द्वारा किया जाता था। अतएव भरतमुनि ने भी उस का विधान किया है।[2] भरतमुनि के समय में हिमालय, सिन्ध तथा उत्तर-पश्चिम पंजाब से ले कर गुजरात तक सामान्य रूप से एक ही बोली प्रचलित थी, जो जातीय संस्कार, भौगोलिक प्रभाव तथा उच्चारण आदि के भेद से कालान्तर में निरन्तर कई रूपों में विकसित होती रही और जातिभाषा के रूप में इस युग में आ कर संस्कृत तथा प्राकृत प्रतिष्ठित हो गयी।[3] यद्यपि संस्कृत भाषा साहित्य में मुख्य थी और प्राकृत गौण, किन्तु जन-सामान्य की समझ संस्कृत से परे थी। भारत की जनता अपनी बोलियों में ही माता की गोद से समझती-सोचती आ रही है। शिष्ट जन उस युग में भी संस्कृत के पक्षपाती थे, क्योंकि वह संस्कारयुक्त भाषा थी।

प्राकृत की साज-सँभाल तो बहुत हुई, पर उस का संस्कार कभी नहीं हो सका। वास्तव में बोली जाने वाली भाषा का संस्कार तब तक नहीं होता जब तक वह साहित्य में एक निश्चित आदर्श रूप को ग्रहण कर स्थिर नहीं हो जाती। प्राकृत की आरम्भ से साहित्य में कई साहित्यिक बोलियाँ रही हैं, जिस में समय-समय पर सुन्दर रचनाएँ लिखी गयीं। यद्यपि इन बोली-विभागों में कभी कम और कभी अधिक अन्तर रहा है, किन्तु प्रान्तीय बोली-भेद उन में स्पष्ट लक्षित होते हैं। फिर भी, समय-समय पर संस्कृत का पानी प्राकृतों पर अवश्य चढ़ता रहा है। इतना ही नहीं, संस्कृत की समता में अपना साहित्यिक प्रभाव अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए यह आवश्यक भी था कि प्राकृत का विकास संस्कृत की पद्धति पर हो; और ऐसा हुआ भी। जहाँ प्राकृत-साहित्य में प्राकृत भाषा स्वाभाविक रूप से चलती हुई दिखाई पड़ती है वहाँ वह ठेठ बोली है, किन्तु जहाँ वह काव्यात्मक अनुबन्धों से युक्त तथा संस्कृत से प्रभावापन्न है वहाँ कृत्रिम प्रतीत होती है। श्री रिचर्ड पिशेल का मत है: "यह जनता के द्वारा बोली गयी किसी भाषा के आधार पर बनी थी और राजनीतिक या धार्मिक इतिहास की परम्परा के कारण यह भारत की सामान्य साहित्यिक भाषा बन गयी। भेद इतना

---

१. ब्लॉख, ज्यूल, अनु. डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय : भारतीय आर्यभाषा, पृ. १०।

२. ऋजुस्वभावसंस्थानं प्राकृतं तु स्वभावजम्।
मंगव्याध्ययनध्यानस्वभाव-जय-कर्मसु ॥ ८, ३८।
एम्योऽन्ये बह्वो भेदा लोकाभिनयसंश्रयाः।
ते च लोकस्वभावेन प्रयोक्तव्याः प्रयोक्तृभिः ॥ ८, ३६ नाट्यशास्त्र (भरत), द्वितीय जिल्द।

३. संस्कारपाठ्यसंयुक्ता सम्यङ्, न्याय्यप्रतिष्ठिताः।
द्विविधा जातिभाषा च प्रयोगे समुदाहृताः ॥ वहीं, १७, २८।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है कि यह पूर्णतया असम्भव है कि सब प्राकृत भाषाओं को संस्कृत की भाँति एक मूल भाषा तक पहुँचाया जाये। केवल संस्कृत को ही इस का मूल समझना, जैसा कि कई विद्वान् समझते हैं और इन में होएफर, लास्सन, भण्डारकर, याकोबी भी शामिल हैं, भ्रमपूर्ण हैं। सब प्राकृत भाषाओं का वैदिक व्याकरण और शब्दों का नाना स्थलों में साम्य है, जो बातें संस्कृत में नहीं पायी जातीं।"[1] अतएव साहित्य के रूप में भले ही प्राकृतों को अधिक प्रसिद्धि न मिली हो, पर जन-जन की बोली के रूप में वह भाषा के आदि काल से ही इस देश में प्रचलित रही है।

संस्कृत-विकृति बनाम प्राकृत

भारतीय वैयाकरण तथा शिक्षाशास्त्रियों का एक मत है कि प्राकृत संस्कृत का ही विकृत रूप है। उन का यह मत वैयाकरणों के इस निर्देश पर आधारित है कि संस्कृत प्रकृति है, उस से उत्पन्न होने वाली प्राकृत है।[2] सभी प्राकृतों का एक मात्र उत्पत्तिस्थान संस्कृत है।[3] वस्तुतः यह मान्यता केवल संस्कृत की उद्धरणी करने वाले उन शब्दों को ले कर है, जिन में संस्कृत शब्दों का विकार या अपभ्रष्ट रूप लक्षित होता है। अतएव एक ओर जहाँ वैयाकरण संस्कृत से इतर भाषाओं को अपभ्रंश कह कर उपेक्षणीय तथा असाधु बताते हैं, वहीं शब्द की प्रकृति अपभ्रंश का भी निर्देश करते हैं। उन का कथन है[4]—शब्द की प्रकृति ही अपभ्रंश है। सभी स्थलों पर निमित्त के भेद से शब्दों के साधुत्व की व्यवस्था की गयी है। इस लिए शिष्ट जन उन साधु शब्दों के पर्याय रूपों को नहीं मानते। उन की दृष्टि में अश्व शब्द ही साधु है, अस्व नहीं। वस्तुतः उन का यह नियम भाषा की संकीर्ण प्रवृत्ति का परिचायक है। क्योंकि भाषा का स्वभाव है—परिवर्तनशीलता। संसार के प्रत्येक पदार्थ में प्रत्येक समय जाने-अनजाने कुछ न कुछ परिवर्तन की क्रिया होती रहती है। फिर, भौगोलिक तथा जातीय कारणों से कहीं-कहीं कुछ विशिष्ट ध्वनियों का उच्चारण समान रूप से नहीं किया जाता। यही कारण है कि आज भी बंगाली 'साला' को 'शाला' और पंजाबी असाड़ (आषाढ़) को 'हाड़' तथा मारवाड़ी सात को 'हात' बोलता है। उत्तर-प्रदेश के शिक्षित व्यक्ति भी 'भाषा' को 'भासा' और दिशा को 'दिसा' बोलते हैं। अतएव भाषावैज्ञनिक भाषागत प्रक्रियाओं तथा उन के कार्य-कारण भावों को ध्यान में रख कर यह विचार करते हैं

---

१. पिशेल, रिचर्ड : प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, अनु. डॉ. हेमचन्द्र जोशी, पृ. ८।
२. प्रकृतिः संस्कृतम्। तत्रभवं प्राकृतम् उच्यते। मार्कण्डेय : प्राकृतसर्वस्व, १, १।
प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता। नरसिंह : प्राकृतशब्दप्रदीपिका,
—लक्ष्मीधर : षड्भाषाचन्द्रिका, १, २५।
३. प्राकृतस्य तु सर्वं एव संस्कृतं योनिः। वासुदेव : कर्पूरमंजरी की संजीवनी टीका।
४. शब्दः संस्कारहीनो यो गौरिति प्रयुयुक्षिते।
तमपभ्रंशमिच्छन्ति विशिष्टार्थनिवेशनम्॥ यथाह संग्रहकारः – 'शब्दप्रकृतिरपभ्रंश' इति।
अस्वगोण्यादयः शब्दाः साधवो विषयान्तरे।
निमित्तभेदात् सर्वत्र साधुत्वं च व्यवस्थितम्॥ वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड, १४८—१४६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कि अमुक परिवार की अमुक भाषा का विकास किन परिस्थितियों में और कैसे हुआ तथा उस भाषा की प्रकृति क्या है? भारतीय वैयाकरणों की दृष्टि में जो भाषागत विकार लक्षित होता है, उसे ही भाषावैज्ञानिक भाषा का विकास कहते हैं। बिना परिवर्तन हुए किसी भाषा का विकास कैसे हो सकता है?

यह कहना कि प्राकृत का जन्म संस्कृत से हुआ है, नितान्त भ्रमपूर्ण भी है। क्योंकि भाषाविज्ञान के सिद्धान्त के अनुसार किसी भी भाषा के बल पर कोई स्वतन्त्र भाषा जन्म नहीं लेती। जो भाषाएँ आज विद्यमान हैं, उन का मूल रूप अवश्य किसी न किसी बोली में प्रतिष्ठित है। यदि भाषाविज्ञान की दूरबीन लगा कर देखी जाये तो आज की बोलियों में घुले-मिले तत्त्व किसी न किसी रूप में पूर्वकालिक भाषा से सम्बन्धित होंगे। इस लिए भाषा की मध्य अवस्था में से किसी अन्य भाषा का जन्म मान लेना उचित नहीं है। वस्तुतः तथ्य यह है कि बोली और भाषा एक साथ जन्म लेतीं और विकसित होती हैं। यद्यपि व्यवहार में उन दोनों के समय में बहुत अन्तर होता है, किन्तु सहस्राब्दियों के इतिहास में वह समय नगण्य ही होता है। उन में से जो भाषा सभी प्रकार से नियमबद्ध हो जाती है, उस का विकास रुक जाता है और गति (परिवर्तन) हीनता के कारण कालान्तर में वह मृतप्राय हो जाती है, किन्तु जो बोली मन्थर गति से भाषा की पद्धति पर चलने लगती है और जिस में साहित्य-रचना होने लगती है वह साहित्यिक 'भाषा' बन जाती है। वैदिक बोलियाँ इसी प्रकार विकसित हो कर विविध नाम-रूपों में प्रतिष्ठित हुई। केवल वैदिक भाषा में ही नहीं, आर्मेनियन, ग्रीक और लैटिन आदि में भी बोलियाँ सुरक्षित हैं।[1] बोलियों की विविध संक्रमण अवस्थाएँ भाषा के इतिहास में परिलक्षित होती हैं, और विशेषकर यह प्राचीनतम अवस्था २५०० ई. पू. से ले कर २,००० ई. तक रही है।[2] यद्यपि महर्षि पाणिनि ने भाषा को अबाधगति को रोकने का महान् प्रयत्न किया, और उस में बहुत कुछ सफल भी हुए, किन्तु भाषा के विकास को वे भी पूरी तरह नहीं रोक पाये। अन्ततः उन्हें 'पृषोदरादिगण' बना कर लोक भाषा से समझौता करना पड़ा था। फिर भी भाषा का बहुत कुछ संस्कार व्यवस्थित रूप से किया, इस में कोई सन्देह नहीं है। उन के इस भाषा-संस्कार के कारण संस्कृत के प्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ के समकालीन लक्ष्मीधर ने कुमार तथा पाणिनि आदि वैयाकरणों के द्वारा संस्कारित भाषा को संस्कृत कहा है।[3] परन्तु संस्कृत अपशब्दों तथा म्लेच्छ-भाषाओं से अछूती नहीं रह सकी। समय-समय पर संस्कृत भाषा में असीरियाई, मिस्री, चीनी, ईरानी तथा अन्य कई देश-प्रदेशों की भाषाओं के शब्द आते रहे, और आज भी सुरक्षित हैं। संस्कृत के महाकवि भी अपनी

---

१. ग्रे, लुइस एच. : फाउण्डेशन्स ऑव लैंग्वेज, १९५८, पृ. ३०४।
२. वहीं, पृ. ३१०।
३. भाषा द्विधा संस्कृता च प्राकृती चेति भेदतः।
कौमारपाणिनीयादिसंस्कृता संस्कृता मता॥ षड्भाषाचन्द्रिका, १, २३।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाषा को सर्वथा पाणिनि के नियमों के अनुसार नहीं ढाल सके, इस लिए पाणिनि-व्याकरण की दृष्टि से कालिदास और हर्ष जैसे महाकवियों की रचनाओं में अनेक व्याकरणिक अशुद्धियाँ मिलती हैं। अतएव चाहे कोई वैयाकरण हो या साहित्यकार, उसे लोक भाषा का ध्यान अवश्य रखना पड़ता है, फिर जो प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध होने पर भी यदि जन-जन में प्रचलित हैं, वे परम्परा से साहित्य में भी प्रयुक्त होने लगते हैं। शब्दरूपों तथा प्रयोगों में प्रत्येक युग में कुछ न कुछ परिवर्तन होता रहता है। यह निश्चित है कि संस्कृत भाषा एक होने पर भी वाल्मीकि की भाषा से कालिदास और उन की भाषा से बाणभट्ट की भाषा में अन्तर है। इस से प्रकट है कि भाषा में विकार (विकास) होना ही उस का जीवन है। जब तक भाषा अपने जीवन-काल में रहती है और जितने अधिक समय तक रहती है, उस में उतना अधिक परिवर्तन होता रहता है। यहाँ तक कि उस का परवर्ती रूप कभी-कभी अपने मूल से इतना अधिक विकसित हो जाता है कि सहसा वह पहचान में भी नहीं आता। वेदों से उपनिषदों की भाषा और उपनिषदों से महाकवि कालिदास, हर्ष आदि की भाषा में अत्यधिक अन्तर लक्षित होता है। यह अन्तर किसी की भाषा में विकार और किसी की भाषा में विकास नाम से जाना जाता है। यथार्थ में किसी भी भाषा का गतिहीन हो जाना अस्वाभाविक है और विकृत होते रहना उस के जीवित रहने का प्रमाण है। महाकवि कालिदास ने इसी बात को प्रकारान्तर से कहा है।[1] देहधारियों की मृत्यु होना स्वाभाविक है। विद्वानों का तो यह कथन है कि जीना ही विकृति है। इस लिए प्राणी जितने भी क्षण जी जायें उतने से ही सन्तोष करना चाहिए। कवि का यह कथन मनुष्य-जीवन की भाँति भाषा-जीवन के सम्बन्ध में भी भली भाँति चरितार्थ होता है।

भाषा का जीवन पच्चीस-पचास वर्षों का न हो कर सैकड़ों वर्षों का होता है। फिर, एक दूसरी जाति तथा भाषाओं के शब्द एक-दूसरे से अधिगृहीत होते रहते हैं। अतएव केवल कुछ शब्दों को ले कर यह कहना कि ये असाधु हैं, अपशब्द हैं, शिष्टता मात्र के द्योतक हैं। भाषा के इतिहास में ग्राम्य शब्दों का भी उतना ही महत्त्व है, जितना कि नागर शब्दों का। फिर प्रत्येक साहित्यिक भाषा को अपनी पूर्वावस्था से बहुत कुछ बदल जाना पड़ता है। अतएव महर्षि पतंजलि का यह कथन 'अपशब्द बहुत हैं, शब्द (साधु) बहुत कम हैं। एक-एक शब्द के अनेक अपभ्रंश-रूप मिलते हैं, जैसे कि 'गो', इस एक शब्द (साधु) के लिए गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि बहुत से अपभ्रंश रूप हैं'[2]—शब्दों के विकृत रूपों से सम्बन्धित न हो कर गो वाचक अनेक

---

१. मरणं प्रकृतिः शरीरिणां विकृतिर्जीवितमुच्यते बुधैः।
क्षणमप्यवतिष्ठते श्वसन्यदि जन्तुर्ननु लाभवानसौ ॥ रघुवंश, ८, ८७।

२. भूयांसोऽपशब्दाः, अल्पीयांसः शब्दा इति। एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः।
तद्यथा गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी गोता गोपोतलिकेत्यादयो बहवोऽपभ्रंशाः।
—महाभाष्य, १ अ०, १ पा०, १ आ०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शब्दों के असाधु-विधान से है। साधु-असाधु का निर्णय कौन करे ? वास्तव में उस युग[1] में ब्राह्मणों की भाषा साधु थी और म्लेच्छों (नीच जनों) की भाषा असाधु थी। उन के कथन से यह भी प्रतीत होता है कि अशुद्धोच्चार के वशीभूत हो कर शब्दों को बिगाड़ कर नहीं बोलना चाहिए। किन्तु ये सब भाषा सम्बन्धी शिक्षाएँ हैं, जो केवल संस्कृत भाषा को ध्यान में रख कर लिखी गयी हैं। इन से प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषा का कोई सम्बन्ध नहीं है। क्योंकि जिन शब्दों का निर्देश पतंजलि ने किया है उन में से गोणी शब्द पालि[2] में, गोणा-गोणी प्राकृत[3] में तथा संस्कृत[4] में एवं पालि-प्राकृत में गोण-गावी रूप मिलते हैं।[5] प्राकृत में 'गोणा' का अर्थ गाय और गोणी तथा गावी का अर्थ भी गाय है। गोण का अर्थ बैल है। सम्भवतः गोपोतलिका का अर्थ जवान गाय है। इन में से गावी (ग्राह्वी) का प्रयोग बंगला में और गोणी का प्रयोग आज भी सिन्धी भाषा में मिलता है। प्राकृत के कई ग्रन्थों में गावी और गावीओ के प्रयोग गाय अर्थ में मिलते हैं।[6] अतएव जिन्हें असाधु, अपशब्द या अपभ्रंश समझा जाता है, वास्तव में वे विभाषाओं में प्रयुक्त होने वाले शब्द हैं। संस्कृत के वैयाकरणों ने उन्हें असाधु केवल इसी लिए बता दिया कि वे शिष्ट वर्ग के द्वारा प्रयुक्त नहीं होते थे।

अपभ्रंश क्या है

जिस प्रकार प्राकृत का अर्थ है स्वाभाविक भाषा उसी प्रकार अपभ्रंश का अर्थ है—जन बोली। जन बोली से अभिप्राय सामान्य लोगों की बोलचाल की भाषा से है। दूसरे शब्दों में हम उसे नीच लोगों की भाषा अर्थात् ग्राम्य भाषा कह सकते हैं। संस्कृत के वाचस्पत्यकोश में इस का एक अर्थ ग्राम्यभाषा भी है। सामान्य रूप से वैयाकरणों की भाषा में अपभ्रंश का अर्थ 'अपशब्द' है और अपशब्द का अर्थ है—ठीक से उच्चरित न होने वाले (बिगड़े) शब्द। लोक भाषा में इस का रूढ़ अर्थ है—गिरना, खिसकना। भाषा-विकास की दृष्टि से यह मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं तथा आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की वह मध्यवर्ती विकसित अवस्था है, जो वर्तमान आर्यभाषाओं की पुरोगामिनी है। डॉ. ग्रियर्सन के अनुसार स्थानीय प्राकृत को अपभ्रंश कहा गया है।[7] स्थानीय प्राकृत से उन का अभिप्राय बोलचाल की जन-भाषा से है। आ. भरतमुनि के उल्लेखों से भी यही पता चलता है कि अपभ्रंश

---

१. तेऽसुरा हेलयो हेलय इति कुर्वन्तः पराबभूवुः। तस्माद् ब्राह्मणेन न म्लेच्छितवै—नापभाषितवै, म्लेच्छो ह वा एष यदपशब्दः। वही, १, १, १।

२. गोणनम्हि वा सुहिना सुच। पालीव्याकरण (कात्यायन), द्वितीय कल्प, प्रथम खण्ड २६, ३०।

३. व्यवहारसुत्र उ० ४, गोणी (ओघ २३ भा), गोणा (पाइअसद्दमहण्णव, पृ० ३०१), गूणि-गोणी (उक्तिरत्नाकर)।

४. जाध गोणा ! जाध (यातं गावौ यातं), मृच्छकटिक अंक ६।

५. गोण (प्राकृतकल्पतरु, २, १, १३), देशीनाममाला, २, १०४।

६. गोर्गावी। प्राकृतलक्षण, २, १६, शब्दानुशासन (हेमचन्द्र), ८, २, १७४।

७. भारत का भाषा-सर्वेक्षण, पृ० २४३।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बोलचाल की भाषा थी। उन्होंने 'उकारबहुला' कह कर जिस भाषा का परिचय दिया है, वह हिमालय प्रदेश से ले कर सिन्ध तथा उत्तर पंजाब तक प्रचलित थी।[1] इस उत्तर भारतीय बोली को ही वैयाकरणों ने अपभ्रंश नाम दिया है। यद्यपि बहुत पहले प्राकृत को भी अपभ्रंश कहा जाता था, क्योंकि संस्कृत को छोड़ कर जितनी भी भाषाएँ थीं, वे सब अपभ्रंश कहलाती थीं। किन्तु प्राकृत भाषा के साहित्यिक स्थान पर आरूढ़ हो जाने पर मूल बोली को प्राकृत तथा साहित्य की भाषा को भी मूल बोली से सम्बद्ध होने के कारण प्राकृत कहा गया। प्राकृत की इस परम्परा में ही जब प्राकृतें लोकबोलियों से हटने लगीं तब जिस विकसित अवस्था का स्वरूप देखने को मिला उसे अपभ्रंश नाम दिया गया। भाषा-विकास की यह वह अवस्था थी, जिस में भारतीय आर्यभाषा अपनी संयोगावस्था से वियोगावस्था में संक्रमित होने लगी थी। पण्डित गुलेरी जी के शब्दों में—"विक्रम की सातवीं शताब्दी से ग्यारहवीं तक अपभ्रंश की प्रधानता रही और फिर वह पुरानी हिन्दी में परिणत हो गयी। इस में देशी की प्रधानता है। विभक्ति घिस गयी हैं, खिर गयी हैं, एक ही विभक्ति 'हं' या 'आहं' कई काम देने लगी है। एक कारक की विभक्ति से दूसरे का भी काम चलने लगा है। वैदिक भाषा की अविभक्तिक निर्देश की विरासत भी इसे मिली। विभक्तियों के खिर जाने से कई अव्यय या पद लुप्तविभक्तिक पद के आगे रखे जाने लगे, जो विभक्तियाँ नहीं हैं। क्रियापदों में मार्जन हुआ।"[2] इस प्रकार लोकभाषा की परम्परा के रूप में आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं को अपनी परम्परागत शृंखला से जोड़ने वाली भाषा का नाम अपभ्रंश है। परम्परा के रूप में ईसा की तीसरी शताब्दी के लगभग यह बोली ऐसे साँचे में ढलने लगी थी, जो निय प्राकृत के अधिक निकट थी और जिस से अपभ्रंश के नवीन नाम-रूपों का विकास हुआ। वस्तुतः यह प्राकृतों की वह अन्तिम अवस्था कही जाती है, जो प्राकृतों की तीसरी भूमिका (साहित्यिक प्राकृत) के अनन्तर साहित्य की भाषा के रूप में देशी भाषाओं से मिश्रित परिलक्षित होती है। यह जनबोली की अपेक्षा काव्य की भाषा अधिक है। किन्तु जिन वैयाकरणों ने तथा विद्वानों ने प्राकृत को ही अपभ्रंश माना है, उन्होंने अवश्य भूल की है।

प्राकृत अपभ्रंश नहीं है

यद्यपि भाषा के क्रमिक विकास को समझाने के लिए यह कहा जा सकता है कि अपभ्रंश प्राकृतों की अन्तिम अवस्था है, किन्तु स्वरूप की दृष्टि से अपभ्रंश आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की वह पूर्ववर्ती अवस्था है, जिस में से समस्त आधुनिक आर्य-भाषाओं को अपनी स्थिति का निर्माण करना पड़ा था। अपभ्रंश प्राकृतों की उस

---

१. हिमवत्सिन्धुसौवीरान् ये जनाः समुपाश्रिताः।
उकारबहुला तज्ज्ञस्तेपु भाषां प्रयोजयेत्॥ नाट्यशास्त्र, १७, ६२।

२. गुलेरी, पं० चन्द्रधर शर्मा : पुरानी हिन्दी, प्रथम संस्करण, पृ० ८।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्थिति से विकसित नहीं हुई, जिस में प्राकृत का साहित्य लिखा गया। यह बात अलग है कि आगे चल कर अपभ्रंश की वही स्थिति हुई, जो साहित्य की भाषा में बँध कर कृत्रिम हो जाने पर प्राकृत को हुई थी। किन्तु भाषा-सम्बन्धी यह स्थिति अधिकतर मध्यकाल की रही है। मध्यकाल में (लगभग दसवीं से चौदहवीं शताब्दी के मध्य) प्राकृत तथा अपभ्रंश—दोनों के ही साहित्य पर संस्कृत का प्रभाव रहा है। अतएव साहित्यिक शैलियों के अनुरूप संस्कृत के पदविन्यास, शब्द-योजना तथा समस्त पदावली का अपभ्रंश साहित्य पर प्रभाव लक्षित होता है। परन्तु प्राकृत की भाँति अपभ्रंश का आदर्श संस्कृत नहीं थी। बारहवीं शताब्दी के प्रसिद्ध संस्कृत-साहित्य समालोचक वाग्भट का स्पष्ट कथन है कि अपभ्रंश विभिन्न प्रदेशों में बोली जाने वाली ठेठ बोली है।[1] अतएव अपभ्रंश प्राकृत की विभाषाओं से विकसित मानी जा सकती है, किन्तु प्राकृत ही अपभ्रंश है अथवा प्राकृत से ही अपभ्रंश का जन्म हुआ है, कहना उचित नहीं है। क्योंकि वैदिक और अवेस्ता भाषा की कुछ विशेषताएँ पालि और प्राकृत में ही नहीं, अपभ्रंश में भी मिलती हैं।[2] दूसरे विभक्तियों में ही नहीं, प्रत्यय और परसर्गों में भी प्राकृत से अपभ्रंश में स्पष्ट अन्तर परिलक्षित होता है। अपभ्रंश में देशी रूपों की बहुलता है। 'य' श्रुति भी विशेष रूप से अपभ्रंश में मिलती है। उस में व्यंजनलोप की प्रक्रिया भी विशेष रूप से लक्षित होती है। यही नहीं, अपभ्रंश पर आर्येतर भाषाओं का प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है। अतएव डॉ. कीथ की यह मान्यता कि अपभ्रंश प्राकृत की जनबोलियों से भिन्न नहीं है, निरापद नहीं है। वस्तुतः वैदिक युग में भी जनबोलियाँ थीं, इस का प्रमाण अपभ्रंश में मिलता है।[3] फिर आ. रुद्रट का यह कथन 'प्राकृतमेवापभ्रंशः' प्राकृत की उस प्राचीन परम्परा का निर्देश करता है, जो कालान्तर में महाराष्ट्री प्राकृत के आदर्श रूप में प्रतिष्ठित हो गयी थी। और फिर देशी भाषाओं की दृष्टि से उन्होंने अपभ्रंश को प्राकृत कहा है। क्योंकि संस्कृत को छोड़ कर सभी देशी भाषाएँ प्राकृत नाम से अभिहित की गयी हैं। मराठी का प्राचीन साहित्य इसी प्राकृत भाषा (देशी या अपभ्रंश) में लिखा गया है।[4] हिन्दी में भी यह परम्परा गोस्वामी तुलसीदास तक अविच्छिन्न रूप से प्रवाहित परिलक्षित होती है। तुलसीदास जी के समय तक प्राकृत-अपभ्रंश आदि भाषा या भाखा समझी जाती थी। प्राकृत से उन का अभिप्राय प्रादेशिक भाषा से प्रतीत होता है।[5] अपनी

---

१. अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्। वाग्भटालंकार, १ अ०।
२. डॉ० देवेन्द्रकुमार शास्त्री—भविसयत्तकहा तथा अपभ्रंश-कथाकाव्य, पृ० ४-६।
३. भारत का भाषा-सर्वेक्षण, पृ० २४६।
४. आतां संस्कृता अथवा प्राकृता।
भाषा जाली जे हरिकथा ॥—एकनाथ
तथा—प्राकृत लोक न जाणति मूल, उगेंच इला कथितातो सवाई।—मराठी छन्द से उद्धृत।
५. जे प्राकृत कवि परम सयाने, भाषा जिन्ह हरिचरित बखाने।—रामचरितमानस, बालकांड
भाषा भनिति भोरि मति मोरी, हंसिवे जोग हंसें नहिं खोरी।—वहीं, बालकांड।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाषा को उन्होंने ग्राम्यगिरा भी कहा है। आ. वाग्भट और हेमचन्द्र ने भी अपभ्रंश का उल्लेख ग्राम्य भाषा के रूप में किया है। संक्षेप में, पं. चन्द्रधरशर्मा गुलेरी जिसे पुरानी हिन्दी कहते हैं, डॉ. एल. पी. टेस्सिटरी जिसे पुरानी राजस्थानी कहते हैं और गुजराती जिसे जूनी गुजराती तथा वंग एवं मिथिलावासी जिसे अपनी पुरानी भाषा कहते हैं, वस्तुतः वह अपभ्रंश है। यह अपभ्रंश लगभग सभी भारतीय आर्यभाषाओं की जननी कही गयी है। डॉ. टेस्सिटरी के विचारों में—"तथ्य यह है कि जिस भाषा को मैं 'प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी' नाम से पुकारता हूँ, उस में वे सभी तत्त्व हैं जो गुजराती के साथ-साथ मारवाड़ी के उद्भव के सूचक हैं और इस तरह वह भाषा स्पष्टतः इन दोनों की सम्मिलित माँ है। यह बहुत पहले ही स्वीकार किया जा चुका है कि गुजराती और मारवाड़ी एक ही उद्गमस्थल शौरसेन अपभ्रंश से उत्पन्न हुई हैं।"[1] इस प्रकार यह अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग नाम से अभिहित होती रही है। यह आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के विकास के लिए एक सामान्य भूमिका रही है।

अपभ्रंश और देशी

भारत में जनभाषा में लिखित साहित्य की भाषा को देशी कहने का प्रचलन प्राचीन प्रतीत होता है। प्राकृत युग में इस का विशेष प्रचार था। पादलिप्तसूरि (पाँचवीं शती) ने प्राकृत में निबद्ध तरंगवइ की भाषा को देशी कहा है। इस कथा में देशी वचनों की प्रचुरता परिलक्षित होती है। उद्योतनसूरि (आठवीं शती) ने महाराष्ट्री प्राकृत में निबद्ध 'कुवलयमालाकहा' को देशी कहा है। विभिन्न देशी भाषाओं का परिचय भी दिया है। कथा का कुछ अंश संस्कृत में और कुछ अपभ्रंश में भी लिखित मिलता है। इन के अतिरिक्त जनबोलियों के अनेक शब्दों का प्रयोग इस कथा में लक्षित होता है। इसी प्रकार कोऊहल ने महाराष्ट्री प्राकृत में लिखित 'लीलावइकहा' की भाषा को महाराष्ट्र की देशी भाषा कहा है। ग्यारहवीं-बारहवीं शती की रचना पं. दामोदर कृत 'उक्तिव्यक्तिप्रकरण' की भाषा को डॉ. चटर्जी प्राचीन कोसल देश की बोली कोसली मानते हैं।[2] लेखक ने ग्रन्थ की भाषा को अपभ्रंश कहा है और अपभ्रंश से उस का अभिप्राय आम जनता की बोली से है। जिस बोली का प्रत्येक प्रदेश में नीच जन तक व्यवहार करते हैं, वह अपभ्रंश भाषा है।[3] इस से स्पष्ट है कि अपभ्रंश एक प्रकार से लोकभाषा के सामान्य रूप में शताब्दियों तक बोली जाती रही है। और बोलचाल की अवस्था में प्राकृत की भाँति देशी नाम से प्रचलित

---

१. टेस्सिटरी, डॉ. एल. पी. : अनु. नामवरसिंह : पुरानी राजस्थानी, द्वितीय संस्करण, पृ० ४।

२. दामोदर, पण्डित, सम्पादक—डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी : उक्तिव्यक्तिप्रकरण की प्रस्तावना, पृ. ६।

३. देशे देशे लोको वक्ति गिरा भ्रष्टया यया किंचित्।
सा तत्रैव हि संस्कृतरचिता वाच्यत्वमायाति ॥—उक्तिव्यक्तिप्रकरण, ६।
—प्रतिदेशभिन्ना येयं सर्वजनसाधारणा भाषा गावी गोणी प्रभृतिका सोऽपभ्रंश उच्यते।
ततो देशे देशे प्रतिविषयं लोकः पामरजनो यया यया गिरापभ्रष्टया यद् किंचिदभिधेयं वस्तु वक्ति व्यवहरति सापभ्रंशभाषा।—वहीं, टीका।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रही है। साधुसुन्दरगणि के 'उक्तिरत्नाकर' में मुख्य रूप से देशी शब्दों का संग्रह मिलता है। अतएव सामान्य रूप से प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषा में लिखित रचनाओं को देशी कहा गया है। आ. हेमचन्द्र ने स्पष्ट रूप से प्राकृत भाषाविशेष को देशी कहा है।[1] वास्तव में हमारे विचार में देशी भाषाओं में लिखा गया साहित्य लोक-साहित्य था, जो अपनी प्रादेशिक बोली तथा परम्परा में रचा गया था। किन्तु संस्कृत-साहित्य के अनुकरण पर परवर्ती काल में जो भी काव्य लिखे गये उन की भाषा ठेठ बोली नहीं रह सकी, उन में कृत्रिमता तथा शास्त्रीयता का मोह परिव्याप्त है। अतएव क्षेत्रीय भाषा को आधार मान कर जिस किसी भी भाषा में लिखी गयी रचना को देशी कहा गया है, और इस लिए अपभ्रंश के अधिकतर कवियों ने अपनी भाषा को देशी कहा है। महाकवि स्वयम्भू का कथन है कि यह रचना संस्कृत तथा प्राकृत रूपी पुलिनों से अलंकृत एवं देशी भाषा के दो तटों से उज्ज्वल है।[2] पुष्पदन्त अपनी नम्रता प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि न तो मैं छन्दशास्त्र के नियमों को भली भाँति जानता हूँ और न विचक्षण तथा देशी भाषा का ही जानकार हूँ।[3] पद्मदेव, लक्ष्मण तथा अन्य अपभ्रंश के कवि भी अपने काव्य की भाषा का परिचय देशी कह कर देते हैं। लाखू ने भी देशी भाषा का निर्देश किया है।[4] अपभ्रंश के कवि या तो अपनी भाषा को देशी कहते हैं या फिर भाषा। उन्होंने अपने काव्य की भाषा को अपभ्रंश नहीं कहा। अपभ्रंश नाम वैयाकरणों का दिया हुआ है। संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश ये तीनों ही नाम वैयाकरणों के गढ़े हुए जान पड़ते हैं। क्योंकि वाल्मीकि और पाणिनि के समय में संस्कृत भाषा मात्र थी। अपभ्रंश के कवियों में से केवल स्वयम्भू और पुष्पदन्त ने देशी भाषा के अतिरिक्त 'अवहंस' शब्द का प्रयोग भी किया है।[5] उन के अवहंस कहने से यह स्पष्ट हो जाता है कि देशी भाषा की काव्य-परम्परा ही आगे चल कर अपभ्रंश कहलायी। क्योंकि उन्होंने जिस देशी भाषा में रचना करने का उल्लेख किया है, उसी के लिए अन्य प्रकरण में 'अवहंस' शब्द का निर्देश किया है। इस शब्द का प्राचीन उल्लेख ही नहीं, विवरण भी कुवलयमालाकथा में प्राप्त होता है। अपभ्रंश के सम्बन्ध में कवि उद्योतनसूरि का कथन है कि यह वह भाषा है, जिस में संस्कृत-प्राकृत के शुद्धाशुद्ध पदों का मिश्रित रूप मिलता है और जो नवीन वर्षाकालीन जलद के प्रपात से पूर द्वारा प्लावित पहाड़ी नदी के वेग के समान सम-विषमता

---

१. देसविसेसपसिद्धीह भण्णमाण अणन्तया हुन्ति।
तम्हा अणाइपाइअपयट्टभासाविसेसओ देसी ॥—देशीनाममाला, १, ४।

२. सक्कयपायय पुलिणालंकिय देसीभासा उभय तडुज्जल।—पउमचरिउ १, २, ३-४।

३. ण हउं होमि वियक्खणु ण मुणमि लक्खणु छंदु देसि ण वियाणमि।—महापुराण, १, ८, १०।

४. देसभास लक्खण ण तक्कओ, मुणमि णेव आयमहिं गुरुक्कओ।—जिणयत्तचरिउ, १ सं०, ६।

५. जो पाउअस्स सारो तस्स मए लक्खलक्खणं सिट्ठं।
एत्ताहे अवहंसे साहिज्जंतं णिसामेह ॥—स्वयम्भूछन्द, ४, १।
तथा—सक्कउ पायउ पुण अवहंसउ, वित्तउ उप्पाइउ सपसंसउ। महापुराण, ५, १८, ६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

से समन्वित मानवती प्रणयिनी के वार्तालाप की भाँति सरस तथा सुन्दर है।[1] अतएव देशी भाषा भी महत्त्वपूर्ण रही है। विद्यापति उल्लसित हो कर कहते हैं—'देसिल बअना सब जन मिट्ठा'—अर्थात् देशी वचन सभी को मीठे लगते हैं। वस्तुतः मधुरता ही देशी भाषा की पहचान है। जैन वाङ्मय तथा कुवलयमालाकहा के अध्ययन से विदित होता है कि इस देश में मुख्य रूप से अठारह देशी भाषाएँ प्रचलित रही हैं। श्री एल. बी. गान्धी तथा डॉ. जैन देशी भाषा और अपभ्रंश को एक ही मानते हैं, किन्तु परममित्र शास्त्री उन से सहमत नहीं हैं। उन का यह कथन है कि प्राकृत और अपभ्रंश के कवियों ने अपने काव्य को देशभाषा यानी जनभाषा के रूप में प्रयुक्त किया है। अपभ्रंश जनभाषा के बहुत निकट है। इस के साहित्य में देशी शब्दों की प्रधानता है, किन्तु देश भाषा और अपभ्रंश भाषा एक ही नहीं है।[2] डा. शास्त्री के इन विचारों की व्याख्या करना आवश्यक है। यथार्थ में अपभ्रंश के प्रारम्भिक कवि प्राकृत की परम्परा का अनुकरण करते आ रहे थे। प्राकृत में अपनी रचना को 'देशी' कहना रूढ़ हो गया था। यद्यपि उन पर देशी भाषाओं का प्रभाव रहा है, किन्तु वे ठीक से किसी जनबोली का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। तरंगवइ, लीलावइ तथा कुवलयमालाकथा आदि से स्पष्ट हो जाता है कि उन के युग में विभिन्न देशी भाषाओं का प्रचलन था, किन्तु काव्यात्मक भाषा प्राकृत, अवहंस या अपभ्रंश उन से भिन्न थी। आम जनता की भाषा के कुछ ही नमूने तथा वाक्यगत प्रयोग हमें साहित्य में मिलते हैं। अतएव इस साहित्य को लोक-साहित्य कहने का अभिप्राय यही है कि प्रान्त विशेष की भाषा के आधार पर अपभ्रंश का साहित्य लिखा गया, जो लोक-जीवन की विभिन्न प्रवृत्तियों से समन्वित है और जिस में देशी परम्परा का पूर्ण योग है। परन्तु उन में कोई भी रचना किसी प्रान्त विशेष की ठेठ बोली में नहीं लिखा गया। भारतीय साहित्य की यह परम्परा है कि वह पूरी तरह से किसी शुद्ध बोली मे लिखित नहीं मिलता है। यहाँ तक कि हिन्दी में जो अवध या ब्रज की भाषा में रचनाएँ लिखी गयीं, उन पर इतर आर्यभाषाओं का प्रभाव परिलक्षित होता है। केवल इसी अर्थ में अपभ्रंश देशी से भिन्न है। किन्तु सामान्य रूप से अवधी भाषा में लिखे गये 'रामचरितमानस' की भाँति अपभ्रंश के काव्य भी देशी भाषा के काव्य हैं। इन की परम्परा आज भी लोक-साहित्य में अक्षुण्ण है। अपभ्रंश-साहित्य में गीति, चर्यापद, रास एवं चर्चरी तथा फागु आदि ऐसी रचनाएँ भी मिलती हैं, जो सरल भाषा में जनभाषा में लिखी गयी हैं। कुवलयमालाकथा में भी 'चर्चरीरास' तथा विभिन्न ग्रामीण संवाद देशी परम्परा के ही सूचक हैं। वास्तव में अपभ्रंश भाषा तथा उस के साहित्य में ग्रामीण तथा साहित्यिक दोनों ही परम्पराएँ

---

१. ता किं अवहंसं होहइ ? हूं तंपि णो जेण सक्कअ-पाय उभयसुद्धासुद्ध पयसमतरंगरंगंतवग्गिरं णव पाउसजलयपवाहपूरपव्वालिय गिरिणइसरिसं समविसमं पणयकुवियपियपणइणी समुल्लावसरिसं मनोहरं।—कुवलयमालाकहा

२. डॉ. परममित्र शास्त्री—अपभ्रंश और देशी, नागरीप्रचारिणी-पत्रिका, वर्ष ६६, अंक १-२, पृ० ७६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उपलब्ध होती हैं। वाग्भट तथा आ. हेमचन्द्र आदि ग्राम्यभाषा का उल्लेख करते हैं। नमिसाधु तो यहाँ तक कहते हैं कि कुछ लोग उपनागर, आभीर और ग्राम्यभेद से अपभ्रंश के तीन प्रकार मानते हैं, किन्तु देशभेद से उस के अनेक भेद हैं।[1] वस्तुतः ये अनेक भेद जनपदीय बोलियों को छोड़ कर अन्य नहीं हैं। पं. हरगोविन्ददास जी का यह मत ऐतिहासिक अध्ययन से भी प्रमाणित होता है कि पंजाब और मध्य देश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशी शब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशी शब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।[2] इस का यह भी अर्थ नहीं है, जैसा कि कुछ विद्वान् समझते हैं कि प्राकृत और देशी एक है, पर अपभ्रंश और देशी भिन्न है। वस्तुतः देशी कथ्य भाषा का वाचक शब्द है, किन्तु प्राकृत तथा अपभ्रंश शब्द साहित्य-पद के लिए रूढ़ हो जाने के कारण कालान्तर में भिन्न अर्थ के वाचक हो गये। अतएव देशी शब्द आज जिस रूढ़ अर्थ में हमारे सामने है, उस से यह निश्चित हो जाता है कि अपभ्रंश को रिक्थ के रूप में देशी भाषा यानी जनबोली का आधार अविच्छिन्न रूप से प्राप्त हुआ है। फिर, शास्त्री जी का यह कथन उचित ही है कि गोस्वामी तुलसीदास ने भी मानस को भाषा को 'भाषा' कह कर पुकारा है। अतः देशी या देश भाषा का प्रयोग समसामयिक भाषा काव्य के लिए प्रयुक्त हुआ है।[3] मराठी भाषा के आदि कवि मुकुन्दराज (११२८-११९२ ई.) ने भी देशी भाषा में रचना की है। उन का कथन है[4]—यदि कल्पतरु के फल घर के ही झाड़ में फलें तो फिर कौन उन्हें ग्रहण नहीं करेगा? भाषा चाहे देशी हो या मराठी, यदि उस में उपनिषद् का तत्त्व हो तो उसे हम गाँठ में क्यों न बाँधें? रंगनाथ या नाथमुनि (सं. ८२४-९२४ ई.) ने आलवारों के उपदेश के प्रचार के लिए देशी भाषाओं में गायन का प्रबन्ध कराया था। रामानन्द, एकनाथ आदि अन्य भारतीय सन्तों ने अपनी बानियों की रचना देशी भाषाओं में की थी। कबीरदास जी ने स्पष्ट ही कहा है—
"कबिरा संसकरत कूपजल भाखा बहता नीर।"

वस्तुतः प्रत्येक जीवित भाषा के लिए कोई न कोई आकर भाषा होती है। यूरोप की भाषाओं के लिए ग्रीक और लेटिन आकर भाषाएँ हैं। अतएव शेक्सपियर की भाषा में बहुत-से ग्रीक और लेटिन शब्द पाये जाते हैं। उर्दू के लिए अरबी आकर भाषा है। इसी प्रकार आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के लिए संस्कृत आकर भाषा है।

---

१. काव्यालंकारटीका, २, १२।
२. पाइअ—सद्द-महण्णवो, प्रथम संस्करण का उपोद्घात, पृ० २१।
३. नागरीप्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ६६, अंक १-२, पृ० ७६।
४. कल्पतरुचेनि पाड़ें। जरी फलती घरची झाड़ें॥
तरी तिये आवडीचेनि कोडें। न लावावी कां॥
देशी हो का महाठी। परी उपनिषदाचो च राहाटी॥
तरी हा अर्थु जी बाचिया गांठी। कां न बांधावा॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परन्तु संस्कृत इन भाषाओं की उद्गमस्रोत नहीं है। सम्भव है कि आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं में संस्कृत के पचास प्रति शत शब्द मिलते हों अथवा तत्सम शब्दों का समावेश हो, किन्तु लगभग उतने ही तद्भव तथा देशज शब्द भी उन में पाये जाते हैं। व्यवहार में सिक्कों के चलन की भाँति भाषा में शब्द चलते हैं। इस लिए नये शब्द उन सिक्कों की भाँति होते हैं, जो पुराने सिक्कों को चलन के बाहर कर देते हैं। ऐसे शब्दों के सिक्के भाषा-शास्त्र में 'तद्भव' कहे जाते हैं। किन्तु देशज शब्द बिलकुल नये 'करेन्सी नोट' की भाँति होते हैं। इन की संख्या दिनोंदिन बढ़ती रहती है। डॉ. चटर्जी के शब्दों में—"आर्य-भाषा का इतिहास ज्यों-ज्यों आगे बढ़ता जाता है, त्यों-त्यों इन अनुकार-शब्दों की बढ़ती हुई संख्या भी द्रष्टव्य बनती जाती है। देशीनाममाला में कुछ अनुकार-शब्द हैं। द्राविड़ तथा निषाद (आस्ट्रिक) दोनों भाषाओं के अनुकार शब्द उन का एक बहुत महत्त्वपूर्ण भाग है।"[1] यह ज्ञात हो जाने पर कि देशी शब्द किसी भी भाषा में आगत एवं प्रयुक्त बिलकुल नवीन शब्द हैं, एक प्रश्न उत्पन्न होता है कि ये देशी शब्द कहाँ से आये? आ. हेमचन्द्र का कथन है कि जो शब्दशास्त्र के अनुसार प्रकृति, प्रत्यय आदि के संयोग से निष्पन्न नहीं होते तथा संस्कृत के शब्द-कोशों में अप्रसिद्ध हैं, पर अन्य लक्षणकारों के द्वारा प्रतिपादित शक्तिसम्पन्न हैं वे इस देशी शब्दसंग्रह में निबद्ध हैं।[2] वस्तुतः उन का यह लक्षण एकदेशीय है। अतएव देशीनाममाला में कुछ शब्द ऐसे भी मिलते हैं, जो संस्कृत शब्दों से व्युत्पन्न कहे जाते हैं। किन्तु अधिकतर शब्द ऐसे हैं, जिन की व्युत्पत्ति का अनुमान संस्कृत से नहीं होता। भारतवर्ष में संस्कृत और प्राकृत के दोनों प्रकार के शब्द प्रसिद्ध रहे हैं। संस्कृत में शिष्ट वर्ग के शब्द हैं और प्राकृत में जनसामान्य के। प्रसिद्ध भाषावैज्ञानिक बीम्स के अनुसार भले ही इन शब्दों का प्रयोग साहित्य में न किया गया हो, किन्तु जनता की बोलियों में ये सदा प्रयुक्त होते रहे हैं।[3] इस लिए सम्भव है कि देशीनाममाला में तद्भव शब्द भी देशी की कोटि में कहीं-कहीं मान लिये गये हों, किन्तु अधिकतर देशी शब्द प्राकृत तथा भारोपीय एवं द्राविड़ी बोलियों में प्रचलित रहे हैं। इस लिए द्रविड़ भाषाओं में देशी शब्द उन के शब्दकोशों में अधिगृहीत हैं तथा वे उन का एक अंग हैं।[4] देशीनाममाला में संगृहीत शब्दों में से अनेक कनड़ो, तमिल आदि द्रविड़ भाषाओं के शब्द हैं।[5]

---

१. चाटुर्ज्या, डॉ. सुनोतिकुमार : भारतोय आर्यभाषा और हिन्दी, पृ० ११०।

२. जे लक्खणे ण सिद्धा ण पसिद्धा सक्कयाहिहाणेसु।
ण य गउणलक्खणासत्तिसंभवा ते इह णिबद्धा॥ देशीनाममाला, १, ३।

३. बीम्स, जॉन : कम्पेरेटिव ग्रामर ऑव माडर्न आर्यन लैंग्वेजेज ऑव इण्डिया, १८७२, पृ० २४, प्रथम जिल्द।

४. रामानुजस्वामी, पी. वी. : देशीनाममाला, १९३८, इन्ट्रोडक्शन १, पृ० १०।

५. देखिए, 'इण्डियन एन्टिक्वेरी' जिल्द १६, पृ० ३३-३६ में प्रकाशित के. अमृत रो का 'द्राविडियन एलीमेन्ट इन प्राकृत' शीर्षक लेख। तथा—डॉ. ए. एन. उपाध्ये का 'कनारीज वर्ड्स इन देशी लेक्सीकन्स' शीर्षक लेख, प्रकाशित 'एनल्स ऑव द भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट', जिल्द १२, पृ० २७७-८४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अतएव निश्चय ही देशी शब्द संस्कृत से भिन्न भारतीय आर्येतर प्रजाओं के शब्द हैं, जो संस्कृत के किसी भी शब्दकोश में नहीं मिलते। और जो शब्द मिलते भी हैं वे भिन्न अर्थ में परिलक्षित होते हैं। देशी शब्दकोशों में ही नहीं, अपभ्रंश के काव्य-साहित्य में उधार लिये गये शब्द दिखाई पड़ते हैं। आर्येतर भाषाओं के अनेक शब्द अपभ्रंश-साहित्य में घुल-मिल गये हैं। उदाहरण के लिए अक्का, अप्पा, कडप्प, कुड़, कुड़व तथा कुरुल आदि शब्द लिये जा सकते हैं। श्री रत्न एन. श्रियन ने ऐसे ४६ शब्दों की लम्बी सूची सप्रमाण प्रकाशित की है, जिस में कनड़ी, तमिल, तेलुगु तथा तुलु आदि में पाये जाने वाले शब्द सम्मिलित हैं।[१] यही नहीं, उन्होंने देशी शब्दों की चार श्रेणियाँ निर्धारित की हैं। ये चार श्रेणियाँ हैं : (१) देश्य-देशीसम शब्द, (२) अनुकरण-मूलक शब्द, (३) विदेशी ऋण शब्द और (४) शुद्ध देशी शब्द। अतएव यह कहना भ्रमपूर्ण है कि संगृहीत देशी शब्दों में जन बोलियों के ठेठ शब्द नहीं मिलते। श्री एस. एन. घोषाल के अनुसार ग्रियर्सन और उन के मानने वालों ने अपभ्रंशों को ठेठ बोलियाँ माना है, जिन का जन्म बोलचाल की प्राकृतों से हुआ और जिन का व्याकरणिक रूप तथा संघटन भी प्राकृत बोलियों से बना। उन की अपेक्षा नाटकों की प्राकृत कुछ साहित्यिक रूपों में मिलती है। अपभ्रंश ने साहित्य का स्थान छठी शताब्दी में प्राप्त किया।[२] अतएव यह निश्चित है कि छठी शताब्दी तक अपभ्रंश वर्नाक्युलर (देशीय या प्राकृत) भाषा रही है। इस के प्रमाण भरतमुनि के नाट्य-शास्त्र के 'मोरल्लउ नच्चंतउ' तथा अन्य निर्देशों से ले कर 'स्वयम्भूच्छन्द' तक बराबर मिलते हैं। स्वयम्भू ने आर्यदेव की रचना का एक उदाहरण दिया है :

काइं करउं हउं माए। पिउ ण गणइ लग्गी पाए।
मण्णु धरंतेहो जाइ। कढिण उत्तरंग भणाइ॥

इस की ब्रजभाषा से तुलना कीजिए—का करौं हौं माइ, पिउ न गणै लागी पाए। राजस्थानी में तो आज भी बोल-चाल में 'पाए लागी', 'पिउ न गणै', 'काइं करउं' आदि प्रयोग प्रचलित हैं। अपभ्रंश की परवर्ती रचनाओं में विभिन्न बोलियों के स्पष्ट उदाहरण मिलते हैं। अतएव इस से इनकार नहीं किया जा सकता कि अपभ्रंश जन-बोलियों के रूप में नहीं मिलती। फिर, यह कहना कि अपभ्रंश और देशी भिन्न-भिन्न हैं, उचित नहीं जान पड़ता। डॉ. सिंह ने डॉ. जैन के विचारों का समर्थन करते हुए कहा है[3]—इन का कथन सत्य है, पर अपभ्रंश को देशी मानने के काल की भी एक अवधि है। चौदहवीं शती के आस-पास एक बार फिर भाषा को देशी, ग्रामगिरा आदि कहने का जोर बढ़ा। विद्यापति के अतिरिक्त महाराष्ट्री कवि ज्ञानेश्वर ने भी कहा :

१. 'भारतीय विद्या' जिल्द २५, अंक १-२ में प्रकाशित रत्न एन. श्रियन का 'सम फारन लोन वर्ड्स इन पुष्पदन्ता'ज अपभ्रंश' शीर्षक लेख।
२. इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टरली, जिल्द ३०, सं० ३ में प्रकाशित 'अपभ्रंश एण्ड पोस्ट अपभ्रंश फीचर्स इन द अर्ली प्राकृत्स', पृ० २४५-६३।
३. सिंह, डॉ. शिवप्रसाद : कीर्तिलता और अवहट्ठ भाषा, पृ० ४३।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

"अम्हो प्राकृते देशीकारे बन्धे गीता।"

और इस लिए ज्ञानेश्वरी में परवर्ती अपभ्रंश-रूपों की बहुलता होने पर भी वह मराठी है। सम्पूर्ण महानुभाव सम्प्रदाय के साहित्य के सम्बन्ध में भी यही कहा जा सकता है, जो कि प्राचीन मराठी में लिखा गया कहा जाता है। वस्तुतः जनबोली के आधार पर लिखी गयी किसी भी रचना को देशीय या प्राकृत कहने की प्रथा हमें पाँचवीं शताब्दी से मिलने लगती है। और यह धारा लगातार दसवीं शताब्दी तक चलती है। बीच की कुछ शताब्दियों में अवश्य पुष्पदन्त के समय से लगभग दसवीं शताब्दी से अपभ्रंश के रूढ़ हो जाने से अपभ्रंशकवि अपने काव्य की भाषा देशी न कह कर भाषा कहने लगे थे। किन्तु अपभ्रंशों का देशीप्रवाह किसी न किसी रूप में पन्द्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी तक चलता रहा था। अतएव पन्द्रहवीं शती के कवि पं. रयधू की विभिन्न रचनाओं में अत्यन्त सरल भाषा का प्रयोग मिलता है, जो बोल-चाल के निकट है। सिद्धचक्रकथा की ये पंक्तियाँ देखिए :

ता सेट्ठि पयंपइ तहि तुरन्तु, तुहुं वीरु महारउ धम्मपुत्तु।
पें मंग्गहि जीवलु जो फुरइ तोहि, दह सहस तणउ दइ सेट्ठि मोहि॥

उक्त शब्दों में से तुरन्तु, मंग्गहि (माँगना), तोहि (तुझे), दइ (दो), मोहि (मुझे) आदि विभिन्न लोक बोलियों के शब्द हैं। वाक्यगत प्रयोग भी इसी प्रकार के हैं, जैसे :

अमरावइ णं खसि पडिय। तें मग्गिउ वरु णरवइ अभीहु।

अर्थात्—मानो अमरावती खिसक पड़ी हो। उस ने नरपति से अभय वर माँगा। इतना ही नहीं, अपभ्रंश भाषा में बारहवीं शताब्दी के लिखे हुए दो शिलालेख भी मिलते हैं। यद्यपि उन की भाषा शुद्ध अपभ्रंश नहीं है, पर उन में अपभ्रंश-प्रवृत्ति स्पष्ट लक्षित होती है। इन में से एक शिलालेख मध्य प्रदेश के दमोह जिले में हटा तहसील से आठ मील दूर जटाशंकर स्थान से प्राप्त हुआ है। यह शिलालेख नागरी लिपि में लिखा हुआ है, जो बारहवीं शताब्दी के पूर्वार्ध का अनुमानित है।[१] शिलालेख की भाषा अपभ्रंश है। इस के लेखक कवि रल्ह हैं, जो अपभ्रंश के कवि जान पड़ते हैं। अपभ्रंश में रल्ह कवि की लिखी हुई 'जिनदत्तचउपई' मिलती है, जो तेरहवीं शताब्दी की रचना है। शिलालेख मूल रूप में परिशिष्ट के अन्त में दिया जा रहा है। भाषा की जानकारी के लिए एक पंक्ति निम्नांकित है :

सुहकरण चरण तिभुवणहरण सुकवि रल्ह परिसुक्खइ भुंभुकदेव।

इसी प्रकार 'ढोला मारू रा दूहा' में कुछ अपभ्रंश के दोहे मिलते हैं, जो इस प्रकार हैं :

१. जर्नल ऑव इण्डियन हिस्ट्री के जिल्द ६१, भाग ३ में प्रकाशित 'जटाशंकर स्टोन इन्सक्रिप्शन ऑव विजयसिंह' शीर्षक बालचन्द्र जैन का लेख।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जिणि देखैं सज्जण बसइ, तिणि दिसि वज्जउ वाउ ।
उआं लगे मो लग्गसी, ऊही लाख पसाउ ॥
हइ रे जीव निलज तूं, निकस्यू जात न तोहि ।
पिय विछुडत निकस्यउ नहीं, रह्यउं लजावण मोहि ॥३७३॥

इस प्रकार अपभ्रंश एक जनप्रचलित बोली थी, जो परवर्ती काल में साहित्य की माध्यम बनी और जिस में तत्‌युगीन जनवादी प्रवृत्तियाँ मुखरित हुईं । इस का एक प्रमाण यह भी है कि 'शिक्षा' ग्रन्थ में स्वरभक्ति के उच्चारण के सन्दर्भ में जिस भौगोलिक क्षेत्र का उल्लेख क़िया गया है, वह अर्द्धमागधी और अपभ्रंश का क्षेत्र है[1] और सम्भव है कि स्वरभक्ति का प्रसार अपभ्रंश की बोलियों के कारण हुआ हो । आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के अनेक शब्द अपभ्रंश भाषा में मिलते हैं । हिन्दी भाषा की पूर्ण परम्परा आज तक अपभ्रंश भाषा और साहित्य में सुरक्षित है । अपभ्रंश और हिन्दी भाषा को परस्पर जोड़ने वाली कड़ी के रूप में 'अवहट्ठ' का नाम लिया जाता है । अधिक प्रामाणिक और स्पष्ट रूप से अवहट्ठ भाषा के कवि मैथिल-कोकिल विद्यापति कहे जाते हैं । उन्होंने अपनी भाषा को देशी और अवहट्ठ दोनों रूपों में प्रकट किया है । यदि हम शब्द-रूपों की दृष्टि से तुलनात्मक अध्ययन करें तो अपभ्रंश और अवहट्ठ में विशेष अन्तर नहीं दिखाई पड़ेगा ।[2]

अपभ्रंश का एक अन्य शिलालेख टोडाराय कृत 'राउरवेल' है, जो कि लगभग ग्यारहवीं शताब्दी का लिखा हुआ माना जाता है । यह शिलालेख प्रिंस ऑफ़ वेल्स म्यूज़ियम, बम्बई में सुरक्षित है ।

अपभ्रंश और अवहट्ठ

अपभ्रंश के कवियों के उल्लेख से प्रतीत होता है कि 'अवहट्ठ' शब्द का प्रयोग परवर्ती अपभ्रंश के लिए क्रिया गया है, जो परिनिष्ठित अपभ्रंश ढल चली थी और जिस के रूपों में बहुत कुछ परिवर्तन हो चुका था । जिस प्रकार अपभ्रंश के कवि अपशब्दों के प्रति सजग थे और अपशब्दों से भिन्न देशी भाषा का परिचय दे रहे थे उसी प्रकार अवहट्ठ के कवि भी अब्भंस और अवहंस के प्रति सावधान थे तथा उसी स्वर में देशी भाषा का गान कर रहे थे । अधिकतर विद्वान् इस बात से सहमत हैं कि 'कीर्तिलता' की अवहट्ठ भाषा मैथिली अपभ्रंश का ही परवर्ती रूप है । अपभ्रंश के कवि अद्दहमाण (अब्दुलरहमान) नें 'अवहट्ठ' का उल्लेख स्वतन्त्र भाषा के रूप में किया है । वास्तव में डॉ. शिवप्रसाद सिंह का यह कथन उचित जान पड़ता है कि 'हमारे विचार से अवहट्ठ परवर्ती अपभ्रंश का वह रूप है जिस के मूल में परिनिष्ठित

---

१. वर्मा, डॉ. सिद्धेश्वर : द फ़ोनेटिक आब्जर्वेशन्स ऑव इण्डियन ग्रैमेरियन्स, दिल्ली, १९६१, पृ. ५० ।
२. मित्र, कालीपाद : सम नभाषा वर्ड्स फ्रॉम अपभ्रंश, इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टरली के जिल्द २०, सं० ३, सित० १९४४ के अंक में प्रकाशित लेख, पृ. २५१–२७४ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपभ्रंश यानी शौरसेनी है। व्यापक प्रचार के कारण इस में कई रूप दिखाई पड़ते हैं। परवर्ती अपभ्रंश या अवहट्ठ भिन्न-भिन्न स्थानों की क्षेत्रीय भाषाओं से प्रभावित हुआ है।"[१] भाषागत परम्परा मूल में एक है, किन्तु देश, काल-प्रभाव से कुछ परिवर्तन हो जाने के कारण देशी की ही भाँति अवहट्ठ का भी नाम लिया जाने लगा था। डॉ. वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने इसे और भी अधिक स्पष्ट शब्दों में इस प्रकार कहा है—'कीर्तिलता प्राच्य अपभ्रंश का, विशेषतः अवहट्ठ का, रमणीय निदर्शन है। अपभ्रंश की सामान्यतः कालसीमा ईसा की पांचवीं शताब्दी से चौदहवीं शताब्दी तक है। तेरहवीं शताब्दी में ही आधुनिक आर्यभाषाओं का पृथक् अस्तित्व दिखाई देने लगता है। तेरहवीं और चौदहवीं शताब्दी संक्रान्तिकाल है। इस काल में परिनिष्ठित अपभ्रंश का लौकिक भाषाओं के साथ सम्मिश्रण हुआ। इस मिश्रण को ही अवहट्ठ कहा जाता है जैसा विद्यापति ने 'देसिल वयना' इस पद्य में निर्दिष्ट किया है।"[२] कीर्तिलता का निम्नलिखित पद्य परिनिष्ठित अपभ्रंश का उदाहरण माना जाता है :

तिहुअण खेतहि काइं तसु कित्तिवल्लि पसरेइ।
अक्खरखंभारंभ जउ मंचा बंधि न देइ॥

अतएव लोक भाषा में कीर्तिपताका और कीर्तिलता की रचना भले ही मैथिली प्रभावापन्न हो, किन्तु अपभ्रंश से वे सर्वथा अछूती नहीं हैं और यही भाषा-विषयक स्थिति निर्दिष्ट करने के हेतु 'अवहट्ठ' शब्द का प्रयोग किया जाता रहा है। यद्यपि अपभ्रंश के कवियों ने अपनी भाषा को देशी और अवहट्ठ भी कहा है, किन्तु वह एक शैली मात्र है। और यह भी सत्य है कि उन के समय तक भाषा की एक ऐसी अवस्था का जन्म नहीं हुआ था, जिसे वे अपनी परम्परा से कोई अन्य नाम-रूप दे सकते।

डॉ. सुकुमार सेन अवहट्ठ से ब्रजबोली की उत्पत्ति मानते हैं। उन के अनुसार परवर्ती अवहट्ठ ने जिस के ऊपर मैथिली आदि स्थानीय भाषाओं का प्रभाव अवश्य पड़ा था, पन्द्रहवीं तथा सोलहवीं शताब्दी में ब्रजबोली का रूप धारण किया था। सूरदास आदि प्राचीन ब्रजभाषा के कवियों की रचनाएँ जो अहिन्दी शब्द या पद हैं वे इसी प्राचीन अवहट्ठ या प्राचीन ब्रजबोली के हैं। विद्यापति की कीर्तिलता में भी अवहट्ठ और ब्रजबोली का ऐकान्तिक सम्बन्ध पाया जाता है।[३] किन्तु सामान्यतया बुन्देली की दो धाराएँ मध्य युग में प्रचलित रही हैं : प्रथम 'ओकारान्त' की, जो कन्नौजी और ब्रज में भली भांति प्रचलित थी और दूसरी 'उकारान्त' की, जिस का प्रसार बुन्देलखण्ड से ले कर पांचाल प्रदेश तक था। फिर, डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी का यह कथन कि पश्चिमी या शौरसेनी अपभ्रंश गुजरात तथा पश्चिमी पंजाब से ले कर बंगाल तक

---

१. सिंह, डॉ. शिवप्रसाद : कीर्तिलता और अवहट्ठ भाषा, द्वि. सं., १९६४, पृ. ७।
२. श्रीवास्तव, डॉ. वीरेन्द्र : अपभ्रंश भाषा का अध्ययन, १९६५, पृ. २९१।
३. सेन, डॉ. सुकुमार : 'भारतीय साहित्य' में प्रकाशित लेख से उद्धृत, प्रथम अंक, जन. १९५६, पृ. ७७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्भवतः जनबोली के रूप में प्रचलित रही और निश्चित रूप से शिष्ट जनों की भाषा एवं सभी प्रकार के काव्यात्मक रूपों के लिए सर्वथा उपयुक्त भाषा रही है।[1]

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ

अपभ्रंश की विभिन्न बोलियों से आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का जन्म माना जाता है। डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार (१) शौरसेनी से पश्चिमी हिन्दी, नागर अपभ्रंश से राजस्थानी, गुजराती, पहाड़ी बोलियाँ, (२) पैशाची अपभ्रंश से लहंदा और पंजाबी, (३) ब्राचड़ अपभ्रंश से सिन्धी, (४) महाराष्ट्री अपभ्रंश से मराठी, (५) अर्द्धमागधी अपभ्रंश से पूर्वी हिन्दी और (६) मागधी अपभ्रंश से विहारी, बंगाली, उड़िया और असमिया भाषाओं का विकास हुआ है।[2] असमिया में प्राचीन लोकगीतों को छोड़ कर अपभ्रंशमिश्रित प्रथम रचना हेमसरस्वती रचित 'प्रह्लादचरित' मानी जाती है, जो चौदहवीं शताब्दी की रचना कही जाती है। डॉ. सुकुमार सेन का कथन है[3]—'अनुमानतः दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी में पूर्व अंचल की अपभ्रंश के गर्भ से बंगला का जन्म हुआ।' उस समय जनसाधारण की शिक्षा के लिए गणित के नियम एवं सांसारिक अभिज्ञता तथा व्यावहारिक नीतिबोध के सूत्र आदि अपभ्रंश के 'छड़ा' गानों के आकार में ही रचे जाते थे। वे आज भी प्रचलित हैं। गणित के वे 'छड़े' आज 'आर्या' नाम से जाने जाते हैं।[4] बंगला भाषा का प्राचीनतम रूप 'चर्यागीति' में सुरक्षित माना जाता है और चर्यागीति पूर्वी अपभ्रंश का उत्कृष्ट निदर्शन है। डॉ. विरंचिकुमार बरुआ के अनुसार असमिया भाषा का विकास सम्भवतः 'मागधी' या 'गौड़ी' अपभ्रंश से हुआ है।[5] श्री परीक्षित हाजरिका ने अपने शोधपत्र 'द कामरूपी अपभ्रंश' में चर्यापदों को कामरूमी अपभ्रंश में लिखा हुआ माना है और यह मान्यता प्रतिपादित की है कि कामरूपी अपभ्रंश पूर्वी मागधी अपभ्रंश से निकली है। भौगोलिक, जातीय, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक दृष्टि से पूर्वी मागधी दो मुख्य भागों में विभक्त की जा सकती है—गौड़, कामरूपी। कामरूपी संस्कृति किरातों (भीलों) की आदिम संस्कृति पर आधारित है। आदिम कामरूप आर्य तथा अनार्यों का अद्भुत मिश्रण है। कामरूपी अपभ्रंश का समय छठी शताब्दी से बारहवीं शताब्दी के मध्य कहा गया है। कश्मीरी भाषा के प्रथम दर्शन तेरहवीं शताब्दी के कवि शितिकण्ठ के 'महानयप्रकाश' नामक ग्रन्थ में होते हैं। तान्त्रिका अपभ्रंश के निकट है। गुजराती भाषा का आदि काव्यग्रन्थ शालिभद्रसूरि कृत 'भरतेश्वरबाहुबलिरास' बारहवीं शताब्दी की परवर्ती अपभ्रंश की रचना मानी

---

१. चटर्जी, डॉ. सुनीतिकुमार : द ओरिजन एण्ड डेवलपमेन्ट ऑव बेंगाली लैंग्वेज, पृ. १६१।
२. तिवारी, डॉ. भोलानाथ : हिन्दी भाषा, १९६६, पृ० ९५।
३. सेन, डॉ. सुकुमार : भारतीय वाङ्मय, भाग ३, वर्धा, १९५१, पृ० ६।
४. वहीं, पृ० ११।
५. वहीं, पृ० ७१।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गयी है। इसी प्रकार 'रेवन्तगिरिरासो' भी जूनी गुजराती या परवर्ती अपभ्रंश की काव्यरचना है। प्राचीन मराठी के ग्रन्थकारों ने अपनी भाषा के दो नाम दिये हैं—प्राकृत और देशी।[1] मराठी में ऐसे बहुत से शब्द हैं जिन का संस्कृत से सम्बन्ध जोड़ना कठिन है। उदाहरण के लिए कुछ शब्द हैं—डोला, पोट, हाउ, वाट, आई, बाप, ढोरी, थेंब, गवत इत्यादि। इसी प्रकार दिण्डी, ओवी वगैरह छन्द ठेठ देशी माने जाते हैं।[2] पन्द्रहवीं शताब्दी के सन्तोष मुनि नाम के ग्रन्थकार ने कहा है[3]—मागधी और शौरसेनी, पैशाची अपभ्रंश जानो। संस्कृत और प्राकृत ये षट्वाणी, छह भाषा परमानो। इस से जान पड़ता है कि महाराष्ट्र में पन्द्रहवीं शताब्दी तक काव्यभाषा के रूप में अपभ्रंश प्रचलित थी। महाराष्ट्र के महानुभाव सम्प्रदाय के साहित्य में अपभ्रंश भाषा प्राचीन मराठी के रूप में आज तक सुरक्षित है। तुकाराम महाराज के अभंगों में भी अपभ्रंश के शब्दों के नमूने मिलते हैं। जैसे—अखम (अक्षम), आणी (अनी), दिठी (दृष्टि), निकी (नीक), बापुला (बाप), माठ (मन्द), मादला (मादल), तन (तृण), चांग (चांगला), अठरा (अठारह) इत्यादि। पैशाची अपभ्रंश की ही एक शाखा व्राचड़ अपभ्रंश मानी गयी है, जो आज की सिन्धी भाषा की जननी कही जाती है। ऐतिहासिक प्रमाणों से ज्ञात होता है कि मध्य युग में मारवाड़ी (वर्तमान राजस्थानी) और गुजराती, व्रज, कन्नौजी और बुन्देली परस्पर में बहुत कम भिन्न थीं। किन्तु उत्तरवर्ती काल में विभिन्न परिवर्तनों से उन में बहुत अन्तर आ गया। इसी प्रकार व्राचड, चूलिका और कैकय पैशाची भी आरम्भ में एक थीं; परन्तु जातीय जीवन तथा प्रादेशिक भिन्नता एवं संस्कृति की भिन्नता से उन में बहुत अन्तर लक्षित होने लगा है। इन्हें ऐसा ही समझना चाहिए जैसा कि कोंकणी और महाराष्ट्री में भी भेद होते हुए भी मूल में कोई अन्तर नहीं है। इसी प्रकार आज भी हिन्दकी, सिन्धी और कच्छी तीनों ही बोलियाँ कुछ हेर-फेर के साथ लगभग समान हैं। और इन तीनों का ही मूल व्राचड़ अपभ्रंश है।[4] मैकडानल के विचार में सिन्धी ही नहीं, पश्चिमी पंजाबी और कश्मीरी भी अपभ्रंश की इस धारा से विकसित हुई हैं।[5] डॉ. जॉर्ज ग्रियर्सन का यह कथन कि दक्षिण-पूर्व में सिन्धी कच्छी बोली से होती हुई गुजराती में विलीन हो जाती है[6] और यह अपभ्रंश की विकसित अवस्था का प्रतिपादक है। क्योंकि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ ही नहीं, उन का साहित्य भी अपभ्रंश भाषा और साहित्य का अनु-

---

१. ज्ञानेश्वरी, अ. ११, ओ. २२; १०।४४, ४६; १२, १२।
२. भावे, कै० विनायक लक्ष्मण : महाराष्ट्र-सारस्वत, चौथी आवृत्ति, शक १८७३, पृ० ७।
३. वहीं, पृ. १० : 'मागधी आणि शौरसेनी, पिशाच अपभ्रंश जाणी।
संस्कृत प्राकृत या षट्वाणी, आणिकै छपन्न भाषा॥'
४. जैतली, श्री कृष्णचन्द्र टोपणलाल : सिन्धी भाषा का संक्षिप्त परिचय, पृ. ६५।
५. मैकडानल, ए. : ए हिस्ट्री ऑव संस्कृत लिटरेचर, पृ. २७।
६. ग्रियर्सन सर, जॉर्ज अब्राहम (अनु. डॉ. उदयनारायण तिवारी) : भारत का भाषा-सर्वेक्षण, खण्ड १, भाग १, १९५९, प. २६१।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गमन करता है। आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का अधिकतर साहित्य बारहवीं शताब्दी का लिखा हुआ मिलता है। दसवीं शताब्दी की कोई भी रचना अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी है। यदि भाषा के विकास की दृष्टि से विचार किया जाये तो स्पष्ट हो जायेगा कि अपभ्रंश भाषा आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की जननी है। उदाहरण के लिए, अपभ्रंश का एक वाक्य है—'घोडा मारिउ'। हिन्दी में इस के लिए 'घोड़ों ने मारा', पंजाबी में 'घोड़याँ ने कुट्या' और गुजराती में 'घोड़ाओ ए मारथुं' तथा मराठी में 'घोड़यांनी मारिले' एवं सिन्धी में 'घोड़े मारयो' और असमिया में 'घोड़ायेइ मारिले' प्रयोग प्रचलित हैं। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी में 'घोरा मन मारे' और बुन्देलखण्डी में 'घोरन ने मारो' प्रयोग चलते हैं। बंगला में भी 'घोड़ा गुली मेरेछे' प्रयोगों को देखने से स्पष्ट है कि 'घोडा' सभी में अपभ्रंश भाषा का शब्द आज तक प्रचलित है। दक्षिण की भाषाओं की परम्परा अवश्य भिन्न है। जैसे: कुदिर ए तल्लो (मल०), गुर्रमुलुछे कोट्टावड्टा, रचना की दृष्टि से भी वे भिन्न हैं।

अपभ्रंश साहित्य का प्रारम्भिक काल

आधुनिक युग में प्राच्य विद्याओं के उत्तरोत्तर अध्ययन एवं अनुसन्धान से अब यह स्पष्ट हो चुका है कि संस्कृत, प्राकृत की भाँति अपभ्रंश एक स्वतन्त्र भाषा थी और उस में शास्त्रीय परम्परा के स्तर पर साहित्य रचा गया। यद्यपि आज अपभ्रंश का सम्पूर्ण साहित्य उपलब्ध नहीं है, किन्तु जो कुछ प्राप्त हो सका है वह परिमाण में अल्प होने पर भी मूल्य में भारी है। भाषागत शब्द-रूपों की दृष्टि से निय प्राकृतों से ले कर आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं की पूर्व अवस्था तक अपभ्रंश का सतत प्रवाह लक्षित होता है। यद्यपि अपभ्रंश पर प्राकृतों का पानी विशेष रूप से चढ़ता रहा है, किन्तु परवर्ती काल में वह संस्कृत भाषा और साहित्य से भी प्रभावापन्न रही है। वस्तुतः अपभ्रंश भाषा और साहित्य उत्तर मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा और साहित्य की वह शृंखला है, जो एक ओर संस्कृत तथा प्राकृत से सम्बद्ध है तथा दूसरी ओर आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं और उन के साहित्य से सम्पृक्त है। अतएव प्राच्य साहित्य के अध्येताओं और अनुसन्धित्सुओं के लिए इस भाषा और साहित्य का विशेष महत्त्व है।

अपभ्रंश का सर्वप्रथम उल्लेख ई. पू. तृतीय शताब्दी में रचित महर्षि पतंजलि के महाभाष्य में मिलता है। भाष्यकार पतंजलि से ले कर आचार्य हेमचन्द्रसूरि तक सभी संस्कृत वैयाकरणों ने किसी न किसी रूप में अपभ्रंश का उल्लेख किया है। किन्तु उन के विवरण से पता चलता है कि अपभ्रंश उन के समय में एक विकृत (विकसित) भाषा थी। आ. हेमचन्द्र के समय में अवश्य अपभ्रंश एक पूर्ण साहि-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्यिक भाषा छन्द, व्याकरणशास्त्र आदि से समृद्ध हो चुकी थी। अतएव इस दृष्टि से विचार किया जाये तो अपभ्रंश का प्रारम्भिक काल भाष्यकार पतंजलि के समय से मानना चाहिए। किन्तु उन के निर्देशों से यह स्पष्ट नहीं होता कि अपभ्रंश तब तक भाषा का स्थान ग्रहण कर चुकी थी। यथार्थ में भाषा के पद पर आसीन होने के लिए कम से कम दो-तीन सौ वर्षों का समय लगा होगा। अतएव हम यह मान सकते हैं कि लगभग प्रथम शताब्दी के पूर्व तक का काल अपभ्रंश भाषा की रचनागत प्रक्रिया का प्रयोग-काल था। अपभ्रंश तब तक साहित्य की भाषा नहीं बनी थी। इस लिए इसे हम प्रयोग-काल भले ही कह लें, किन्तु अपभ्रंश का 'उकारबहुला' बोली के रूप में प्रथम स्पष्ट उल्लेख भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में मिलता है। नाट्य लोकधर्मी होते हैं। प्रत्येक युग में लिखे जाने वाले नाटकों में पात्रों के अनुसार भाषा का विधान किया जाता रहा है। अतएव संस्कृत के नाटकों में भी संस्कृत के अतिरिक्त प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषाओं का प्रयोग मिलता है। अपभ्रंश शब्द-रूपों की सर्वप्रथम बानगी हमें संस्कृत के नाटकों में मिलती है। अभी इस दृष्टि से संस्कृत नाटकों का मूल्यांकन नहीं किया गया। विविध भारतीय भाषाओं के क्रमिक विकास के अध्ययन की दृष्टि से संस्कृत के प्रारम्भिक नाटक विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। आचार्य भरतमुनि (ई. पू. २००-२०० ई.) के 'मोरल्लउ नच्चन्तउ। महागमे सम्भन्तउ॥' (३२, ६६) से ले कर अश्वघोष के 'सारिपुत्र प्रकरण', भास के 'पंचरात्र', कालिदास के 'विक्रमोर्वशीय' तथा शूद्रक के 'मृच्छकटिक' आदि नाटकों में अपभ्रंश की उकारान्त प्रवृत्ति की छाप स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।[1] संस्कृत नाटकों में उद्धृत प्राकृत-अपभ्रंश तथा अपभ्रंश-मिश्रित संस्कृत-प्राकृत के अध्ययन से स्पष्ट हो जाता है कि अपभ्रंश बहुत पहले से ही बोलचाल की भाषा प्रचलित थी। इसे नाट्यकारों ने 'देशभाषा' के नाम से अभिहित किया था। भरतमुनि का कथन अत्यन्त स्पष्ट है :

> अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देशभाषाविकल्पनम्।
> भाषा चतुर्विधा ज्ञेया दशरूपे प्रयोगतः॥
> संस्कृतं प्राकृतं चैव यत्र पाठ्यं प्रयुज्यते।
> अतिभाषार्यभाषा च जातिभाषा तथैव च॥ १७, २६-२७

भाषा चार प्रकार की कही गयी है—अतिभाषा, आर्यभाषा, जातिभाषा तथा योन्यन्तरी। देवताओं की वाणी को अतिभाषा, राजाओं की बोली को आर्यभाषा, शिष्ट तथा म्लेच्छ लोगों की बोली के भेद से दो प्रकार की जातिभाषा (प्राकृत, संस्कृत), और पशु-पक्षी आदि की बोली को योन्यन्तरी भाषा नाट्यशास्त्र में कहा गया है।[2] सामान्यतः जन-सामान्य प्राकृत का व्यवहार करता था। दरिद्र, अशिक्षित, ऐश्वर्य से प्रमत्त, श्रमण, तपस्वी, भिक्षुक, भागवत, तापस, बालक आदि तथा निम्न वर्ग के लोगों

---

१. विशेष जानकारी के लिए परिशिष्ट द्रष्टव्य है।
२. भरतमुनि : नाट्यशास्त्र, १७, २८-३२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के लिए नाटक में प्राकृत के प्रयोग का विधान है। केवल शिष्ट, वेदपाठी ब्राह्मण, चोक्ष, गणिका तथा शिल्पी आदि के लिए संस्कृत भाषा के प्रयोग का अभिधान है।[1] अन्य तथा सभी शुद्ध जातियों के लिए शौरसेनी भाषा एवं देशी छन्दों तथा भाषा के प्रयोग का निर्देश किया गया है। नाट्य में काव्य के रूप में विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं का उल्लेख किया गया है। मुख्य रूप से सात भाषाओं का निर्देश है—मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या (पूर्वी), शौरसेनी, अर्द्धमागधी, वाल्हीका (पंजाबी ?) और दाक्षिणात्या। निम्नवर्ग के तथा जंगली लोगों की भाषा विभाषा कही गयी है।[2] इस प्रकार भरतमुनि ने 'देश भाषा' और 'विभाषा' के रूप में जिन बोलियों का उल्लेख किया है, वे उस युग की देशी भाषाएँ थीं। उन के द्वारा निर्दिष्ट 'आभीरोक्ति' और 'उकारबहुला' का सम्बन्ध अपभ्रंश से रहा है। अतएव अपभ्रंश का निकास तथा विकास देशी-परम्परा से हुआ है। संस्कृत काव्यों के प्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ के समकालीन लक्ष्मीधर का कथन तो और भी स्पष्ट है। उन के अनुसार अपभ्रंश आभीर आदि बोलियों का निचय है। उस में कहीं-कहीं अपशब्द होने के कारण कवि जन उस का प्रयोग नहीं करते।[3] उक्त तथा अन्य उल्लेखों से स्पष्ट प्रतीत होता है कि अपभ्रंश जन सामान्य की भाषा थी, जो आगे चल कर काव्य की भाषा बन गयी।

अपभ्रंश : काव्यभाषा

अपभ्रंश काव्य की भाषा कब बनी, यह कहना बहुत कठिन है। किन्तु अनुमान यह है कि छठी शताब्दी के लगभग अपभ्रंश में काव्य-रचना होने लगी थी। क्योंकि वलभीनरेश धरसेन द्वितीय के शिलालेख से पता चलता है कि उन के पिता संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश तीनों भाषाओं में प्रबन्ध काव्य रचने में निपुण थे।[4] संस्कृत के छठी शताब्दी के प्रसिद्ध समालोचक भामह ने भी संस्कृत, प्राकृत के साथ अपभ्रंश में काव्य-रचना का विधान किया है।[5] छठी शताब्दी में भाषाकाव्य की रचना होने लगी थी। महाकवि बाणभट्ट ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'हर्षचरित' में प्राकृत के प्रसिद्ध कवि प्रवरसेन के साथ गद्यकार भट्टार हरिचन्द्र का उल्लेख किया है।[6] अतएव सातवीं शताब्दी में भाषाकाव्य की जो परम्परा प्रचलित थी, वही हमें अपभ्रंश की काव्य-रचनाओं में परिलक्षित होती है। और इस के निदर्शन महाकवि स्वयम्भू के 'स्वयम्भूछन्द' में मिलते

---

१. भरत मुनि : नाट्यशास्त्र, १७, ३३-३६।
२. वहीं १७, ४७-५०।
३. अपभ्रंशस्तु भाषा स्यादाभीरादिगिरां चयः।
   कविप्रयोगानर्हत्वान्नापशब्दः स तु क्वचित्॥—षड्भाषाचन्द्रिका, १,३१।
४. इण्डियन एण्टिक्वेरी, भा. १०, अक्तूबर, १८८१, पृ. २८४।
५. भामह : काव्यालंकार, १,१६।
६. पदबन्धोज्ज्वलो हारी कृतवर्णक्रमस्थितिः।
   भट्टारहरिचन्द्रस्य गद्यबन्धो नृपायते॥—हर्षचरित, १.१२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं। अपभ्रंश के प्राचीनतम जिन कवियों का उल्लेख मिलता है उन में गोविन्द और चतुर्मुख विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। यद्यपि उन दोनों महाकवियों की रचनाएँ अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी हैं, किन्तु अपभ्रंश के कई प्राचीन कवियों ने उन की रचनाओं का सादर उल्लेख किया है। कवि गोविन्द ने कृष्णविषयक प्रबन्धकाव्य लिखा था, इस की सूचना महाकवि स्वयम्भू के 'स्वयंभूच्छन्द' से मिलती है।[1] महाकवि स्वयम्भू के अतिरिक्त देवसेनगणि, नयनन्दी तथा धनपाल (पालनपुरवासी) आदि ने गोविन्द कवि का उल्लेख किया है। महाकवि धवल कृत हरिवंशपुराण की आद्य प्रशस्ति से केवल इतना विदित होता है कि गोविन्द श्वेताम्बर जैन थे और उन्होंने सनत्कुमार-चरित नामक मनोहर प्रबन्धकाव्य रचा था।[2] किन्तु अनुमान यह किया जाता है कि वे सौराष्ट्र के निवासी थे और उन्होंने अपभ्रंश भाषा में सनत्कुमारचरित के अतिरिक्त कृष्णकाव्य (हरिवंशविषयक) आदि विषयों पर सुन्दर रचनाएँ रची थीं। गोविन्द की भाँति चतुर्मुख भी महाकवि थे। अपभ्रंश के प्रायः सभी प्रमुख कवियों ने चतुर्मुख का सादर स्मरण किया है। महाकवि धवल ने तो हरिवंशकथा चतुर्मुख के अनुसार ही कही है।[3] कवि हरिषेण, श्रीचन्द्र, धवल, पं. लक्ष्मण, धनपाल, वीर, रइधू तथा महिन्दु आदि ने चतुर्मुख और स्वयम्भू का समान रूप से उल्लेख किया है। महाकवि स्वयम्भू के शब्दों में चतुर्मुख 'पद्धडिया के सम्राट्' थे। अपभ्रंश साहित्य को चतुर्मुख की पद्धडिया छन्द की देन अपूर्व है। अतः महाकवि स्वयम्भू के पूर्ववर्ती कवियों में गोविन्द, चतुर्मुख, गोवर्धन, गोनद, द्रोण आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इन कवियों के उल्लेख से जहाँ अपभ्रंश भाषा और साहित्य की प्राचीनता का पता लगता है, वहीं प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य की महत्त्वपूर्ण कड़ी का परिचय उन की रचनाओं के उपलब्ध न होने से नहीं मिल पाता। परन्तु यह निश्चित है कि महाकवि स्वयम्भू की पूर्ववर्ती परम्परा दीर्घकाल से चली आ रही थी। 'स्वयम्भूच्छन्द' में पूर्ववर्ती जिन अपभ्रंश कवियों की रचनाओं के उद्धरण मिलते हैं उन कवियों के नाम हैं—[4] चतुर्मुख, धूर्त, माउरदेव, धनदेव, आर्यदेव, छइल्ल, गोविन्द, शुद्धशील, जिनदास इत्यादि। इसी प्रकार स्वयम्भू के 'रिट्ठणेमिचरिउ' में भी अपभ्रंश के कतिपय कवियों का नामोल्लेख है। अतएव लगभग दो सौ वर्षों से पूर्व से यह परम्परा आगत प्रतीत होती है। इसी सन्दर्भ में भामह के कथन को ध्यान में रख कर यह निश्चय हो जाता है, कि छठी शताब्दी में अपभ्रंश-काव्यों की रचना होने लगी थी। क्योंकि गोविन्द और चतुर्मुख जैसे महाकवि स्वयम्भू से कई दशकों के पूर्व काव्य-रचना कर चुके थे। अतएव महाकवि स्वयम्भू के लिए वे आदर्श बन सके।

---

१. महाकवि स्वयम्भू : स्वयम्भूच्छन्द ४. १०. २, ४. ११. १।
२. सणकुमार जें विरयउ मणहरु, कइ गोविंद पवरु सेयंबरु।—हरिवंशपुराण १. ३. १६।
३. हरिपंडु सुआणकहा चउमुह वासेहि भासिगा जह यां।—वहीं १. १. २।
४. महाकवि स्वयम्भू : स्वयम्भूच्छन्द ४. २. १-४, १२. १।

४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उक्त विवरण के अतिरिक्त 'कुवलयमालाकहा' के अध्ययन से पता चलता है कि सन् ७७९ ई. में विभिन्न देशी भाषाएँ प्रचलित थीं और संस्कृत के साथ प्राकृत तथा अपभ्रंश में भी काव्य-रचना होती थी। कई स्थलों पर अपभ्रंश के निदर्शन भी कथा में मिलते हैं। उदाहरण के लिए—मध्यदेश में 'तेरे मेरे आउ', मालवा में 'भाउय भइणी तुम्हें' और गुजरात में 'णउ रे भल्लउं' तथा कोशल में 'जल तल ले' आदि जो वचन-व्यवहार प्रचलित था, वह अपभ्रंश से बहुत कुछ साम्य रखता है।[1] यही नहीं, कथा में प्रयुक्त गीत अपभ्रंश की गीति-शैली से रंच मात्र भी भिन्न नहीं जान पड़ते। जैसे :

रणंत लोह संखलं झरंत दाण वेब्भलं
खलंत पाय बंधणं ललंत रज्जु चूलयं।
चलंत कण्ण संखयं फुरंत दीह चामरं
रणंत हार घंटयं गलंत गंडवासयं॥

वस्तुतः कुवलयमालाकहा देशी भाषा में निबद्ध होने के कारण देशी भाषाओं से प्रभावापन्न है। अतएव भाषा सरल प्राकृत होने पर भी अपभ्रंश के निकट है। उदाहरण के लिए—अवि य कच्छिज्जंति गंइदे, पल्लाणिज्जंति तुरंगमे, भारिज्जंति करहे, भरिज्जंति बइल्ले, जुप्पंति रहवरे, जोइज्जंति सयडे, उट्ठाविज्जंति भारिए, संभाविज्जंति जंपाणिए, संभारिज्जंति कम्मयरए, संजमिज्जंति भंडयरे, संवेल्लिज्जंति पडउडीओ, परिहिज्जंति समायोगे, घेप्पंति य सरसरासणझसचक्ककोंतासि णिवहे पक्कलपाइक्कणिवहेणं ति।'

तथा— मारेह खाह पियह य किं वा पढिएण किं व धम्मेण।
एयं चिय चितेंतो भरिऊणं काहलो होइ॥
जो उण गुरुयण सेवी धम्माधम्माइं जाणिउं महइ।
सुय देवय गुरु भत्तो भारिउं सो पंडिओ होइ॥

एवं— हण हण हण त्ति मारे चूरे फालेह लेह लुंपेह।
खर सिंग सद्द हलबोल गब्भिणो धाइओ सद्दो॥
सो णत्थि कोइ देसो भूमि विभायम्मि णेय सो पुरिसो।
जो तत्थ णेय विद्धो अदिट्ठ भिल्लाण भल्लीहिं॥

इस प्रकार संस्कृत के नाटकों से ले कर प्राकृत तथा संस्कृत-साहित्य में अपभ्रंश के बिखरे हुए नमूने मिलते हैं। लोकभाषाओं के साहित्यीकरण की यह प्रवृत्ति हमें ईसा की लगभग दूसरी शताब्दी से दसवीं शताब्दी तक सतत प्रवर्तमान परिलक्षित होती है। अतएव अभिनव गुप्त के तन्त्रसार में भी प्राकृत-अपभ्रंश मिश्रित काव्य-

---

१. विशेष विवरण के लिए परिशिष्ट देखिए।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रचना मिलती है। शैवागम साहित्य में, मराठी के प्राचीन महानुभाव सम्प्रदाय के साहित्य में तथा जूनी गुजराती साहित्य में अपभ्रंश कविता के अच्छे नमूने लक्षित होते हैं।[2] पं. दामोदर कृत 'उक्तिव्यक्तिप्रकरण' में, जो कि ग्यारहवीं-बारहवीं शताब्दी की रचना कही जाती है, कोशली अपभ्रंश भाषा का अच्छा परिचय मिलता है। उदाहरण के लिए :

अंधारीं राति चोरु ढूक
आगि लागें वांस फूट
छूट वाछा भमि भमि कूद
पूत करें वधावें नाच।

इसी प्रकार साधुसुन्दरगणि विरचित 'उक्तिरत्नाकर' में देशी शब्दों का विशेष रूप से संग्रह लक्षित होता है, जिस में अधिकांश अपभ्रंश शब्द हैं। निश्चय ही भारतीय आर्यभाषा का दसवीं शताब्दी का सम्पूर्ण साहित्य किसी न किसी रूप में अपभ्रंश भाषा और साहित्य से प्रभावित तथा अपभ्रंश शब्दावली से आकलित रहा है। यह परम्परा अनवच्छिन्न रूप से गोस्वामी तुलसीदास के 'रामचरितमानस' तक प्रवर्तमान रही है। भाषाविदों का यह कथन इस सन्दर्भ में समुचित प्रतीत होता है कि भारतीय आर्यभाषा के मूर्धन्य वर्ण देशी उत्पत्ति के हैं, क्योंकि द्रविड़ भाषाओं में 'ओं' नहीं होता। और यही कारण है कि वैदिक मूर्धन्य 'ळ' का प्रयोग भले ही लौकिक संस्कृत में न होता हो, पर महाराष्ट्र तथा दक्षिण के परिवारों में आज भी अपने उच्चारण के साथ शुद्ध रूप में प्रचलित है। इस प्रकार देशीकाव्य की परम्परा ईसवी की लगभग तृतीय शताब्दी से प्रारम्भ हुई, अनुमानित है। डॉ. जैन के शब्दों में : "प्राकृत कथा-साहित्य का काल ईसवी सन् की लगभग चौथी शताब्दी से ले कर साधारणतया १६वीं-१७वीं शताब्दी तक चलता है। इस में कथा, उपकथा, अन्तर्कथा, आख्यान, आख्यायिका, उदाहरण, दृष्टान्त, वृत्तान्त और चरित आदि के भेद से कथाओं के अनेक रूप दृष्टिगोचर होते हैं।"[3] लगभग पाँचवीं शताब्दी के अनन्तर ही अपभ्रंश का साहित्य लिखा गया। यद्यपि अपभ्रंश का प्रारम्भिक साहित्य आज उपलब्ध नहीं है, किन्तु प्राकृत की परम्परा में होने पर भी अनुमान यह किया जाता है कि वह लोक भाषा का साहित्य रहा होगा। प्राकृत के भी काव्य-साहित्य में लोक साहित्य के सामान्य रूप लक्षित होते हैं।

---

१. तुरिआण—तरलग्गु घड्डव्वोहिणहं उज्जोअसि एह।
वितत्त समत्थ फुरण कमेण कमेणलिहालमिसाणमिपंचावत्तु ॥६, २॥
सोच्छिअ भासइ भवतरु विसरउ सअलउ अद्धजालु निअघअणिपरिमेहहरो ॥६, १०॥
२. परिशष्ट देखिए।
३. जैन, डॉ. जगदीशचन्द्र : प्राकृत साहित्य का इतिहास, पृ. ३६०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपभ्रंश साहित्य का काल-विभाजन

यद्यपि अपभ्रंश का बोली के रूप में ई. पू. लगभग तीसरी शताब्दी में उल्लेख मिलता है, किन्तु अनुमान यह है कि अपभ्रंश उस युग में नाट्य बोली के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी थी और नाटकों में उस का प्रयोग होने लगा था। अतएव अपभ्रंश का आदि काल ई. पू. तीसरी शताब्दी से माना जा सकता है। काल-विभाजन इस प्रकार है :

१. आदिकाल—ई. पू. ३०० से ६०० ई. तक
(भाष्यकार पतंजलि से ले कर संस्कृत साहित्य के समालोचक आचार्य भामह तक)

२. मध्यकाल—६००–१७०० ई.
(अ) पूर्व मध्यकाल—६००–१२०० ई.
(चतुर्मुख-स्वयम्भू से ले कर आचार्य हेमचन्द्र तक)
(ब) उत्तर मध्यकाल—१२००–१७०० ई.
(आचार्य हेमचन्द्र सूरि से कवि भगवतीदास तक)

३. आधुनिक काल (अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से....)
(रिचर्ड पिशेल से ले कर अब तक)

वैयाकरण भर्तृहरि के वाक्यपदीय में उद्धृत आचार्य व्याडि, महर्षि पतंजलि तथा भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में उल्लिखित 'उकारबहुला' बोली तथा अपभ्रंश का निर्देश स्पष्ट रूप से अपभ्रंश भाषा के अस्तित्व को सूचित करते हैं। किन्तु परवर्ती उद्धरणों से तथा साहित्यिक रचनाओं के परिशीलन से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि निश्चित रूप से छठी शताब्दी में अपभ्रंश में काव्य-रचना होने लगी थी। अतएव छठी शताब्दी के पूर्व का काल अपभ्रंश का वह युग रहा होगा, जिस में प्राकृत की धारा से अपभ्रंश का स्वतन्त्र विकास हो रहा था और प्राकृत-साहित्य में अपभ्रंश का भी देशी भाषा के रूप में प्रयोग होने लगा था। अभी इस दृष्टि से प्राकृत-साहित्य का अध्ययन व समुचित मूल्यांकन नहीं हो सका है। भाषा की दृष्टि से अवश्य डॉ. चटर्जी के निष्कर्ष महत्त्वपूर्ण तथा मान्य हैं। उन का कथन है—"ईसा की प्रथम सहस्राब्दी के मध्य में आरम्भ हुई अपभ्रंश भाषा-परम्परा तुर्की-ईरानी विजय के समय में भी बराबर चल रही थी। अपभ्रंश की कुछ विशेषताएँ, उदाहरण के लिए अन्तिम 'ओ' का क्षयित हो कर 'उ' हो जाना, इस के भी पहले ईसा की तृतीय शताब्दी में ही पश्चिमोत्तरी प्राकृत में दृष्टिगोचर होती है।"[१] इस प्रक्रिया के निर्माण में लगभग दो शताब्दियाँ अवश्य लगी होंगी। अतएव पाँचवी शताब्दी के उत्तरार्द्ध में अपभ्रंश भाषा के अस्तित्व का ही नहीं, साहित्य का भी अनुमान होने लगता है। पं. राहुल

१. चटर्जी, डॉ. सुनितिकुमार : भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, १९५७, पृ. ११७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सांकृत्यायन ने अपभ्रंश-काल का समय ५५०-१२०० ई. माना है,[1] जो उचित जान पड़ता है। क्योंकि वाणभट्ट ने भाषाकवि ईशान का उल्लेख किया है, जो प्राकृतकवि से भिन्न है। छठी शताब्दी के पूर्व अपभ्रंश काव्य रचने का अनुमान इस लिए भी किया जा सकता है कि भरत मुनि ने विभाषा के रूप में जिन बोलियों का उल्लेख किया है, अभिनव गुप्त ने उन की पुष्टि करते हुए ग्रामीण जनों की बोलियों को अपभ्रंश कहा है।[2] उक्त दोनों प्रमाणों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि छठी शताब्दी के लगभग निश्चय रूप से अपभ्रंश भाषा में काव्य-रचना होने लगी थी।

इस प्रकार अपभ्रंश-साहित्य के इतिहास में भाषा एवं सांस्कृतिक दृष्टि से छठी शताब्दी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रही है। छठी शताब्दी के पूर्व का युग अपभ्रंश का आदि-काल रहा है, जिस में अपभ्रंश बोली के विभिन्न स्तरों पर विकास करती हुई कदाचित् लोकनाट्यों के माध्यम से साहित्य के सिंहासन पर प्रतिष्ठित हुई। छठी शताब्दी का परवर्ती काल भाषा तथा साहित्य का वह संक्रमण काल रहा है, जिस में आभिजात्य प्रवृत्तियों में निरन्तर परिवर्तन होता रहा और साहित्य किंचित् नव दिशा की ओर उन्मुख हुआ। अतएव लोक-साहित्य की कई विशेषताएँ अपभ्रंश-साहित्य में लक्षित होती हैं। इस साहित्य का ज्यों-ज्यों विकास होता गया, यह शास्त्रीय परम्परा से हट कर जनवादी प्रवृत्तियों से समन्वित होता गया। अपभ्रंश काव्य में स्वच्छन्दता-मूलक प्रवृत्तियाँ परवर्ती काल में विशेष रूप से विकसित हुईं। वस्तुतः मध्यकाल (६००-१७०० ई०) ही और मुख्य रूप से पूर्व मध्यकाल अपभ्रंश की काव्य-रचना का प्रमुख काल रहा है। पूर्व मध्यकाल में विशेष रूप से प्रबन्ध काव्य लिखे गये। प्रबन्ध काव्यों की संख्या अपभ्रंश साहित्य में सब से अधिक है। सभी प्रबन्ध काव्य सन्धियों में निबद्ध हैं, और सन्धियाँ कड़वकबद्ध हैं। प्रबन्ध काव्यों की यह विशेष शैली अप-भ्रंश साहित्य की देन है। परवर्ती काल में हिन्दी में रचे गये चरितमूलक या प्रेमाख्यानक अथवा लोकाख्यानक काव्यों पर अपभ्रंश प्रबन्ध काव्यों की इस शैली की स्पष्ट छाप दिखाई पड़ती है। शैलीगत प्रयोगों के विविध रूपों की दृष्टि से भी अपभ्रंश और हिन्दी काव्यों का अभी तक प्रामाणिक विवेचन प्रस्तुत नहीं किया गया। उदाहरण के लिए, हिन्दी के महाकवि तुलसीदास और विशेषकर सूरदास की विभिन्न पद-शैलियों पर तथा विद्यापति के गीतों पर अपभ्रंश शैली का पूर्ण प्रभाव परिलक्षित होता है। अपभ्रंश-साहित्य में अधिगृहीत वस्तु ही लोकाख्यानक नहीं है, वरन् प्रयुक्त गीत तथा अधिकांश छन्द लोक-शैली में अनुस्यूत हैं। लोक-शैली के विभिन्न रूप विविध शताब्दियों में रचे गये अपभ्रंश काव्यों में लक्षित होते हैं। जिस प्रकार कहीं-कहीं लोक-कथाओं को आभिजात्य परिवेश दे दिया गया है या साभिप्राय अथवा

---

१. सांकृत्यायन, राहुल : संस्कृत काव्यधारा, पृ. ४७२।
२. भाषा संस्कृतापभ्रंशः। भाषापभ्रंशस्तु विभाषा। सा तत्तद्देश एव गह्वरवासिनां प्राकृतवासिनां च। भरत मुनि कृत नाट्यशास्त्र की विवृति, १७, ४६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सोद्देश्यमूलक घटनाओं की नियोजना की गयी है, उसी प्रकार गीतों एवं मात्रिक वृत्तों को वर्णिक रूपों से भी वर्णित किया गया है, और कहीं-कहीं संस्कृत के वर्णिक वृत्तों में भी वर्णन किये गये हैं। इस प्रकार प्रमुख त्रिविध शैलियों में अपभ्रंश के प्रबन्ध-काव्य रचे हुए मिलते हैं। रचनागत भेद से अपभ्रंश-साहित्य में पौराणिक महाकाव्य, चरितकाव्य, कथाकाव्य, प्रेमाख्यानक काव्य, खण्डकाव्य, गीतिकाव्य आदि काव्य-विधाएँ परिलक्षित होती हैं। प्राकृत तथा अपभ्रंश-साहित्य में काव्य के रूप में कथाएँ लिखने की प्रवृत्ति अत्यन्त प्राचीन प्रतीत होती है। तीर्थंकर महावीर और उन के अनुयायी श्रमणसाधुओं में दृष्टान्त तथा निदर्शन रूप में कथा कहने की प्रवृत्ति अत्यन्त व्यापक थी। कथाएँ लिख कर एवं मौखिक रूप में धर्म, अर्थ और काम पुरुषार्थ के मर्म को समझाने के लिए कही जाती थीं। आज तक जैन साधुओं में यह परम्परा अक्षुण्ण है। सातवीं शताब्दी के लगभग प्राकृत तथा अपभ्रंश में कई प्रकार की कथा-मूलक काव्य रचनाएँ हो चुकी थीं, जिन का विवेचन संस्कृत में आचार्य आनन्दवर्धन और प्राकृत में आचार्य हेमचन्द्र ने किया। उद्योतनसूरि ने पाँच प्रकार के कथाकाव्यों का उल्लेख किया है—[1] सकलकथा, खण्डकथा, उल्लापकथा, परिहासकथा तथा अवरा कथाकाव्य। संस्कृत में कथा गद्य में तथा प्राकृत-अपभ्रंश में पद्य में लिखने का प्रचार था। गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' प्राकृत की प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण रचना रही है, जो आज उपलब्ध नहीं होती। संस्कृत के परवर्ती कथा, चरित तथा आख्यायिका लेखकों पर बृहत्कथा का अत्यन्त प्रभाव परिलक्षित होता है। यद्यपि संस्कृत में भी कुछ कथाओं का संकलन पद्य में किया गया, किन्तु वह बृहत्कथा का अनुकरण मात्र है। मूलतः संस्कृत कथाएँ गद्य में हैं। वेदों में अवश्य कुछ आख्यानों का निर्देश मिलता है। परन्तु वे उस अर्थ में कथाएँ नहीं कही जा सकतीं, जिस रूप में बृहत्कथा तथा अन्य पद्यबद्ध कथाएँ विस्तार से वर्णनात्मक रूप में लिखी गयीं। उन में केवल वर्णन ही प्रधान नहीं है, किन्तु भाव, चरित्र तथा दृश्यों का भी प्रसंगानुसार सूक्ष्म अंकन हुआ है। अतएव घटनाओं एवं आख्यानों के उल्लेखों से उन की तुलना करना समुचित नहीं होगा। इसी प्रकार अन्य संहिता आदि ग्रन्थों में दृष्टान्त निदर्शक आख्यानों का ही निर्देश मिलता है। ऐसे आख्यान बृहत्कथा या कथाकाव्य से नितान्त भिन्न हैं, और इस लिए इन की परिगणना काव्य साहित्य के अन्तर्गत नहीं की जानी चाहिए।

आठवीं शताब्दी से ही अपभ्रंश में लिखा हुआ सिद्ध साहित्य मिलने लगता है। अपभ्रंश का अधिकतर साहित्य आठवीं से बारहवीं शताब्दी के मध्य लिखा गया। इस साहित्य में जनवादी प्रवृत्तियों से ले कर सामन्तीय भावनाओं तक का सरस एवं सूक्ष्म चित्रण परिलक्षित होता है। दसवीं शताब्दी में प्राकृत मिश्रित अपभ्रंश अथवा स्वतन्त्र रूप से अपभ्रंश भाषा में शिलांकित होने लगे थे। राजा भोज के द्वारा

---

१. ताओ पुण पंच कहाओ। तं जहा—सयलकहा, खंडकहा, उल्लावकहा, परिहासकहा, तहावरा कहिय त्ति। —कुवलयमाला, पृ. ४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उत्कीर्ण कराये गये शिलालेखों में प्राकृत के साथ अपभ्रंश के भी निदर्शन प्राप्त होते हैं, जो आज भी धारा नगरी की श्री को अलंकृत करने वाले हैं। राजा भोज के द्वारा विरचित 'सरस्वती कण्ठाभरण' में अपभ्रंश के कई पद्य मिलते हैं।[1] उन के युग में अपभ्रंश भाषा और साहित्य का अच्छा प्रचार था। परवर्ती काल में अपभ्रंश साहित्य का उत्तरोत्तर विकास होता गया। इन शताब्दियों में अपभ्रंश संस्कृत और प्राकृत भाषाओं के साथ विकासशील रही। अतएव अपभ्रंश-साहित्य पर संस्कृत भाषा और साहित्य का प्रभाव भली भाँति लक्षित होता है। अपभ्रंश के प्रबन्ध काव्यों पर विशेष रूप से महाकवि कालिदास और बाणभट्ट की काव्य-कृतियों का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। दृश्य-वर्णनों में ही नहीं, बिम्ब-विधान और समासमूलक शैली पर भी संस्कृत साहित्य की स्पष्ट छाप दिखाई पड़ती है।

अपभ्रंश साहित्य विभिन्न विधाओं में विकसित होता रहा। जन-जीवन की साधारण से साधारण घटनाओं तथा लोकोपयोगी विषयों पर इस साहित्य की रचना होती रही। अतएव स्तुति-पूजा से से ले कर पौराणिक एवं महाकाव्यों तक की रचना अपभ्रंश भाषा में हुई। विभिन्न प्रकार की गीतियाँ भी लिखी गयीं। सिद्धों की गीतियों के अतिरिक्त स्वतन्त्र रूप से कई प्रकार की गीतियाँ मिलती हैं। इन गीतियों में नेमिगीत, पार्श्वगीत, चेतनगीत आदि मुख्य काव्यात्मक रचनाएँ हैं। यह गीति-साहित्य प्राकृत, अपभ्रंश और हिन्दी भाषा में भी रचा गया। किन्तु आज तक न तो वह प्रकाश में ही आया और न आज तक उस की भाषा तथा कलात्मक विशेषताओं का विचार किया गया। वल्हव कृत नेमीश्वरगीत, छीहल कृत उदरगीत तथा गुणचन्द रचित नेमिराजुल-गीत एवं सिंहनन्दि विरचित रावलियो गीत आदि कई प्रकार के गीत हैं। अधिकतर गीत लोकशैली में लिखे गये। किन्तु जिस प्रकार अपभ्रंश साहित्य की यह विशेषता है कि लोककथाओं और लोकगीतों को आभिजात्य या परिनिष्ठित रूप दिया गया, उसी प्रकार कहीं-कहीं संस्कृत-साहित्य की आभिजात्य वृत्ति का भी अनुकरण किया गया। परन्तु लोकधर्मी यथार्थताओं का विशेष रूप से सन्निवेश परिलक्षित होता है। यही कारण है कि चर्चरी, रास, फागु, चूनड़ी आदि विधाओं में लोकधर्मी प्रवृत्ति प्रवर्तमान है। यही नहीं, काव्य साहित्य में विविध वर्णिक और मात्रिक छन्दों को भी विभिन्न लोक-शैलियों में ढाल कर उतारा गया। अतएव आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के साहित्य में अस्सी प्रतिशत छन्द अपभ्रंश साहित्य से आगत हैं। अपभ्रंश के प्रायः सभी मुख्य छन्द मराठी, गुजराती तथा राजस्थानी-साहित्य में देखने को मिल जाते हैं, जिन का विकास लोक-परम्परा से हुआ है। परवर्ती काल में अपभ्रंश-साहित्य परिनिष्ठित अपभ्रंश में लिखने की प्रवृत्ति प्रचलित हो जाने पर भी लोकभाषा की शब्दावली तथा लोकशैलियों का बराबर प्रयोग होता रहा। इस दृष्टि से पं. रइधू और विद्यापति का

---

१. परिशिष्ट द्रष्टव्य है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अध्ययन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा। रइधू की भाषा में जहाँ बुन्देली, ब्रज तथा राजस्थानी शब्द मिलते हैं, वहीं विद्यापति की पदावली में मिथिला, अवहट्ठ तथा देशी शब्दावली ही नहीं, लोकगीतों की विभिन्न शैलियों का समाहार भी लक्षित होता है। लोक-शैलियों में निबद्ध होने के कारण विद्यापति के गीत विभिन्न अंचलों में मौखिक रूप से सुरक्षित रह सके। यद्यपि अपभ्रंश की प्रबन्ध रचनाओं में विभिन्न मात्रिक छन्दों का प्रयोग मिलता है, किन्तु उन पर कई स्थलों पर लोकप्रचलित गीतात्मक शैलियों का प्रभाव परिलक्षित होता है। यही कारण है कि अपभ्रंश के अनेक छन्द संस्कृत-प्राकृत-अपभ्रंश के छन्द-ग्रन्थों में नहीं मिलते। जो मिलते भी हैं, उन में कहीं न कहीं कुछ अन्तर दिखाई पड़ता है। इस लिए एक ही प्रबन्धकाव्य के सभी छन्दों का वर्गीकरण और विश्लेषण करना एक स्वतन्त्र शोध का विषय है। अभी तक अपभ्रंश काव्य साहित्य के छन्दों का इस प्रकार से स्वतन्त्र रूप में कोई अध्ययन नहीं किया गया। अतएव यह भी एक शोध-अनुसन्धान का अच्छा विषय है।

प्राकृत का कथा-साहित्य

यद्यपि लोकाख्यान सहस्रों वर्षों से जन-जन की भाषा में प्रत्येक देश में मौखिक रूप से प्रचलित रहे हैं, किन्तु उन का लिखित रूप बहुत प्राचीन नहीं है। साहित्य लेखन की परम्परा के प्रचलित हो जाने के बहुत बाद लोकाख्यानों का सन्निवेश काव्यात्मक रूपों में संस्कृत और तदनन्तर प्राकृत-साहित्य में किया गया। लोकाख्यानों का समावेश भारतीय साहित्य में किन्हीं अभिप्राय विशेषों को लक्ष्य में रख कर किया गया परिलक्षित होता है। अतएव अभिप्रायों के अनुरूप उन में विविध रूप संयोजना के साथ लक्षित होते हैं। कहीं-कहीं तो लोकाख्यान धार्मिक अभिप्रायों में ऐसे संयोजित मिलते हैं कि उन का रूप ही परिवर्तित हो गया है और वे धार्मिक कथा मात्र बन गये हैं। जिन में परिवर्तन कम या किंचित् मात्र हुआ है, वे आज भी लोक-कथा के रूप में जन-मानस में प्रचलित हैं। प्राकृत का कथा-साहित्य लोक-जीवन तथा धार्मिक जीवन से विशिष्ट संयोजित है। अतः कथा-साहित्य की लगभग सभी प्रकार की जनवादी, रोमाण्टिक, सामन्तीय एवं वैयक्तिक प्रवृत्तियाँ इस साहित्य में प्राप्त होती हैं। इन्हीं प्रवृत्तियों का कालान्तर में अपभ्रंश साहित्य में प्रकृत एवं यथार्थ रूप में चित्रण मिलता है। अपभ्रंश कथाकाव्य की इस स्वतन्त्र विधा का अनुशीलन किया जा चुका है,[1] किन्तु प्राकृत के विपुल कथा-साहित्य का न तो अभी तक सर्वेक्षण किया गया है और न किसी काव्यात्मक रूप में उस का विशिष्ट अध्ययन। अतएव अनुसन्धान की दिशा में यह विशिष्ट एवं शोध-खोज का क्षेत्र है। लोक-साहित्य की प्रवृत्तियों के विश्लेषण की दृष्टि से ही नहीं, काव्य के विभिन्न रूपों का भी स्वतन्त्र अध्ययन भी किया जा सकता है। इसी

१. शास्त्री, डॉ. देवेन्द्रकुमार : भविसयत्तकहा तथा अपभ्रंश कथाकाव्य, प्रकाशक : भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, १९७०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकार युग विशेष में लिखी गयीं रचनाओं का भाषा की दृष्टि से भाषावैज्ञानिक अध्ययन भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए आ. हरिभद्रसूरि के युग की भाषा का विशिष्ट अध्ययन इसी सन्दर्भ में किया जा सकता है। हमारी जानकारी में इस प्रकार के अध्ययन गुजराती भाषा में किये जा चुके हैं (ए स्टडी ऑव द गुजराती लैंग्वेज ऑव सिक्स्टीन्थ सेन्चुरी)। प्राकृत और अपभ्रंश के कुछ तुलनात्मक अध्ययन भी इस दिशा में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के सन्दर्भ में सम्पूर्ण परम्परा को स्पष्ट रूप से जानने के लिए इस प्रकार के अध्ययन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माने जायेंगे।

प्राकृत का कथा-साहित्य निम्नलिखित है—

१. अंजनासुंदरीचरिय—गुणसमृद्धिमहत्तरा। बड़ा भण्डार जेसलमेर।
२. आर्द्रकुमारकथानक। संघवी पाडा भण्डार, पाटन।
३. एलकाक्षकथा। संघवी पाडा भण्डार, पाटन।
४. कलावतीकथा। ,, ,,
५. गजसुकुमालकथा ,, ,,
६. चारुदत्तकथा ,, ,,
७. दामन्नककथा ,, ,,
८. दिवाकरकथा ,, ,,
९. धनश्रीकथा ,, ,,
१०. धन्यशालिभद्रकथा ,, ,,
११. धन्यसुन्दरीकथा ,, ,,
१२. नर्मदासुन्दरीकथा—महेन्द्रसूरि। ताड़पत्र प्रति। तपागच्छ उपाश्रय भण्डार, जेसलमेर।
१३. नागदत्तकथा। संघवी पाडा भण्डार, पाटन।
१४. पादलिप्ताचार्यकथा ,, ,,
१५. पुष्पवतीकथा ,, ,,
१६. प्रत्येकबुद्धकथा ,, ,,
१७. प्रदेशिकथा ,, ,,
१८. बप्पभट्टिकथा ,, ,,
१९. मल्लवादिकथा ,, ,,
२०. रत्नचूडकथा ,, ,,
२१. लीलावतीकथा—भूषणभट्टतनय। ताड़पत्र प्रति। बड़ा भण्डार, जेसलमेर।
२२. वंकचूलकथा (गद्य सचित्र)। संघवी पाडा भण्डार, पाटन।
२३. वज्रकर्णकथा ,, ,,
२४. वसुमित्रकथा ,, ,,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२५. विक्रमकथा । संघवी पाडा भण्डार, पाटन ।
२६. विक्रमसेनकथा ,, ,,
२७. विलासवतीकथा ,, ,,
२८. शीलवतीकथा—आज्ञासुन्दर । तपागच्छ उपाश्रय भण्डार, जेसलमेर ।
२९. समराइच्चकहा—हरिभद्रसूरि । संघ भण्डार, पाटन ।
३०. सागरचन्द्रकथा । संघवी पाडा भण्डार, पाटन ।
३१. सिद्धसेनकथा ,, ,,
३२. सुकोशलकथा ,, ,,

अपभ्रंश कथाकाव्य

काव्य की भाव-भूमि पर अपभ्रंश के कथाकाव्यों में लोककथाओं का साहित्यिक रूप में किन्हीं अभिप्रायों के साथ वर्णन किया गया लक्षित होता है। लोक-जीवन के विविध तत्त्व इन कथाकाव्यों में सहज ही अनुस्यूत हैं। क्या कथा, क्या भाव और क्या छन्द तथा शैली सभी लोकधर्मी जीवन के अंग जान पड़ते हैं। अतः कथाकाव्य का नायक आदर्श पुरुष ही नहीं, राजा, राजकुमार, बनिया, राजपूत आदि कोई भी साधारण पुरुष अपने पुरुषार्थ से अग्रसर हो अपने व्यक्तित्व तथा गुणों को प्रकट कर यशस्वी परिलक्षित होता है। एक उभरता हुआ व्यक्तित्व सामान्य रूप से सभी कथाकाव्यों में दिखाई पड़ता है। अपभ्रंश के इन कथाकाव्यों के अध्ययन से जहाँ सामाजिक यथार्थता का परिज्ञान होता है, वहीं धार्मिक वातावरण में तथा इतिहास के परिप्रेक्ष्य में जातीयता और परम्परा का भी बोध होता है। कथाकाव्यों में एक विशेष प्रवृत्ति यह है कि वे धार्मिक तत्त्वों से भरित नहीं हैं। उन में लोकजीवन का उन्मुक्त प्रकाश है। और उन से भी अधिक उन्मुक्तता अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्यों में परिलक्षित होती है। अपभ्रंश के प्रमुख कथाकाव्य निम्नलिखित हैं :

भविसयत्तकहा (भविष्यदत्तकथा-धनपाल), जिनदत्तकथा (लाखू), विलासवतीकथा (सिद्धसाधारण), श्रीपालकथा (रइधू), सिद्धचक्रकथा (नरसेन), सप्तव्यसनवर्जन-कथा (पं. माणिक्यचन्द्र), भविष्यदत्तकथा (विबुधश्रीधर), सुकुमालचरित्र (श्रीधर), सनत्कुमारचरित (हरिभद्रसूरि), श्रीपालचरित्र (दामोदर), हरिषेणचरित्र इत्यादि।

अपभ्रंश का कथा-साहित्य प्राकृत की ही भाँति प्रचुर तथा समृद्ध है। अनेक छोटी-छोटी कथाएँ व्रत-सम्बन्धी आख्यानों को ले कर या धार्मिक प्रभाव बताने के लिए लोकाख्यानों को ले कर रची गयी हैं। अकेली रविव्रतकथा के सम्बन्ध में अलग-अलग विद्वानों की लगभग एक दर्जन रचनाएँ मिलती हैं। केवल भट्टारक गुणभद्र रचित सत्रह कथाएँ उपलब्ध हैं। इसी प्रकार पं. साधारण की आठ कथाएँ तथा मुनि बालचन्द्र की तीन एवं मुनि विनयचन्द्र की तीन कथाएँ मिलती हैं। अपभ्रंश-कथाकोश के अन्तर्गत कई अज्ञात रचनाएँ देखने को मिलती हैं। श्रीचन्द्र का कथाकोश प्रसिद्ध ही है। इस के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अतिरिक्त आगरा स्थित दि. जैन मन्दिर, घूलियागंज में, जयपुर तथा दिल्ली में भी अज्ञातनामा अपभ्रंश कथाकोष मिलते हैं। इन सब की छानबीन की जाये तो लगभग एक सौ से भी अधिक स्वतन्त्र कथात्मक रचनाएँ उपलब्ध होती हैं। इन के अतिरिक्त आचार्य नेमिचन्द्रसूरि विरचित 'आख्यानकमणिकोश' में वर्णित तथा महेश्वसूरि कृत संजममंजरी की टीका में एवं मानसूरि कृत 'मनोरमाचरित्र' में भी अपभ्रंश की प्राकृत-अपभ्रंश मिश्रित कई कथाएँ हैं। अभी तक इस समग्र कथा-साहित्य का सर्वेक्षण तथा अनुशीलन नहीं किया गया है। भारतीय संस्कृति की अनुसन्धानात्मक दिशा में प्रवृत्त विद्वानों को इन कथाओं का अध्ययन भी करना चाहिए, जिस से मध्यकालीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के कतिपय नवीन तथ्य भी प्रकाशित हो सकेंगे।

अपभ्रंश चरितकाव्य

अपभ्रंश के चरितकाव्यों में पौराणिक महापुरुषों या अधिकतर त्रेसठ शलाका पुरुषों का जीवन-चरित्र वर्णित है। ये एक प्रकार से सकल कथाएँ हैं, जिन में पौराणिक शैली से कथा-नायक का जीवन बचपन से ही असाधारण रूप में चित्रित किया गया है। महापुरुषों का जीवन-चरित्र अतिलौकिक तथा धार्मिक तत्त्वों से अनुरंजित है। आकार की दृष्टि से साधारणतः चरितकाव्य चार सन्धियों से ले कर बीस-बाईस तक सन्धियों में निबद्ध हैं। पूर्व भवान्तरों तथा अन्य अवान्तर घटनाओं से प्रायः सभी चरितकाव्यों का कलेवर वृद्धिगत हुआ है। फिर भी, चरितकाव्य पौराणिक काव्यों की अपेक्षा आकार में छोटे होते हैं। बारह या तेरह सन्धियों से ले कर लगभग सवा सौ सन्धियों तक के पुराणकाव्य उपलब्ध होते हैं। इन में सभी नाटकीय तत्त्वों की अन्विति भली भाँति लक्षित होती है। इन में से अधिकतर पौराणिक महाकाव्य हैं। उदाहरण के लिए :

१. हरिवंशपुराण—धवल, १२२ सन्धियाँ, कौरव-पाण्डव, श्रीकृष्ण आदि महापुरुषों का जीवनचरित्र।

२. पाण्डवपुराण—यशःकीर्ति, ३४ सन्धियाँ, पांच पाण्डवों की जीवनगाथा।

३. हरिवंशपुराण—यशःकीर्ति, १३ सन्धियाँ, हरिवंश की उत्पत्ति आदि का वर्णन।

४. हरिवंशपुराण—श्रुतकीर्ति, ४४ सन्धियाँ, कौरव-पाण्डव आदि का वर्णन।

५. ,, —पं. रइधू, १४ सन्धियाँ, ऋषभचरित, हरिवंशोत्पत्ति, वसुदेव, बलभद्र, नेमिनाथ, पाण्डवों आदि का वर्णन।

६. ,, —महाकवि स्वयम्भू, ११२ सन्धियाँ, श्रीकृष्ण के जन्म से हरिवंश तक की भवावली का विस्तृत वर्णन।

अपभ्रंश के चरितकाव्य निम्नलिखित हैं : नेमिनाथचरित्र (अमरकीर्तिगणि), शान्तिनाथपुराण (महिन्दु), प्रद्युम्नचरित (सिंह), पार्श्वनाथचरित्र (देवदत्त),

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नेमिनाथचरित्र (लक्ष्मण), बाहुबलिचरित्र (धनपाल), चन्द्रप्रभचरित्र (भ. यशःकीर्ति), पार्श्वनाथचरित्र (श्रीधर), सम्भवनाथचरित्र (तेजपाल), सन्मतिजिनचरित्र (पं. रइधू), जम्बूस्वामीचरित्र (सागरदत्तसूरि), शान्तिनाथचरित्र (शुभकीर्ति) पार्श्वनाथचरित्र (पद्मकीर्ति), पार्श्वनाथचरित्र (बुध असवाल), वर्द्धमानकाव्य, (हरिश्चन्द्र), वर्द्धमानचरित्र (श्रीधर), चन्द्रप्रभचरित्र (श्रीधर), वज्रस्वामीचरित्र (वरदत्त), मेघेश्वरचरित्र, धन्यकुमारचरित्र, सुकौशलचरित्र, जीवन्धरचरित्र, यशोधरचरित्र (पं. रइधू), नागकुमार, यशोधरचरित्र (पुष्पदन्त), जम्बूस्वामीचरित्र (देवदत्त), श्रेणिकचरित्र (जयमित्रहल), शान्तिनाथचरित्र (ठाकुरसी), पार्श्वनाथचरित्र (देवचन्द), शान्तिनाथचरित्र (देवचन्द्रसूरि), नेमिनाथचरित्र, चन्द्रप्रभचरित्र (दामोदर), मल्लिनाथचरित्र (जिनप्रभसूरि), महापुराणकलिका इत्यादि।

अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्य

अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्यों का विकास प्राकृत की उस लोक-परम्परा से हुआ, जिस में पादलिप्तसूरि की तरंगवती, कोऊहल की लीलावती, धनेश्वरसूरि का सुरसुन्दरीचरित्र, विजयसिंहसूरि का भुवनसुन्दरीचरित्र तथा जिनहर्षगणि की रत्नशेखरकथा एवं मलयसुन्दरी आदि साहित्यिक कथाएँ तथा मौखिक रूप में वत्सराज कथा (हर्षवर्द्धनगणि), सर्वांगसुन्दरी और उदयनकथा आदि प्रचलित रही हैं। इन कथाओं में प्रेम की विशुद्धता एवं अमरता के साथ जीवन-दर्शन भी अभिव्यंजित हुआ है। प्राकृत के प्रेमाख्यानक काव्यों में सर्वप्राचीन पादलिप्तसूरि रचित 'तरंगवतीकथा' उपलब्ध होती है। तरंगवती की कथा जीवन की सरसता से ओतप्रोत विलासिता की वह विशुद्ध गाथा है, जिस में सच्चे प्रेम को ही मूर्तिमन्त किया गया है। वातावरण और कथा में सभी ओर रोमान्स है। प्राकृत और अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्यों में नायक-नायिका के प्रेम-व्यापारों का निर्द्वन्द्व भाव से चित्रण हुआ है। इस लिए इन काव्यों में रूप-दर्शन, चित्र-दर्शन, पुतली-दर्शन या अन्य किसी रूप-सौन्दर्य अथवा वस्तु-दर्शन से नायक या नायिका के स्व प्रेमी या प्रेमिका की प्राप्ति के लिए व्याकुल हो जाना, प्राप्ति का उपाय करना, सब कुछ भूल कर उसी का ध्यान करना, वियोग में झूरना, अनहोनी घटनाओं का घटित हो जाना, एक बार मिलन हो जाने पर भी फिर से बिछुड़ जाना और अन्त में सभी प्रकार की कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर सफल होने का वर्णन किया गया है। हिन्दी के सूफ़ी प्रेमाख्यानक काव्यों में भी उक्त विशेषताएँ भली भाँति परिलक्षित होती हैं। अपभ्रंश के प्रमुख प्रेमाख्यानक काव्य हैं :

१. विलासवतीकथा—साधारण सिद्धसेन
२. जिनदत्तकथा—लाखू
३. जिनदत्तचउपई—रल्ह
४. पउमसिरीचरिउ—धाहिल

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

५. सुदंसणचरिउ—नयनन्दी
६. सुदर्शनचरित्र—माणिक्यनन्दि

अभी तक अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्यों पर स्वतन्त्र रूप से कोई शोध-कार्य नहीं किया गया है। यद्यपि सूफ़ी प्रेमाख्यानक काव्यों से अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्य वस्तु में ही नहीं, रहस्यात्मक अभिव्यंजना में भी भिन्न हैं, किन्तु संस्कृत-प्राकृत की आनुपूर्वी में काव्यात्मक सौन्दर्य की दृष्टि से ही नहीं, उन्मुक्त विलास तथा जीवन्त प्रेम-निदर्शन की दृष्टि से भी उन का अत्यन्त महत्त्व है। यही नहीं, हिन्दी साहित्य के रीतिकालीन काव्यों की आधारभूमि के लिए भी उन में शृंगारात्मक प्रवृत्तियाँ अभिव्यंजित परिलक्षित होती हैं। अतः सूफ़ी साहित्य में परिव्याप्त आध्यात्मिक सौन्दर्य की रसवन्ती अभिव्यंजना को छोड़ कर शृंगार तथा प्रेम की सभी प्रकार की समानधर्मी प्रवृत्तियाँ अपभ्रंश के प्रेमाख्यानक काव्यों में व्याप्त हैं।

अपभ्रंश के खण्डकाव्य

अपभ्रंश के खण्डकाव्यों में सब से अधिक स्फीत और प्रेरक काव्य कवि हरिदेव का 'मयणपराजयचरिउ' तथा अब्दुल रहमान कृत 'सन्देशरासक' है। दोनों ही काव्य प्रकाशित हो चुके हैं। इन के अतिरिक्त कुछ खण्डकाव्य इस प्रकार हैं :

१. कुमारपालप्रतिबोध—सोमप्रभसूरि (मुद्रित)
२. नेमिजिनवरप्रबन्ध—लावण्यसमय
३. भरतेश्वरबाहुबलिघोररास—वज्रसेनसूरि
४. वज्रस्वामीचरित्र—वरदत्त
५. मल्लिनाथकाव्य—विनयचन्द्रसूरि
६. बुद्धिरसायण—महीराज (पत्र सं. ३०, सरस्वती भवन, नागौर)
७. जम्बूस्वामीचरिय—महेन्द्रसूरिशिष्य
८. आत्मसंबोधनकाव्य—पं. रइधू
९. सम्यक्त्वकौमुदी— „ „
१०. नेमिनाथफागु—राजशेखरसूरि
११. वड्ढमाणकहा—नरसेन
१२. पार्श्वनाथभवान्तर—जयकीर्ति
१३. वज्रस्वामीरास—जयसागर
१४. सुगंधदशमीकथा—उदयकीर्ति (प्रकाशित)
१५. नेमिनाथरास—कुमुदचन्द्र मुनि
१६. महावीरचरित्र—अभयदेवसूरि
१७. सुभद्राचरित्र—अभयगणि
१८. हरिषेणचरित्र—अज्ञात

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१९. मल्लिनाथचरित्र—जिनप्रभ
२०. मल्लिनाथकाव्य—जयमित्रहल
२१. नागकुमारचरित्र—पुष्पदन्त
२२. करकण्डुचरित्र—मुनि कनकामर
२३. यशोधरचरित्र—पुष्पदन्त

इन के अतिरिक्त कई वड़ी-बड़ी कथाएँ जो कि छन्दोवद्ध हैं, खण्डकाव्य के अन्तर्गत आती हैं। इन की संख्या सब से अधिक है। कतिपय कथाओं के नाम इस प्रकार हैं—मेघमालाव्रतकथा (कवि ठकुरसी), पुरन्दरविधानकथा (अमरकीर्ति), सुगन्धदशमीव्रतकथा (उदयकीर्ति), रुक्मणिविधानकथा (क्षत्रसेन) इत्यादि।

अपभ्रंश का रासा-साहित्य

१. अंतरंगरास—जिनप्रभ
२. अनुप्रेक्षारास—जल्हिग
३. आबूरास—पाल्हण
४. उपदेशरसायनरास—जिनदत्तसूरि
५. कछूलीरास—प्रज्ञातिलक
६. कुट्टणिरासय—तिल्हण (मुद्रित)
७. कुमारपालरास—अज्ञात
८. कुमारपालदेवरास—सोमतिलक
९. गयसुकुमालरास—देल्हण
१०. गौतमरासा—अज्ञात
११. गौतमस्वामीरास—विनयप्रभ उपाध्याय
१२. चन्दनबालारास—आसगु
१३. चूनड़ीरास—विनयचन्द
१४. चैतिरासा—ब्र. उंदू
१५. जम्बूस्वामिरास—धर्मसूरि
१६. जीवदयारास—आसगु
१७. जोगठरास—अज्ञात
१८. थूलिभद्दरासु—अज्ञात
१९. दोहाणुप्रेक्षारास—लक्ष्मीचन्द
२०. नवकाररास—अज्ञात
२१. नेमिरास—जिनप्रभ
२२. नेमिनाथरास—सुमतिगणि (मुद्रित)
२३. पंचकल्याणकरास—विनयचन्द

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२४. पंचपंडवचरितरास—शालिभद्रसूरि (मुद्रित)
२५. पोसहरास—अज्ञात
२६. बुद्धिरास—शालिभद्रसूरि
२७. बुद्धिरसायण—पं. महीराज
२८. भरतबाहुबलीरास—शालिभद्रसूरि (मुद्रित)
२९. मनकरहारास—पाहल
३०. महावीररास—अभयतिलकमणि
३१. योगीरासो—योगीन्द्र
३२. रेवन्तगिरिरास—विजयसेनसूरि (मुद्रित)
३३. रोहिणुरास—अज्ञात
३४. वज्रस्वामीरास—जयसागर
३५. शान्तिनाथरास—अज्ञात
३६. शान्तिनाथदेवरास—लक्ष्मीतिलकगणि
३७. श्रावकविधिरास—मेरुनन्दन
३८. सप्तक्षेत्रिरासु—अज्ञात (मुद्रित)
३९. समरारास—अम्बदेवसूरि (मुद्रित)
४०. समाधिरास—चारितसेनमुनि
४१. सालिभद्ररासु—राजतिलक

अपभ्रंश के रूपककाव्य

अपभ्रंश साहित्य में विभिन्न काव्य-विधाओं की भाँति रूपककाव्यों की रचना कोई नवीन वस्तु नहीं रही। सामान्य रूप से मुक्तक या खण्डकाव्यों में निबद्ध कई रूपक रचनाएँ आज भी उपलब्ध होती हैं। अधिकतर रचनाएँ तेरहवीं शताब्दी से सोलहवीं शताब्दी के मध्य में रची गयीं। सोमप्रभसूरि के 'कुमारपालप्रतिबोध' के अन्तर्गत 'जीव मनःकरण संलाप कथा' के रूप में एक कथा से अनुबिद्ध रूपक-रचना लक्षित होती है। काव्य सरस तथा सूक्तियों से रोचक एवं मनोरंजक है। दूसरा रूपक-काव्य कवि हरिदेव द्वारा विरचित 'मयणपराजयचरिउ' है, जो भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित हो चुका है। इस में कामदेव और जिन के जय-पराजय को सरागी और वीतरागी के रूपक के द्वारा अत्यन्त सरस वर्णित किया गया है। अपभ्रंश के उपलब्ध रूपककाव्यों में यह श्रेष्ठ रचना है। सम्भवतः इसी रचना से प्रेरित हो कर सोलहवीं शताब्दी में बूचिराज (वल्ह) ने 'मयणजुज्झ' तथा 'सन्तोषतिलकजयमाल' की रचना की। दोनों ही रूपक रचनाएँ हैं और भाषा की दृष्टि से पुरानी हिन्दी के निकट हैं। रचनाएँ आकार में छोटी-छोटी हैं। इसी प्रकार पाहल कृत 'मनकरहारास' भी एक लघु रूपककाव्य है, किन्तु रचना सुन्दर और स्फीत है। मन और इन्द्रियों को संयमित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करने के लिए सुन्दर काव्यरचना प्रसूत की है। इस काव्य की कई हस्तलिखित प्रतियाँ दिल्ली तथा जयपुर के जैन भण्डारों में मिलती हैं। संक्षेप में, अपभ्रंश के रूपककाव्यों की सूची इस प्रकार है :

१. जीव मनःकरण संलापकथा—(कुमारपालप्रतिबोध के अन्तर्गत)—सोमप्रभसूरि

२. मदनपराजयचरित—कवि हरिदेव

३. मदनयुद्ध—बूचिराज

४. सन्तोषतिलकजयमाल—बूचिराज

५. मनकरभारास—पाहल

६. मणुयसंधि—पाहल

अपभ्रंश के सन्धिकाव्य

इधर पिछले दशक में अपभ्रंश की जो मुख्य रूप से शोध-खोज हुई है, उस में विशेष रूप से सन्धिकाव्यों की चर्चा की गयी। श्री अगरचन्द नाहटा ने इस सम्बन्ध में कई हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं में सम्बन्धित लेखों द्वारा जानकारी प्रदान की तथा 'जैनगुर्जर कविओ' भाग १ में प्रकाशित विभिन्न रचनाओं का उल्लेख किया। सन्धिकाव्य की परम्परा मूलतः प्राकृत-अपभ्रंश काव्यों की मुख्य विधा है। क्योंकि सन्धि-रचना ही इस साहित्य में प्रचलित रही है। महाकवि स्वयम्भू के 'पउमचरिउ से ले कर भगवतीदास के 'मिगांकलेखाचरिउ' तक नवम शताब्दी से सत्रहवीं शताब्दी तक रचे गये काव्य सन्धिबद्ध हैं। जब कवि अपनी विषय-वस्तु तथा भावप्रवणता के साथ अपनी कल्पना को प्रबन्ध का रूप नहीं दे पाया होगा तो अपूर्ण एवं परित्यक्त इस साहित्यिक विधा के इस सापेक्षिक लघु आकार को सन्धिकाव्य नाम दिया गया होगा। तभी से सन्धिकाव्य की परम्परा प्रवर्तमान है। अधिकतर सन्धिकाव्य एक सन्धि में निबद्ध काव्य रचनाएँ हैं। अधिकतर सन्धिकाव्य ग्यारहवीं शताब्दी से ले कर पन्द्रहवीं के मध्य के लिखे हुए मिलते हैं। ये निम्नलिखित हैं :

१. स्थूलभद्रसन्धि—देवचन्द्रसूरि

२. नर्मदासुन्दरीसन्धि—जिनप्रभ सूरि

३-७. अनाथिसन्धि, अंतरंगविवाह, चउरंगसन्धि, मयणरेहसन्धि, जीवानुशास्तिसन्धि—जिनप्रभसूरि

८. शीलसन्धि—ईश्वरगणि

९. भावनासन्धि—जयदेवगणि

१०. शीलसन्धि—जयशेखरसूरिशिष्य

११. मणुयसन्धि—पाहल

१२-१३. शीलसन्धि, केशीगौतमसन्धि—रत्नशेखरसूरि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१४-२०. ऋषभपारणकसन्धि, महावीरचन्दनबालापारणासन्धि, गजसुकुमालसन्धि, शालिभद्रमहाऋषिसन्धि, अवन्तिसुकुमालसन्धि, मेतार्यमहामुनिसन्धि, पुरार्णिषसन्धि—रत्नप्रभसूरि

२१. उपदेशसन्धि—हेमसार कवि

२२. आनन्दश्रावकसन्धि—विनयचन्द्र

२३. उपधानसन्धि—जयशेखरसूरिशिष्य

स्फुट रचनाएँ

अपभ्रंश में कई प्रकार की स्फुट रचनाएँ मिलती हैं। ये स्तुति, स्तोत्र, पूजा और जयमाल से ले कर अनुप्रेक्षा, भावना, कुलक, फागु, विवाहलु, छप्पय आदि अनेक रूपों में उपलब्ध होती हैं। इन के अतिरिक्त चर्यागीतियाँ, चर्यापद तथा गीत, उपदेश आदि भी परिलक्षित होते हैं। कुछ प्रमुख विषय की रचनाएँ इस प्रकार हैं :

अनुप्रेक्षा : अनुप्रेक्षा (ईश्वर), अनुप्रेक्षा (पं. जगसी), अनुप्रेक्षा (अल्हू कवि), अनुप्रेक्षारास (जल्हिग), द्वादशानुप्रेक्षा (पं. जोगदेव), मुनिसुव्रतानुप्रेक्षा (पं. जोगदेव), द्वादशानुप्रेक्षा (लक्ष्मीचन्द)

भावना : भावसंग्रह (श्रुतिमुनि), सम्यक्त्वभावना (पं. रइधू), भावनासार (जिनप्रभसूरि)

चउबीसी : चउबीसी (देल्ह), त्रिशत्जिनचउबीसी (अज्ञात)

कुलक : कालस्वरूपकुलक (जिनदत्तसूरि), भावनाकुलक (जिनप्रभ), ज्ञानप्रकाशकुलक, दानादिकुलक, धर्माधर्मविचारकुलक, धर्मोपदेशकुलक, सिद्धिकुलक, सुभाषितकुलक, (जिनप्रभसूरि), ज्ञानप्रकाशकुलक (जिनप्रभाचार्य), सुभाषितकुलक (जिनभद्र), भावनाकुलक (जिनेश्वरसूरि), उपदेशकुलक (देवसूरि)

फागु : नेमिनाथफागु (जिनेश्वरसूरि), नेमिनाथकुमारराजीमतीचरित्रफागु (माणिक्यसुन्दर), शालिभद्रफागु (पोमा कवि), जिनचन्द्रसूरिफागु (अज्ञात)

विवाहलु : आर्द्रकुमारविवाहलु (देपाल कवि), जिनचन्द्रसूरिविवाहलु (सहजज्ञान), विवाहलउ (जिनेश्वरसूरि)

छप्पय : उवएसमालाकहाणयछप्पय (रत्नसिंहसूरिशिष्य), आगम के अष्टपद (छप्पय) (सोड्ढल)

चउपई : नेमिनाथचउपई (विनयचन्द्रसूरि), जिनदत्तचउपई (रल्ह),

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुदर्शनचउपई (वस्तिग), चतुर्गतिचतुष्पदिका (वस्तिग), पद्मावती चौपई (जिनप्रभसूरि)

चर्चरी : चर्चरी (जिनदत्तसूरि), चच्चरि (सोलण), धर्मचच्चरि (अज्ञात)

गीत : नेमीश्वरगीत (वल्हव), गुणस्थानगीत (ब्र. श्रीवर्द्धन), नेमिगीत आदि ।

प्राच्य विद्याओं का अध्ययन

प्राच्य विद्याओं के अध्ययन में प्राकृत तथा अपभ्रंश-भाषा एवं साहित्य का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है । किन्तु जिस प्रकार उस का साहित्य विपुल अंश में अप्रकाशित तथा अज्ञात है, उसी प्रकार अभी तक अधिकतर विद्वान् उस के महत्त्व से अनजान हैं । यद्यपि भारतीय विद्याओं के अमरीका, जापान तथा यूरोप के केन्द्रों में संस्कृत तथा भारतीय विषयों के सम्यक् अध्ययन के लिए पालि तथा प्राकृत का ज्ञान सम्प्रति आवश्यक समझा जाने लगा है, किन्तु भारतवर्ष में इस अध्ययन की अवस्थिति लगभग पूर्ववत् है । इस का कारण यही प्रतीत होता है कि पालि तथा प्राकृत भाषाएँ सम्प्रदाय-विशेष की भाषाएँ समझी जाती रही हैं । किन्तु, अब यह भ्रम दूर हो जाना चाहिए । प्राकृत-भाषाएँ वैदिक युग के पूर्व से ही बोलचाल के रूप में प्रचलित रही हैं । आज की क्षेत्रीय बोलियों पर उन का बहुत कुछ प्रभाव लक्षित होता है । प्राकृत बोलियाँ अधिकतर परम्परागत हैं । साहित्य में जो प्राकृत प्रयुक्त लक्षित होती है, वह परवर्ती काल की है । प्राकृत बोलियों का प्रतिनिधित्व करती हैं, इस के प्रमाण तथा संकेत भरत मुनि के नाट्यशास्त्र, शैवागम-साहित्य, विक्रमोर्वशीय तथा मृच्छकटिक में मिलते हैं । 'मृच्छकटिक' सम्पूर्ण संस्कृत-साहित्य में एक विशिष्ट रचना है, जो तीन-चौथाई प्राकृत में लिखित है । इसी प्रकार, लोकनाट्य मूलतः जनबोलियों में प्रचलित रहे हैं । आज भी उन की परम्परा कहीं-कहीं सुरक्षित है । भारतीय-ईरानी तथा निय प्राकृत के अध्ययन से यह तथ्य और भी स्पष्ट हो जाता है कि प्राकृतों की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है ।

विदेशों में भारतीय भाषाओं का सर्वप्रथम अध्ययन अब्राहम रोजर्स के भर्तृहरि के अनुवाद से प्रारम्भ होता है, जो सन् १६५१ ई. में डच भाषा में किया गया था । उस समय और उस के बाद जो भी अध्ययन किया गया, वह संस्कृत भाषा तथा साहित्य से सम्बद्ध था । आधुनिक युग में देश-विदेशों में पालि तथा प्राकृत का अध्ययन संस्कृत की अपेक्षा बहुत देर से हुआ । पालि का अध्ययन प्राकृत से पहले ही हो चुका था । यद्यपि पालि भाषा यूरोप में सत्रहवीं शती में पहुँच गयी थी, किन्तु पालि भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन सन् १८२४ ई. में आरम्भ हुआ । सन् १८२६ ई. में बर्नोफ तथा लास्सन का संयुक्त रूप से 'ऐसे सुर ला पालि' निबन्ध प्रकाशित हुआ, जिस में बुद्ध की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मूल शिक्षाओं के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया था। अध्ययन की इस दिशा में भाषा-शास्त्रियों की मुख्य प्रवृत्ति विशेष रूप से तुलनात्मक अध्ययन की ओर थी। अतएव पॉट (सन् १८३३-३६ ई.) की प्रसिद्ध पुस्तक 'द एटिमोलॉजिकल स्टडी ऑव इण्डो-यूरोपियन लैंग्वेजेज' इसी समय प्रकाश में आयी। इस के कुछ वर्षों के बाद ही सन् १८६१ ई. में श्लाइशर का महान् कार्य 'कम्पेरेटिव वर्क इन द ग्रामर ऑव इण्डो-यूरोपियन लैंग्वेजेज' पुस्तक प्रकाशित हुई। किन्तु इन दोनों पुस्तकों का विषय आर्यभाषाओं में केवल संस्कृत से सम्बद्ध था। प्राकृत का विचार तब तक नहीं किया गया था और इस का मुख्य कारण प्राकृत-साहित्य का प्रकाश में न आना कहा जा सकता है। यूरोप तथा अन्य देशों में संस्कृत की जानकारी को पहुँचाने का बहुत कुछ श्रेय सर विलियम जोन्स को है। सन् १७८६ ई. में रॉयल एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता की संस्थापना के समय उन के इन उद्गारों से कि संस्कृत भाषा प्राचीनता में चाहे जो हो, बनावट में सुन्दर, ग्रीक से भी अधिक पूर्ण, लैटिन से भी विपुल और उन से कहीं अधिक उत्कृष्ट है—विश्व के विद्वानों का ध्यान समग्र रूप से संस्कृत की ओर आकृष्ट हो कर उस पर केन्द्रित हो गया। किन्तु प्राकृत के सम्बन्ध में ऐसा नहीं हुआ।

भारतवर्ष में प्राच्य विद्याओं का अध्ययन आधुनिक युग में बहुत बाद में आरम्भ हुआ। प्राच्य विद्याओं के अध्ययन में प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य का अध्ययन अन्य शाखाओं की अपेक्षा सब से बाद में आरम्भ हो सका। प्राकृत के अध्ययन का सर्वप्रथम उल्लेख चार्ल्स विल्किन्स के 'अभिज्ञान-शाकुन्तल' के अध्ययन के साथ मिलता है। फ़्रांसीसी विद्वान् विल्किन्स का यह महान् स्वप्न था कि संस्कृत तथा प्राकृत के साथ शकुन्तला नाटक का अध्ययन तथा प्रकाशन मेरे द्वारा हो। इस दिशा में जहाँ तक पता लगता है, हेनरी टॉमस कोलब्रुक (सन् १७९७-१८२८ ई.) प्रथम प्राच्य विद्याओं के विशारद थे, जिन्होंने संस्कृत के साथ प्राकृत भाषा, संस्कृत-प्राकृत छन्दःशास्त्र, दर्शन, जैनधर्म, बौद्धधर्म आदि पर विद्वत्तापूर्ण निबन्ध लिखे थे। वस्तुतः प्राकृत तथा जैनधर्म का अध्ययन डॉ. जे. जी. बूलर की खोज के बाद ही आरम्भ होता है। सन् १८६६ ई. के लगभग डॉ. बूलर ने बर्लिन (जरमनी) पुस्तकालय के लिए पाँच सौ जैनग्रन्थ खोज कर भेजे थे। उन के जीवन का अधिकांश समय भारतीय हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज में बीता था। यथार्थ में उन्होंने अपनी खोज-रिपोर्टों के द्वारा शोधकार्य आरम्भ किया था, जिस से आकृष्ट हो कर इस दिशा में भारतीय विद्वान् प्रवृत्त हुए। उन्होंने १८८७ ई. में जरमन भाषा में अपने शोधकार्य के आधार पर जैनधर्म से सम्बद्ध एक पुस्तक लिखी, जो अत्यन्त लोकप्रिय हुई। इस का अँगरेज़ी अनुवाद सन् १९०३ ई. में लन्दन से 'द इण्डियन सेक्ट ऑव द जैन्स' नाम से प्रकाशित हुआ। इस पुस्तक में डॉ. बूलर ने स्पष्ट रूप से निरूपित किया कि जैनधर्म भारतवर्ष के बाहर अन्य देशों में भी ले जाया गया था, और इस का उद्देश्य मनुष्य को सब प्रकार के बन्धनों से मुक्त करना है। उन के इस अध्ययन के पश्चात् ही 'कम्पेरेटिव रिलीजन' की शाखा का सूत्रपात

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हुआ। परिणामतः सन् १८९७ ई. में लन्दन से मेजर जनरल जे. जी. आर. फर्लांग की महत्त्वपूर्ण 'कृति शार्ट स्टडीज इन द सायन्स ऑव कम्पेरेटिव रिलीजन्स' प्रकाशित हुई। अपनी इस पुस्तक में उन्होंने शिलालेखों में उत्कीर्ण प्राकृत भाषा का भी उल्लेख किया है। इस प्रकार उन्नीसवीं शती के आरम्भ होने के पूर्वचरण में मुख्य रूप से जैनधर्म तथा प्राकृत का जो अध्ययन किया गया, वह आरम्भिक एवं विवरण-प्रधान होने पर भी महत्त्वपूर्ण था। इस युग में प्राच्य विद्या के अध्येताओं में जॉन जॉर्ज बूलर का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। वे यथार्थ में अन्वेषक तथा शोधकर्त्ता थे। दूसरे महत्त्वपूर्ण गवेषक एवं संशोधक वेबर थे। उन्होंने डॉ. बूलर द्वारा बर्लिन-पुस्तकालय के लिए प्रेषित पाँच सौ जैनग्रन्थों का अनुशीलन कर जैन साहित्य पर खोजपूर्ण प्रकाश डाला। इस दिशा में उन का महान् कार्य कई वर्षों के अनवरत परिश्रम के फलस्वरूप भारतीय साहित्य (Indischen Studien) के रूप में सन् १८८२ ई. में प्रकाशित हुआ। भारतीय साहित्य का इतिहास सत्रह जिल्दों में विवेचित किया गया। प्राच्य विद्याओं के अध्ययन का यह युग जरमन तथा भारत के केन्द्रों में विकसित हुआ, जिस में ओरियण्टल तथा आक्सीडेण्ट का भली भाँति अध्ययन-चिन्तन किया गया। इस युग में मुख्य रूप से विविध धर्मों का अध्ययन तुलनात्मक वैज्ञानिक पद्धति पर किया गया, और इसी प्रकार विभिन्न प्राचीन भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन भाषाविज्ञान के रूप में आरम्भ हुआ। सामान्यतः, इन सभी अध्ययनों का प्रधान केन्द्र जरमनी था। वैदिक, बौद्ध और जैन तीनों का आरम्भिक एवं महत्त्वपूर्ण आलोचन-विवेचन जरमनी के विद्वानों के द्वारा व्यवस्थित रूप से किया गया। जैनधर्म का अध्ययन तथा विवेचन करने वाले तीनों जरमन विद्वान्—जेकोबी, वेबर और लॉयमन महान् चिन्तक एवं मार्गदर्शक थे। जरमनी में भी विशेष रूप से बर्लिन में लॉयमन, उन के शिष्य डब्ल्यु. हिटमन, वाल्टर शुब्रिंग, लुडविग आल्सडोर्फ आदि की परम्परा आज तक प्रचलित है, जो विभिन्न विद्यापीठों के माध्यम से भारतीय प्राच्य विद्या को समुन्नत बनाये रखने के लिए गतिशील हैं।

जिस प्रकार अपभ्रंश प्राकृत की परम्परा से अपने प्रारम्भिक रूप में संलग्न रही, उसी प्रकार इस का अध्ययन भी प्राकृत से सम्बद्ध रहा है। देश-विदेशों में आधुनिक युग में इस की जानकारी प्राकृत भाषाओं के माध्यम से ही प्राप्त हुई। प्राकृत भाषा के सम्बन्ध में तुलनात्मक रूप से कदाचित् सर्वप्रथम सन् १८६९ में फ्रेडरिक हेग (Fradrich Hauge) ने अपने शोध-प्रबन्ध में विचार किया था। उन का प्रबन्ध 'वगलेचुंग डेस प्राकृत उण्ड डेर रोमानिश्चन श्प्राखन' नाम से जूरिख से प्रकाशित हुआ। इसी समय जॉन बीम्स की प्रसिद्ध पुस्तक १८७२ में 'कम्परेटिव ग्रामर ऑव द आर्यन लैंग्वेजेज ऑव इण्डिया' प्रकाशित हुई। आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के अध्ययन के लिए यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुई। इस में तीन भागों में आर्यभाषाओं की प्राचीन परम्परा पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान आर्यभाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। सन् १८९६ ई. में जेकब वाकरनागल (Jacob Wackernagal) की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महत्त्वपूर्ण पुस्तक 'एल्टिनडिश्च ग्रामर' (Altindische Grammatik) का प्रथम भाग प्रकाश में आया। इस पुस्तक में अधिकारी विद्वान् ने सर्वप्रथम इस तथ्य को प्रकाशित किया कि वैदिक युग में बोलियाँ प्रचलित थीं। इस का प्रमाण यह है कि सप्तमी विभक्ति का अधिकरण 'हि' पालि तथा प्राचीन संस्कृत से 'धि' से विकसित हुआ है, जो शास्त्रीय संस्कृत में नहीं मिलता। इसी प्रकार का शब्द-प्रयोग वैदिक काल में ग्रीक भाषा में प्रयुक्त होता था, जो शास्त्रीय नहीं था। इस विचार की पुष्टि करते हुए डॉ. ग्रियर्सन ने अत्यन्त दृढ़ता के साथ प्रतिपादन किया कि वैदिक युग को बोलियाँ सचमुच अपभ्रंश थीं। यथार्थ में द्वितीय स्तर की प्राकृतों में प्राप्त होने वाले रूपों की शास्त्रीय संस्कृत के सन्दर्भ में व्याख्या नहीं की जा सकती। और इस लिए साहित्यिक प्राकृतों की अपेक्षा आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के अध्ययन व अनुसन्धान के लिए अपभ्रंश का महत्त्व अधिक है। वस्तुतः अपभ्रंश का व्यवस्थित अध्ययन आधुनिक युग में जरमन विद्वान् रिचर्ड पिशेल से आरम्भ होता है। उन्होंने आचार्य हेमचन्द्र कृत 'सिद्ध-हेमशब्दानुशासन' प्राकृतव्याकरण का व्यवस्थित रीति से प्रथम बार सम्पादन किया, जो १८७७ ई. में प्रकाशित हुआ। वास्तव में आ. हेमचन्द्र के इस प्राकृत व्याकरण का अत्यन्त महत्त्व है। पिशेल महोदय ने इस व्याकरण के सम्पादन के साथ इस कृति के सम्बन्ध में जो मान्यताएँ स्थापित की हैं, उन का ही उल्लेख उन्होंने अपने प्राकृत भाषाओं के व्याकरण में किया है। यह महान् व्याकरण ग्रन्थ उस समय के ज्ञात तथा प्रकाशित एवं अप्रकाशित सैकड़ों ग्रन्थों के अनुशीलन के आधार पर २५-३० वर्षों के सुदीर्घ परिश्रम से तैयार किया गया था। सन् १९०० ई. में इस का प्रकाशन जरमनी के स्ट्रासबर्ग नगर से हुआ। इस में लगभग प्राकृत की पच्चीस व्याकरण-रचनाओं का विवेचन विभिन्न सन्दर्भों में किया गया है। चण्ड का प्राकृतलक्षण तब तक प्रकाशित हो चुका था। डॉ. हार्नले ने इसे आर्षव्याकरण कहा था। इस का संस्करण उन्होंने तैयार किया था, जो 'द प्राकृत लक्षणम् एण्ड चण्डाज ग्रैमर ऑव द एन्शण्ट प्राकृत' भाग १ नाम से १८८० में कलकत्ता से प्रकाशित हो चुका था। इसी प्रकार १८८९ में ब्यूलर की पुस्तक 'इयूबर डास लेबन डेस जैन मोएन्चोस हेमचन्द्रा' विएना से प्रकाशित हो चुकी थी। डॉ. पिशेल ने इन सभी को अपने व्याकरण में उद्धृत किया है। कोलब्रुक का मत उद्धृत करते हुए उन का कथन है—कोलब्रुक का मत था कि जैनों के शास्त्र मागधी प्राकृत में लिखे गये हैं, जो संस्कृत के नाटकों से भिन्न भाषा में हैं। यह मागधी प्राकृत संस्कृत से निकली है। लास्सन का विचार था कि मागधी प्राकृत और महाराष्ट्री एक ही भाषाएँ हैं। किन्तु होएफर इस बात पर दृढ़ रहे कि जैन शास्त्रों की प्राकृत भाषाएँ कुछ भिन्न तथा विशेष अवश्य हैं। परन्तु जेकोबी इस सिद्धान्त पर पहुँचे कि जैन शास्त्रों की भाषा बहुत प्राचीन महाराष्ट्री है। इस प्रकार रिचर्ड पिशेल के 'ग्रैमैटिक डेर प्राकृत-श्प्राखन' प्रकाशित होने के पूर्व प्राकृत भाषा के सम्बन्ध में हॉर्नले, लास्सन, होएफर तथा वेबर आदि के मत प्रकाश में आ चुके थे। परन्तु अपभ्रंश भाषा के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्बन्ध में विचार कर लिखने वाले पिशेल प्रथम विद्वान् थे। इस दिशा में उन का प्रथम कार्य 'देशीनाममाला' के सम्पादन के रूप में प्रकट हुआ, जो १५ मार्च, १८८० में जरमन के कील नगर से प्रकाशित हुई। इस के परिचय में पिशेल ने विविध शब्दों का विचार त्रिविक्रम के प्राकृत-व्याकरण तथा हेमचन्द्र के प्राकृतव्याकरण (हस्त-लिखित ग्रन्थों) के आधार पर किया। अपभ्रंश के अध्ययन के लिए ये दोनों ही व्याकरण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। इन प्राकृतव्याकरणों के अन्त में अपभ्रंश का व्याकरण भी सम्मिलित है। लास्सन ने 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए' में तथा पिशेल ने प्राकृतव्याकरण में-एक स्वर से यह माना है कि अपभ्रंश वास्तव में जनता के द्वारा बोली जाती रही होंगी। अपभ्रंश बोलियों का उल्लेख करते हुए डॉ. पिशेल ने स्पष्ट रूप से प्रतिपादन किया है कि बहुत प्राचीन समय से ही इन बोलियों में साहित्यिक रचनाएँ लिखी जाती रही हैं। भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में उल्लिखित "शौरसेनं समाश्रित्य भाषा कार्या तु नाटके" कथन से भी यही तात्पर्य है कि अपभ्रंश बोलियों में नाटक लिखे जाते रहे होंगे, तभी नाट्यशास्त्र में विधान किया गया। रिचर्ड पिशेल ने भली भाँति अपभ्रंश बोलियों का जनबोलियों तथा लोकनाट्यों से सम्बन्ध स्थापित किया। उन का कथन है कि जिन्हें बंगाल में जात्रा और उत्तर भारत में रास आदि कहा जाता है, वास्तव में ये वही नाटक हैं, जो अल्मोड़ा और नेपाल में भी आमोद-प्रमोद के लिए जनता के द्वारा खेले जाते हैं। इन का एक नमूना 'हरिश्चन्द्र नृत्यम्' के रूप में जरमनी में प्रकाशित हुआ है। इस अपभ्रंश को कभी किसी ने प्राकृत नहीं बताया। यह वह अपभ्रंश भाषा है जो दण्डिन् के अनुसार काव्य की भाषा थी और जो रविकर के अनुसार प्राकृत से नाम मात्र को भिन्न रही है। रविकर के मत में दो प्रकार की अपभ्रंशों में भेद बताया गया है। प्रथम प्रकार की अपभ्रंश प्राकृत से निर्गत है और दूसरी प्रकार की देशभाषा अपभ्रंश है। इस तरह कई प्रमाणों तथा विभिन्न विचारों का आलोचन कर रिचर्ड पिशेल ने युक्तियुक्त रूप से यह निष्कर्ष फलित किया कि केवल संस्कृत को ही प्राकृतों का मूल समझना, जैसा कि कई विद्वान् समझते हैं और इन विद्वानों में होएफर, लास्सन, भण्डारकर और जेकोबी भी सम्मिलित हैं, भ्रमपूर्ण है। सभी प्राकृत भाषाओं का वैदिक व्याकरण शब्दों, नाना स्थलों पर साम्य है और ये बातें संस्कृत में नहीं पायी जातीं। इन शब्दों में आधुनिक युग में प्रथम बार प्राकृत तथा अपभ्रंश की उत्पत्ति के सम्बन्ध में प्रचलित एवं प्रचारित भ्रम का निरसन कर रिचर्ड पिशेल ने मौलिक एवं निष्पक्ष विचारों को प्रस्तुत किया। उन के इस महत्त्वपूर्ण अध्ययन की प्रमुख विशेषता है—शोधपूर्ण एवं तुलनात्मक विवेचन। लगभग सात दशकों की इस दीर्घ अवधि में उन के प्राकृत भाषाओं के अध्ययन का वही महत्त्व आज भी है, जो प्रकाशन के समय था। उन की यह पुस्तक किसी भी महान् थीसिस से कम नहीं है। मध्य भारतीय आर्यभाषाओं के अध्ययन के लिए आज तक यह सन्दर्भ ग्रन्थ का काम दे रही है। इस से इस की महत्ता स्पष्ट है। यह मूल ग्रन्थ जरमन भाषा में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लिखा गया था, जिस का अँगरेज़ी अनुवाद डॉ. सुभद्र झा ने किया था और जो मोतीलाल बनारसी दास के यहाँ से प्रकाशित भी हो चुका है। हिन्दी में मूल जरमन से इस का अनुवाद डॉ. हेमचन्द्र जोशी के द्वारा अविकल रूप से किया गया, जो बाद में १९५८ में बिहार-राष्ट्र-भाषा-परिषद् से प्रकाशित हुआ। अँगरेज़ी में यह 'कम्परेटिव ग्रैमर ऑव द प्राकृत लैंग्वेज' तथा हिन्दी में 'प्राकृत भाषाओं का व्याकरण' नाम से प्रकाशित किया गया।

प्राकृत के पाणिनि

प्राकृत भाषाओं का व्याकरण लिखकर यथार्थ में रिचर्ड पिशेल अमर हो गये। पाणिनि ने संस्कृत भाषा का जैसा व्यवस्थित व्याकरण लिखा था वैसा ही व्यवस्थित तथा तुलनात्मक विवेचन पिशेल ने प्राकृत भाषाओं का किया है। उन के इस विवेचन के अन्तर्गत अपभ्रंश की ध्वनियाँ, स्वर तथा रूप-रचना सम्बन्धी प्रवृत्तियों का तुलनात्मक विचार किया गया है। अतएव विद्वानों का यह कथन कि पिशेल प्राकृत के पाणिनि थे, उचित ही है। यद्यपि श्रीमती डोल्ची नित्ति ने पिशेल की कुछ भूलों का उल्लेख किया है, किन्तु अभी तक उन निदानों तथा पूर्वापर विचारों का सम्यक् पर्यालोचन नहीं हो सका है। वस्तुतः पिशेल महोदय ने वैदिक भाषाओं के मूल उत्स से ले कर प्राकृत-अपभ्रंश बोलियों की प्रकृति-प्रवृत्ति का विशेष रूप से अनुशीलन किया है। उन के समय में जो सामग्री उपलब्ध थी या सम्बन्धित सामग्री उपलब्ध हो सकती थी, उस सब का विचार उन्होंने किया है। अपने इस व्याकरण में उन्होंने विषय से सम्बन्धित सभी विचारों तथा आलोचनाओं का अध्ययन कर समालोचनात्मक टिप्पणियों के रूप में युक्तियुक्त तथा सटीक विवेचन किया है। इसी व्याकरण की पूर्ति के रूप में उन की लिखी हुई 'माटेरिआलिसन् त्सुर् डेस् अपभ्रंश' १९०२ में बर्लिन से प्रकाशित हुई। इस पुस्तक में अपभ्रंश का पहली बार स्वतन्त्र रूप से विचार तथा विवेचन किया गया। ये दोनों ही ग्रन्थ मध्ययुगीन भारतीय आर्यभाषाओं के वास्तविक स्वरूप को समझने के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुए हैं। इन की सफलता का मुख्य कारण वैदिक साहित्य का सम्यक् अध्ययन रहा है। डॉ. पिशेल, कील तथा बर्लिन विश्वविद्यालय में आजीवन संस्कृत का अध्यापन करते रहे। इन की लिखी हुई 'वैदिक स्टडीज़' पुस्तक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इस प्रकार तुलनात्मक अध्ययन के क्षेत्र में पिशेल सदैव स्मरणीय रहेंगे।

प्राकृत-अपभ्रंश के महान् विद्वान् के रूप में दूसरे भाषाशास्त्री डॉ० हर्मन जेकोबी हैं। सौभाग्य से जेकोबी भी जरमनी थे। पिशेल की भाँति जेकोबी भी भारतीय विद्या के विशेष प्रेमी थे। उन का सम्पूर्ण जीवन अध्ययन-अध्यापन में बीता। वे जरमन के बॉन विश्वविद्यालय में भारतीय विद्या के प्राध्यापक थे। डॉ. पिशेल ने प्राकृतों की जिस दिशा में अध्ययन-अध्यापन का कार्य किया था, उसी कार्य को डॉ.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जेकोबी ने अग्रसर किया। इस के साथ ही उन्होंने मुख्य रूप से जैनागमों का गम्भीर अध्ययन किया। सूत्रग्रन्थों का अध्ययन और संशोधन तथा सम्पादन करना ही उन का प्रारम्भिक उद्देश्य था। परन्तु धीरे-धीरे जैन साहित्य में उन की रुचि समाविष्ट होती गयी। उन्होंने सब से पहले 'उत्तराध्ययनसूत्र' का अध्ययन किया। उस पर उन्होंने एक टीका भी लिखी। टीका में कितनी ही प्राकृत-कथाओं का उल्लेख देख कर उन्होंने कथाओं का एक संग्रह तैयार किया, जो पाठ्य-पुस्तक "औसगे वैल्ते एत्से लिंगन इन महाराष्ट्री" (महाराष्ट्री से चुनी हुई कहानियाँ) के रूप में १८८६ में लिपज़िग (जरमन) से प्रकाशित हुई। इस के परिचय (इण्ट्रोडक्शन) में महाराष्ट्री प्राकृत के सम्बन्ध में विशद विवेचन किया गया है। इस परिचय का अँगरेज़ी अनुवाद डॉ. ए. एम. घाटगे ने किया है, जो 'द जैन एन्टिक्वेरी' में प्रकाशित हो चुका है। अपने इस प्राथमिक वक्तव्य में डॉ. जेकोबी ने वैदिक भाषाओं से लेकर आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं तक के विकास की जिस धारा का ऐतिहासिक दृष्टि से अध्ययन किया था और जिस बात को पिशेल महोदय पहले ही प्राकृतों के व्याकरण के रूप में लिख चुके थे, उसी आधार पर उन्होंने अपभ्रंश के बहुविध रूपों तथा बोलियों का विचार किया। उन के स्पष्ट विचार हैं—भारतीय आर्यभाषाएँ विकास की तीन अवस्थाओं को पार कर चुकी हैं। वे तीन अवस्थाएँ हैं—संस्कृत (वैदिक, इपिक और क्लासिकल) मध्यभारतीय या प्राकृत (पाली, प्राकृत, महाराष्ट्री और अपभ्रंश) तथा आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ। उत्तर बौद्धों की गाथा बोलियों का विचार करते हुए वे कहते हैं कि जिस प्रकार उच्च जरमन के लोग अपनी प्रवृत्ति के अनुसार निम्न जरमन की भाषा में बोलते और सोचते हैं, उसी प्रकार गाथाओं की प्राकृत भी संस्कृत के अनुरूप लिखी गयी, जिस से उस पर संस्कृत का प्रभाव दिखलाई पड़ता है। वास्तव में महाराष्ट्री अपने युग की साहित्यिक भाषा रही है। पाली, प्राकृत और अपभ्रंश भाषाएँ ध्वनि, वाक्य-रचना एवं बनावट में एक-दूसरे से भिन्न हैं। प्राकृत अलग है और अपभ्रंश अलग। प्राकृत से अपभ्रंश में जटिलता तथा रूपों की कमी है। महाराष्ट्री प्राकृत का भी अधिकतर प्रयोग जैन-साहित्य में हुआ है। इस प्रकार कई महत्त्वपूर्ण बातों की चर्चा उन्होंने इस ग्रन्थ की भूमिका में की है। मुख्य रूप से उन्होंने अपभ्रंश को एक स्वतन्त्र भाषा निरूपित किया। डॉ. जेकोबी ने प्राकृत वाङ्मय का विशेष रूप से अनुशीलन किया। अतएव आचारांगसूत्र, उत्तराध्ययनसूत्र, कल्पसूत्र, कालकाचार्यकथानक, पउमचरियं और समराइच्चकहा आदि प्राकृत ग्रन्थों को उत्तम रीति से संशोधित सम्पादित कर प्रकाशित किया। वस्तुतः सम्पादन और प्रकाशन की दृष्टि से इन का विशेष महत्त्व है। किन्तु प्राकृतों का महत्त्व तथा स्वरूप निर्धारण करने में जो तलस्पर्शी सूक्ष्मदृष्टि तथा विवेचन की पद्धति रिचर्ड पिशेल में लक्षित होती है, वह जेकोबी में नहीं है। उन का महत्त्व विशेष रूप से अपभ्रंश-साहित्य की खोज करने में समाहित है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपभ्रंश साहित्य के प्रथम अन्वेषक

यद्यपि पिशेल महोदय के पूर्व ही हर्मन जेकोबी जैन साहित्य का महत्त्व प्रतिपादित कर चुके थे, किन्तु 'प्राकृत भाषाओं का व्याकरण' से प्रभावित होकर उन्होंने प्राकृत साहित्य की प्रचुरता तथा अपभ्रंश-साहित्य के अस्तित्व का अनुमान लगा लिया था। रिचर्डपिशेल को भी इस बात का अत्यन्त दुःख था कि केवल आ. हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण में उद्धृत तथा अन्य व्याकरणों में उदाहृत भाषा के नमूनों को छोड़कर अपभ्रंश का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं हो सका था। अतएव अपभ्रंश का कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ न मिलने से वे चाहते हुए भी इस का विशेष एवं विस्तृत विवेचन नहीं कर सके। उन के विचार में अपभ्रंश का साहित्य अवश्य था, किन्तु वह लुप्त हो चुका था। अतएव पिशेल बीम्स, होएफर, लास्सन और भण्डारकर आदि के इस विचार से सहमत नहीं हुए कि प्राकृतभाषाएँ कृत्रिम तथा काव्य की भाषाएँ हैं। उन का मत सेनार से बिलकुल मिलता है कि प्राकृत भाषाओं की जड़ें जनता की बोलियों के भीतर जमी हुई हैं। अपनी इस मान्यता को कई स्थानों पर उन्होंने सप्रमाण पुष्ट किया है। वस्तुतः यही उन की थीसिस है। यदि उस समय अपभ्रंश-साहित्य की एक भी रचना उन्हें प्राप्त हो जाती तो उन्हें बड़ा बल एवं आधार प्राप्त हो जाता। किन्तु उन का अनुमान पुष्ट था, यह देखकर आज आश्चर्य-चकित हो जाना पड़ता है। कम से कम सामग्री के आधार पर अच्छे से अच्छा विवेचन प्रस्तुत कर शोध की एक नवीन दिशा को उन्होंने जन्म दिया, इस में कोई सन्देह नहीं।

अपभ्रंश साहित्य के अनुसन्धान की कथा हर्मन जेकोबी की भारतीय यात्रा से सम्पृक्त है। जेकोबी ने बहुत पहले ही इस बात का दृढ़ अनुमान कर लिया था कि अपभ्रंश साहित्य अवश्य ही भारत के किसी न किसी कोने में अज्ञात पड़ा है। अतएव इस खोज-यात्रा के सन्दर्भ में उन्होंने दो बार भारत के लिए जर्मनी से प्रवास किया। अपने द्वितीय प्रवास में सन् १९१३–१४ में भारतवर्ष के कई प्रमुख जैन भण्डार-केन्द्रों का परिभ्रमण किया। मार्च १९१४ में जेकोबी अहमदाबाद पहुँचे। गुजरात, राजपूताना के कितने ही जैन ग्रन्थ-भण्डारों का अवलोकन करते हुए जब आशा-निराशा की तरंगों में डूबते-उतराते वे अहमदाबाद के एक जैन ग्रन्थ-भण्डार को देखने गये तभी एक जैन साधु के पास रखी हुई एक प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ की प्रति पर उन की दृष्टि पड़ी। उन्होंने जब उस ग्रन्थ के सम्बन्ध में पूछा तो बताया गया कि यह प्राकृत की कोई अज्ञात रचना है। स्वभावतः जेकोबी महोदय ने उसे उलट-पलट कर देखा, और उस ग्रन्थ की दो-चार पंक्तियों को ध्यान से पढ़ा। ग्रन्थ पढ़ते ही जेकोबी अत्यन्त चमत्कृत हुए और हर्ष से उछल पड़े। तुरन्त ही उन के मुख से जो शब्द निकल पड़े उन का भाव था कि "अरे! यह तो कोई अपभ्रंश रचना लग रही है।" उन्हें उस समय उतना ही आनन्द प्राप्त हुआ, जितना कि पुत्ररत्न की प्राप्ति के समय होता है। उस ग्रन्थ को समग्र रूप से पढ़ने की उत्सुकता और उत्साह में वे वहीं उपाश्रय में बैठ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर तुरन्त अपने हाथ से प्रतिलिपि करने लगे। यहाँ तक कि उस दिन वे पूरी रात जागते रहे और उस कथाग्रन्थ की प्रतिलिपि करते रहे। जिस साधु के भण्डार से यह काव्यग्रन्थ मिला था, वह साधु डॉ. जेकोबी को काव्यग्रन्थ देने के लिए तैयार नहीं था। अतएव डॉ. जेकोबी कई दिनों तक लगातार बैठ कर उस की नक़ल करते रहे, और बाद में अवशिष्ट पत्रों की फ़ोटोकापी तैयार करवायी। यह काव्यग्रन्थ अपभ्रंश भाषा में महाकवि धनपाल का लिखा हुआ 'भविसयत्तकहा' था। अपभ्रंश साहित्य का यह प्रथम महत्त्वपूर्ण काव्य डॉ. जेकोबी के सतत प्रयास से प्रकाश में आया। कुछ दिनों के बाद सौराष्ट्र के प्रवास में उन्हें एक दूसरा काव्यग्रन्थ उपलब्ध हुआ। यह राजकोट के एक साधु के पास से प्राप्त हुआ था। इस ग्रन्थ का नाम 'नेमिनाथचरित' था। इस की पूर्ण हस्तलिखित प्रति ही जरमन विद्वान् को मिल गयी थी। इस प्रकार अपभ्रंश ग्रन्थों की पहली जानकारी डॉ. जेकोबी को प्राप्त हुई थी।

उन दिनों प्रथम महायुद्ध के विप्लव-बादल चारों ओर मँडरा रहे थे। विश्वव्यापी महायुद्ध प्रारम्भ हो गया था। इस लिए लगभग चार वर्षों तक जेकोबी महोदय कुछ भी प्रकाशित नहीं कर सके। सन् १९१८ ई० में म्यूनिक रायल एकेडेमी से 'भविसयत्तकहा' का प्रथम संस्करण प्रकाशित हुआ, जो व्याकरण, शब्द-रचना, शब्दकोश आदि से भलीभाँति अलंकृत था। एक ही प्रति पर आधारित होने के कारण ग्रन्थ में अशुद्धियों का रह जाना स्वाभाविक ही था, किन्तु परिश्रम बहुत अधिक किया गया था। अपभ्रंश का सर्वप्रथम प्रकाशित होने वाला यही साहित्यिक ग्रन्थ था। इस के प्रकाशित होने के तीन वर्षों के पश्चात् सन् १९२१ में डॉ. जेकोबी ने आ. हरिभद्रसूरि विरचित 'नेमिनाथचरित' के अन्तर्गत 'सनत्कुमारचरित' का सुसम्पादित संस्करण प्रकाशित किया। सन् १९२३ में भारतवर्ष में प्रथम बार गायकवाड़ ओरियंटल सीरीज़, बड़ोदा से सी. डी. दलाल और पी. डी. गुणे के द्वारा सुसम्पादित भविष्यदत्तकथा का प्रकाशन किया गया। उस के बाद अनेक अपभ्रंश ग्रन्थों का पता लगता गया। भारतीय विद्वान् जिन्हें प्राकृत का समझते रहे, उन में से कई ग्रन्थ अपभ्रंश के निकले। यहाँ तक कि पूना में संस्कृत हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज के समय जो जैन ग्रन्थ निर्दिष्ट किये गये थे उन्हें प्राकृत का बताया गया था, किन्तु पं. नाथूराम प्रेमी ने उन अपभ्रंश ग्रन्थों के सम्बन्ध में प्रकाश डाला था। भारतवर्ष में विगत तीन दशकों के पूर्व तक सामान्य रूप से प्राकृत तथा अपभ्रंश में कोई अन्तर नहीं समझा जाता था। आज भी अधिकतर संस्कृत के विद्वान् अपभ्रंश को संस्कृत या प्राकृत से उत्पन्न तथा अभिन्न मानते हैं। डॉ. जेकोबी ने इस साहित्य को खोज कर वास्तव में महान् उपकार किया।

डॉ. जेकोबी के अनुसन्धान के उपरान्त अपभ्रंश भाषा के सम्बन्ध में जो नये सिरे से विचार किया गया, उस में मौलिकता की दृष्टि से डॉ. एल. पी. टेस्सिटरी का योगदान मुख्य है। यद्यपि उन का मुख्य शोध-कार्य पश्चिमी राजस्थानी पर है, किन्तु राजस्थानी और गुजराती का पूर्ण विचार अपभ्रंश के मूल सन्दर्भ में हुआ है। उन का शोध-निबन्ध

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'नोट्स आन द ग्रैमर ऑव द ओल्ड वेस्टर्न राजस्थानी विद स्पेशल रिफ्रेंस टु अपभ्रंश एण्ड गुजराती एण्ड मारवाड़ी' शीर्षक से 'इण्डियन एण्टिक्वेरी' में धारावाहिक रूप से १९१४ के अप्रैल से ले कर १९१६ के जून तक के कई अंकों में प्रकाशित हुआ। वास्तव में यह एक शोध-प्रबन्ध ही है। इस का हिन्दी अनुवाद 'पुरानी राजस्थानी' के नाम से ना. प्र. सभा, काशी से वि. सं. २०१२ में प्रकाशित किया गया। इस के अनुवादक विषय के तत्त्वज्ञ श्री नामवरसिंह हैं। जैसा कि डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी ने कहा है कि यह राजस्थानी तथा गुजराती भाषातत्त्व की बुनियादी पुस्तक है, वैसे ही यह भी कहा जा सकता है कि अपभ्रंश-युग के ध्वनि-तत्त्व के विकास की दिशा को समझने के लिए यह वास्तव में बुनियादी पुस्तक है। डॉ. नामवरसिंह के शब्दों में, "तेस्सितोरी ने अपभ्रंश और आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के बीच की उस खोई हुई कड़ी के पुनर्निर्माण का प्रयत्न किया है जिस के विना आधुनिक भाषा का ऐतिहासिक व्याकरण लिखा ही नहीं जा सकता।" वस्तुतः टेस्सिटरी ने ध्वनि-विचार भाषावैज्ञानिक प्रक्रिया के सर्वथा अनुकूल तथा युक्तियुक्त किया है। उन का कथन है कि प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में भी वही ध्वनि-व्यवस्था है जो अपभ्रंश में है, अन्तर केवल इतना है कि प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी में जैन महाराष्ट्री की तरह आद्य ण तथा मध्यग ण्ण दन्त्य हो जाते हैं। अपने इस अध्ययन में टेस्सिटरी ने प्राकृत भाषाओं के व्याकरण, लास्सन, डॉ. हॉर्नले तथा ट्रम्प आदि के विचारों का भलीभाँति आश्रय लिया है। लेखक ने परिशिष्ट में प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी की दस रचनाओं के संकलित उदाहरण भी दिये हैं।

यद्यपि डॉ. जॉर्ज ए. ग्रियर्सन का महान् शोध-कार्य 'भारतीय भाषाओं का सर्वेक्षण' बहुत समय पहले ही प्रारम्भ हो चुका था, किन्तु सर्वेक्षण की प्रथम जिल्द 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑव इण्डिया' के नाम से सन् १९२७ में प्रकाशित हुई। इस के प्रथम भाग में डॉ. ग्रियर्सन ने भारतीय आर्यभाषाओं के विकास के तीन सोपानों को तीन प्राकृतों के नाम से अभिहित किया है। उन की मान्यता है कि शताब्दियों से भारतीय आर्य-भाषा प्राकृत नाम से पुकारी जाती रही है। प्राकृत का अर्थ है--नैसर्गिक एवं अकृत्रिम भाषा। इसी प्रकार इन प्राकृतों की आधारभूत बोलचाल की जन-भाषाएँ रही हैं। इन प्राकृतों के मुख्य दो रूप थे--पश्चिमी तथा पूर्वी प्राकृत। पश्चिमी प्राकृत शूरसेन प्रदेश अथवा गंगा के मध्य दोआब के निकट से ले कर सुदूर पश्चिमोत्तर प्रान्त में--वर्तमान अफ़ग़ानिस्तान तथा बलोचिस्तान प्रदेश में--निश्चित रूप से प्रचलित थी। पूर्वी प्राकृत की प्रमुख भाषा मागधी थी। अपभ्रंश जनता की भाषा थी, जिसे स्थानीय प्राकृत भी कहा गया है। अपभ्रंश की विभिन्न विभाषाओं से ही आधुनिक भारतीय आर्य-भाषाओं का विकास हुआ--यह डॉ. ग्रियर्सन की मुख्य मान्यता है। इस का विस्तार से विचार करने वाले प्रथम विद्वान् ग्रियर्सन ही हैं। मुख्य रूप से उन्होंने सिन्धु नदी के निचले प्रदेश की अपभ्रंश को व्राचड, दक्षिण की दाक्षि-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

णात्य, पूर्व में बंगाल की खाड़ी तक ओड्र अथवा औत्कल अपभ्रंश, छोटा नागपुर, बिहार तथा उत्तर प्रदेश के आधे भाग में वाराणसी तक मागध अपभ्रंश का प्रसार था। इस प्रकार डॉ. ग्रियर्सन ने अपभ्रंश की विभिन्न विभाषाओं से आधुनिक भा. आर्य-भाषाओं का विकास मान कर विकास की अवस्थाओं का वास्तविक रूप प्रस्तुत किया।

डॉ. ग्रियर्सन के ही समकालीन पं. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी ने वि. सं. १९७८ में नागरी प्रचारिणी पत्रिका न. सं., भाग २ में 'पुरानी हिन्दी' के नाम से एक नवीन अवधारणा प्रस्तुत की, जिस के अनुसार अपभ्रंश की उत्तरकालिक अवस्था की भाषा को 'पुरानी हिन्दी' कहा गया। गुलेरी जी के अनुसार—"पुरानी गुजराती, पुरानी राजस्थानी, पुरानी पश्चिमी राजस्थानी आदि नाम कृत्रिम हैं और वर्तमान भेद को पीछे की ओर ढकेल कर बनाये गये हैं। जैसे नानक से लेकर दक्षिण के हरिदासों तक की कविता 'व्रज-भाखा' कहलाती थी वैसे अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी कहना अनुचित नहीं, चाहे कवि के देशकाल के अनुसार उस में कुछ रचना प्रादेशिक हो।" वस्तुतः गुलेरी जी की यह मान्यता मान्य नहीं हो सकी। क्योंकि अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी कहने में कोई लाघव नहीं था। फिर, अपभ्रंश का विपुल साहित्य उन के समय तक प्रकाश में नहीं आया था, जिस में देशी भाषा, अवहंस, अवहट्ट आदि कई शब्दों का प्रयोग अपनी भाषा के लिए मिलता है। अतएव उन का सुझाव व्यावहारिक होने पर भी मान्य न हो सका।

इधर प्राकृत भाषा का परिचयात्मक व्याकरण तथा साहित्य का विचार करते हुए ए. सी. वुल्नर ने 'इन्ट्रोडक्शन टु प्राकृत' लिखा, जो सन् १९१७ में प्रकाशित हुआ। इस पुस्तक में उन्होंने डॉ. ग्रियर्सन और जेकोबी की मान्यताओं का उल्लेख करते हुए ऋग्वेद में प्राप्त होने वाली प्राकृत-ध्वनियों तथा ध्वनि-तत्त्वों की विविधता का उल्लेख किया। संस्कृत की तुलना वुल्नर ने लेटिन से की, जो शिक्षित तथा पण्डितों की भाषा रही है। अपभ्रंश को उन्होंने स्पष्ट रूप से परवर्ती प्राकृत कहा है। इस में कोई सन्देह नहीं है कि प्राकृत की सामान्य विशेषताएँ सामान्य रूप से अपभ्रंश में मिलती हैं, किन्तु भाषा-रचना की दृष्टि से दोनों सर्वथा भिन्न हैं।

इस बीच अपभ्रंश का बहुत कुछ साहित्य प्रकाश में आया। सन् १९१६ में बंगीय साहित्य परिषद्, कलकत्ता से म. म. हरप्रसाद शास्त्री के द्वारा 'बौद्धगान ओ दोहा' का प्रकाशन हुआ। प्रो. हीरालाल जैन का महत्त्वपूर्ण लेख 'अपभ्रंश-साहित्य '(लिटरेचर)' 'इलाहाबाद यूनिवर्सिटी स्टडीज, भाग १' में प्रकाशित हुआ, जिस में कई अज्ञात अपभ्रंश रचनाओं का प्रथम बार विवरण प्रस्तुत किया गया। कुछ समय बाद सन् १९२६ में रायबहादुर हीरालाल का 'केटलॉग ऑव संस्कृत एण्ड प्राकृत मेन्युस्क्रिप्ट्स इन द सी. पी. एण्ड बरार', नागपुर से तथा १९३० में एच. डी. वेलणकर का 'केटलाग ऑव संस्कृत एण्ड प्राकृत मेन्युस्क्रिप्ट्स', जिल्द ३-४, बम्बई से एवं 'जिनरत्नकोष' (१९४४) पूना से प्रकाशित हुए, जिन में अपभ्रंश रचनाओं का विवरण मिलता है। प्रकाशन की दिशा में बीसवीं शताब्दी का तृतीय शतक अपभ्रंश

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रहा है। भविष्यदत्तकथा के प्रकाशन के अनन्तर गायकवाड़ ओरियण्टल सीरीज़ के अन्तर्गत ही पं. लालचन्द्र भगवान् गान्धी के दो संकलन प्राचीन गुर्जर काव्य-संग्रह तथा अपभ्रंश-काव्यत्रयी क्रमशः १९२० एवं १९२७ में प्रकाशित किये गये। इधर डॉ. बाबूराम सक्सेना ने 'कीर्तिलता' का विधिवत् सम्पादन किया, जो पुस्तक के रूप में नागरी प्रचारिणी सभा, काशी से १९२९ में प्रकाशित हुई। किन्तु इन सब से महत्त्वपूर्ण कार्य डॉ. पी. एल. वैद्य तथा डॉ. हीरालाल जैन का था। डॉ. वैद्य के द्वारा सम्पादित 'यशोधरचरित' १९३१ में तथा डॉ. जैन द्वारा सम्पादित 'सावयधम्म-दोहा' १९३२ में तथा 'पाहुडदोहा' एवं 'णायकुमारचरिउ' १९३३ में कारंजा से प्रकाशित हुए। इसी समय राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी-अपभ्रंश के प्राचीनतम कवि और उन की कविताओं के सम्बन्ध में कदाचित् पहली बार आलोचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। लगभग १९३४ से ३७ के बीच टी० बरो के द्वारा प्रकाशित विभिन्न शोधपत्रों एवं पुस्तक 'द लैंग्वेज़ ऑव द खरोस्ट्री डाकुमेण्ट्स' से निय-प्राकृत के सम्बन्ध में नयी जानकारी प्राप्त हुई।

अपभ्रंश साहित्य का सम्पादन-काल

यद्यपि 'प्राकृत व्याकरण' सन् १८७७ ई. में तथा 'भविष्यदत्तकथा' सन् १९१८ में प्रकाशित हो चुकी थी, किन्तु यथार्थ में १९वीं शती का अन्तिम चरण अपभ्रंश की अनुसन्धानात्मक खोज-खबर का काल था। अपभ्रंश का प्रारम्भिक काल भाषा के शोध एवं अनुसन्धान का था, जो लगभग सन् १८३५ ई. से प्रारम्भ हो कर लगभग सन् १९१५ ई. तक का समय था। इन लगभग पचास वर्षों में अपभ्रंश के सम्बन्ध में नानाविध अनुमान किये गये, तथा भाषा की दृष्टि से कई विद्वानों ने ऊहापोह किया। लगभग सन् १९१५ से १९३० ई. तक का समय अपभ्रंश साहित्य की खोज का समय था। इस के तुरन्त बाद ही अपभ्रंश साहित्य का सम्पादन-काल आरम्भ हो जाता है। सन् १९३१ से १९६० ई. तक का समय अपभ्रंश साहित्य का सम्पादनकाल रहा है। इस काल में डॉ. पी. एल. वैद्य द्वारा सम्पादित 'जसहरचरिउ' के अतिरिक्त तीन भागों में महाकवि पुष्पदन्त कृत 'महापुराण' सम्पादित हो कर सन् १९३७-४१ ई. में माणिकचन्द्र दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई से प्रकाशित हुआ। इसी समय राहुल जी ने हिन्दी काव्यधारा का सम्पादन किया। जिस में ७५०-१२०० ई. तक के ८४ सिद्धों तथा अन्य अपभ्रंश कवियों की काव्य रचनाओं के अंश प्रकाशित हुए। इसी काल में मुनि जिनविजय जी द्वारा सम्पादित मेरुतुंगाचार्य विरचित 'प्रबन्ध चिन्तामणि' (शान्ति-निकेतन, वि. सं. १९८९), राजशेखर सूरि कृत 'प्रबन्ध कोश' (सं. १९९१), 'पुरातन प्रबन्ध-संग्रह' (सं. १९९२) एवं 'सन्देशरासक' (सन् १९४५ ई.) प्रकाशित हुए। डॉ. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये द्वारा सम्पादित 'परमात्मप्रकाश' और 'योगसार' सन् १९३७ ई. में ही प्रकाश में आ चुके थे। इस सामग्री के प्रकाशन से तथा 'जिनरत्न-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कोश' (पूना, सन् १९४४ ई.) के प्रकाशित हो जाने से अपभ्रंश का बहुत कुछ साहित्य जानकारी में आ गया। किन्तु, आलोचनात्मक दृष्टि से इस का अध्ययन सन् १९५० ई. के पूर्व नहीं किया गया। यद्यपि हिन्दी साहित्य के समर्थ समालोचक डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी सन् १९४० ई. में 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' में अपने क्रमबद्ध विचार प्रकट कर चुके थे और पं. नाथूराम प्रेमी 'जैन साहित्य और इतिहास' (सन् १९४२ ई.) में स्वयम्भू आदि की स्थिति का विचार-अनुशीलन कर चुके थे, किन्तु इस साहित्य का वास्तविक मूल्यांकन डॉ. द्विवेदी जी ने 'हिन्दी-साहित्य का आदिकाल' (सन् १९५२ ई.) में किया।

ग्रन्थ-सूची के निर्माण का कार्य भी इन्हीं वर्षों में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम 'बृहत्टिप्पनिका' नामक प्राचीन जैन ग्रन्थसूची अनुमानतः विक्रम की पन्द्रहवीं शताब्दी के लगभग लिखी गयी थी। यह मुख्य रूप से अणहिल्लपुर, पाटण, खम्भात, भरुच और प्रभासपाटण के मुख्य भण्डारों की ग्रन्थ-सूची कही जाती है। आधुनिक युग में कदाचित् प्रथम बार जरमन से १८९७ ई. में 'वीनेर जेटिश्चिफ्ट फु डी कुण्डे डेस मोरजेनलेण्डस' प्रकाशित हुआ, जिस में पृष्ठ २९७-३१२ पर अर्नेस्ट ल्युमन के द्वारा निर्मित 'ए लिस्ट ऑव द स्ट्रासबर्ग कलेक्शन ऑव दिगम्बर मैन्युस्क्रिप्ट्स' का प्रकाशन किया गया। इस में २०० हस्तलिखित दिगम्बर जैन-ग्रन्थों की सूची है। भारतवर्ष में कोल्हापुर से सं. १९०० में 'ए केटलॉग ऑव द मैन्युस्क्रिप्ट्स इन द मठ ऑव श्री लक्ष्मीसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामिन्' हिन्दी में प्रकाशित हुआ। अनन्तर वि. सं. १९६५ में श्री जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेन्स, बम्बई से 'जैनग्रन्थावलि' प्रकाशित हुई। इसी प्रकार सन् १९१८ में सूरत से मोहनलाल जी जैन-भण्डार-सूची का प्रकाशन झवेरचन्द रायचन्द ने कराया। किन्तु व्यवस्थित रूप से यह कार्य श्री चिमनलाल डाह्याभाई दलाल के द्वारा सम्पन्न हुआ। उन की पुस्तक 'पाटणना भण्डारो अने खास करीना तेमां रहेलुं अपभ्रंश तथा प्राचीन गुजराती साहित्य' सन् १९१४ में प्रकाशित हुई। यथार्थ में हर्मन जेकोबी के अनन्तर अपभ्रंश साहित्य की शोध-अनुसन्धान की दिशा में यह एक महत्त्वपूर्ण चरण था, जिस के प्रकाशित होते ही अपभ्रंश की साहित्यिक सामग्री का पता चल सका। यही नहीं, १९२३ में 'केटलॉग ऑव मैन्युस्क्रिप्ट्स इन जैसलमेर भण्डाराज' के बड़ौदा ओरियण्टल सीरीज से प्रकाशन के साथ ही अपभ्रंश का बहुत सा साहित्य प्रकाश में आ गया। सन् १९२५ में पूना से 'लिस्ट्स ऑव मैन्युस्क्रिप्ट्स कलेक्टेड फ़ॉर द गवर्नमेण्ट मैन्युस्क्रिप्ट्स लाइब्रेरी' प्रकाशित हो गया। सन् १९२६ में नागपुर से रायबहादुर हीरालाल के द्वारा सम्पादित 'केटलॉग ऑव संस्कृत एण्ड प्राकृत मैन्युस्क्रिप्ट्स इन द सेण्ट्रल प्रोविन्सेज एण्ड बेरार' वास्तव में एक महत्त्वपूर्ण तथा उल्लेखनीय कार्य है। मुनि श्री चतुरविजय जी के द्वारा सम्पादित 'लींबड़ीना जैनज्ञानभण्डारनी हस्त-लिखित सूची' वि. सं. १९८५ में बम्बई से प्रकाशित हुई। इसी प्रकार श्री ऐलक पन्नालाल दि. जैन सरस्वती भवन, बम्बई से ले कर आचार्य श्री विनयचन्द ज्ञान-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भण्डार-ग्रन्थसूची, जयपुर तक कई छोटी-बड़ी ग्रन्थ-सूचियाँ प्रकाशित हुईं। इन में बनारसीदास द्वारा सम्पादित 'पंजाबभण्डार सूची,' 'एन अल्फावेटिकल लिस्ट ऑव मैन्युस्क्रिप्ट्स इन द ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट बड़ौदा', पूना से १९४४ में प्रकाशित 'जिनरत्नकोश' तथा 'खम्भात शान्तिनाथ प्राचीन ताड़पत्रीय जैन भण्डारसूची' उल्लेखनीय हैं। गत दो दशाब्दों में मुनि जिनविजय जी द्वारा सम्पादित 'ए केटलॉग ऑव संस्कृत एण्ड प्राकृत मैन्युस्क्रिप्ट्स इन द राजस्थान ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (जोधपुर संग्रह), डॉ. कस्तूरचन्द जी कासलीवाल के द्वारा सम्पादित 'राजस्थान के जैन शास्त्रभण्डारों की ग्रन्थसूची' ५ भाग तथा पं. अम्बालाल प्रेमचन्द शाह के द्वारा लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर, अहमदाबाद से प्रकाशित तीन भाग 'केटलॉग ऑव संस्कृत एण्ड प्राकृत मैन्युस्क्रिप्ट्स' अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार १९६४ में प्रकाशित 'ए केटलॉग ऑव संस्कृत एण्ड प्राकृत मैन्युस्क्रिप्ट्स इन द डेकन कॉलेज पोस्टग्रेज्युएट एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट,' जिल्द १ अत्यन्त उपयोगी है।

भाषाविषयक अनुशीलन

उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में जॉन लेडन ने एक महत्त्वपूर्ण स्थापना प्रस्तुत की थी, जिस के अनुसार अवेस्ता की भाषा को एक प्रकार की प्राकृत और शौरसेनी कहा गया था। कुछ देशी-विदेशी विद्वानों ने प्राकृतों का विचार करते हुए किसी न किसी रूप में वैदिक तथा अवेस्ता की भाषा से लोक भाषा के रूप में प्राकृत का सम्बन्ध निरूपित किया है। डॉ. स्टीन की खोतान से नियप्राकृत के अभिलेखों की खोज के अनन्तर यह सिद्ध हो चुका है कि भारत के बाहर भी प्राकृत भाषा बोलचाल के रूप में रही है। डॉ. आल्सडोर्फ ने अपभ्रंश की ओर विशेष रूप से ध्यान दे कर व्याकरण गत विशेषताओं का निर्देश किया। आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के सन्दर्भ में पिछले पाँच दशकों में अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य किये गये। किन्तु आज तक के प्रकाशित सभी प्राकृत व्याकरणों में सर्वोत्तम और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ सिद्धहैम शब्दानुशासन (१०८८-११७२ ई.) आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृत भाषा का व्याकरण है। वस्तुतः यह ग्रन्थ का आठवाँ अध्याय है।

प्राकृत व्याकरण पर सब से पहले होएफर ने अपनी पुस्तक 'डे प्राकृत डिअलेक्टो लिब्रिदुओ' में सन् १८३६ में (बर्लिन में) अपने विचार प्रकट किये थे। प्रायः उसी समय लास्सन ने अपनी पुस्तक 'इन्स्टीट्यूत्सी ओनेस लिंगु आए प्राकृतिकाए' प्रकाशित की। इस में प्राकृत भाषा से सम्बन्धित प्रचुर सामग्री प्रस्तुत की गयी थी। यह पुस्तक बॉन (जरमन) से सन् १९३९ में प्रकाशित हुई थी। इस प्रकार इस शताब्दी के पूर्व में विशेषतया प्राकृत भाषा का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन का कारण मूल रूप से तुलनात्मक भाषा वैज्ञानिक प्रवृत्ति कही जा सकती है, जिस के मूल में भाषा की सर्व प्राचीन अवस्था की खोज करना था। इसी विषय से सम्बन्धित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

८ दिसम्बर १९३६ में लिंग्विस्टिक कान्फ्रेंस बर्लिन में लुडविग आल्सडोर्फ' ने 'द ओरिजन ऑव द न्यु इण्डो-आर्यन स्पीचेज' नामक शोधपत्र में १५०० ई. पू. से ले कर आधुनिक युग तक की प्राकृत बोलियों का संक्षिप्त विवेचन किया था। अपने शोधपत्र में उन्होंने प्राकृत बोलियों का प्रभाव वेदों तथा परवर्ती संस्कृत साहित्य पर भी बताया। मूल रूप में प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं के विकास क्रम में महत्त्वपूर्ण योग प्राकृत बोलियों का रहा है। यह उन के शोधपत्र में विवेचित मुख्य विचार था। उन के बाद अनेक विद्वानों ने इस विषय पर अपने विचार स्वतन्त्र रूप से प्रकट किये। उन सभी में प्रबोध बेचरदास पण्डित के विचार उल्लेखनीय हैं। उन्होंने अपने प्राकृत भाषा के व्याख्यान में जो पार्श्वनाथ विद्याश्रम से पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है, अपनी मान्यताओं को अधिक प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत किया। अपभ्रंश और जूनी गुजराती की दृष्टि से डॉ. भायाणी ने महत्त्वपूर्ण कार्य किया। भारतीय विद्या पत्रिका (१७,३-४) में इस सम्बन्ध में पूरी एक लेखमाला ही प्रकाशित हुई। गुजराती तथा अपभ्रंश के कई शब्दों का व्युत्पत्तिमूलक अध्ययन उन्होंने प्रस्तुत किया। बाद में डॉ. श्रीमती श्रीयन् ने देश्य शब्दों का भली भाँति विचार कर पुष्पदन्त के महापुराण का देशी शब्दों के सन्दर्भ में विशेष रूप से अनुशीलन कार्य किया। चतुर्मुख के सम्बन्ध में भी भायाणी जी ने पर्याप्त प्रकाश डाला, जिस से अपभ्रंश साहित्य लगभग एक शताब्दी पहले का भली भाँति निश्चित हो गया। यद्यपि राहुल सांकृत्यायन बहुत पहले ही अपभ्रंश साहित्य का मूल्यांकन कर चुके थे और गोस्वामी तुलसीदास के 'रामचरितमानस' पर अपभ्रंश के महाकवि स्वयम्भू का प्रभाव 'हिन्दी-काव्यधारा' की भूमिका में प्रतिपादित कर चुके थे, किन्तु डॉ. तोमर, बाहरी, नामवरसिंह डॉ. हरिवंश कोछड़ और डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन ने हिन्दी साहित्य के सन्दर्भ में विचार किया। भाषा की अपेक्षा साहित्य के सम्बन्ध में ही इन विद्वानों की पुस्तकों में अनुशीलन किया गया। हिन्दी में अपभ्रंश भाषा का अध्ययन प्रस्तुत करने वाली डॉ. वीरेन्द्र श्रीवास्तव की पुस्तक अच्छी है। इस में केवल अपभ्रंश का ही नहीं, अपभ्रंश की उत्तरकालिक अवस्था अवहट्ट का भी अनुशीलन किया गया है। पं. राहुल सांकृत्यायन ने ही ज्ञानसार ग्रन्थावली के प्राक्कथन (पृ. १) में यह उल्लेख किया कि १०० से अधिक अपभ्रंश रचनाएँ तोफुर में तिब्बती अनुवाद में मिली हैं, जिन का भारतवर्ष में अस्तित्व नहीं है। आज तक ये रचनाएँ किसी भारतीय भण्डार में उपलब्ध नहीं हुईं। इस दिशा में डॉ. कासलीवाल ने राजस्थान के जैन ग्रन्थ-भण्डारों की ५ भागों में ग्रन्थ-सूचियाँ प्रकाशित कर महत्त्वपूर्ण कार्य किया। इसी प्रकार से आगरा और दिल्ली के जैन भण्डारों की ग्रन्थ-सूचियाँ अपने-अपने ढंग से तैयार हुईं। वास्तव में ग्रन्थ-सूची के सम्पादन तथा प्रकाशन का कार्य इतना सरल नहीं है, जितना कि समझा जाता है। किसी भी अच्छी ग्रन्थ-सूची में ग्रन्थ से सम्बन्धित पूरा विवरण होना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। केवल ग्रन्थ के पत्रों की संख्या, आकार तथा लेखक के नाम का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उल्लेख कर देने से वह ग्रन्थ-सूची नहीं बन जाती। उस की प्रशस्ति के विवरण के उल्लेख के साथ उस से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ, भाषा की प्रामाणिकता के बोधक कतिपय अंश, लेखक के परिचय से सम्बन्धित विवरण का निर्देश होना भी आवश्यक है। इस दृष्टि से अभी तक श्रीजिनरत्नकोश, ला. द. शोधसंस्थान, अहमदाबाद तथा जोधपुर संग्रह की संस्कृत और प्राकृत ग्रन्थों की प्रकाशित सूचियाँ अच्छी कही जा सकती हैं। किन्तु इन से भी अच्छी सूचियों के प्रकाशन की आवश्यकता है, जिन में ग्रन्थ से सम्बन्धित सभी प्रकार का विवरण मिल सके। विदेशी विद्वानों के द्वारा इस प्रकार की आदर्श ग्रन्थ-सूचियों का प्रकाशन हो चुका है। उन की आदर्श-पद्धति पर यह कार्य किया जा सकता है। अब समय आ गया है, जब इस इस प्रकार के कार्य का ही विशेष रूप से मूल्यांकन एवं श्रेय-सम्पादन हो सकेगा।

अपभ्रंश-साहित्य में शोध-कार्य

अपभ्रंश-साहित्य में विश्वविद्यालयीन स्तर पर भारतवर्ष में प्रथम शोध-कार्य डॉ. हीरालाल जैन का 'अपभ्रंश स्टडीज़' है, जो सन् १९४४ में नागपुर विश्वविद्यालय के द्वारा डी. लिट्. की उपाधि के लिए स्वीकृत हुआ था। किन्तु यह शोध-प्रबन्ध अभी तक प्रकाशित नहीं हो सका। प्रथम प्रकाशित शोध-प्रबन्ध गजानन वासुदेव तगारे का 'हिस्टारिकल ग्रैमर ऑव अपभ्रंश' था, जो १९४० में पूना से प्रकाशित हुआ। दूसरा लघु प्रबन्ध डॉ. नामवरसिंह की लोकप्रिय पुस्तक 'हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योग' है, जिस का प्रकाशन-काल १९५२ है। १९५३ में सिन्धी जैन ग्रन्थमाला से डॉ. हरिवल्लभ चूनीलाल भायाणी का बम्बई विश्वविद्यालय से पीएच. डी. के लिए स्वीकृत 'पउमचरिउ' (विविध पाठभेद, विस्तृत प्रस्तावना, शब्दकोश आदि से समलंकृत) का प्रकाशन हुआ। यद्यपि रामसिंह तोमर को सन् १९५१ में ही प्रयाग विश्वविद्यालय से 'प्राकृत-अपभ्रंश का साहित्य और उस का हिन्दी साहित्य पर प्रभाव' विषय पर डी. फ़िल्. की उपाधि मिल चुकी थी, किन्तु यह प्रबन्ध १९६५ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुआ। इस प्रबन्ध में प्राकृत तथा अपभ्रंश साहित्य का मुख्य रूप से विवरणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है, जिस से कुछ महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ मिलती हैं। दूसरा महत्त्वपूर्ण शोध-प्रबन्ध डॉ. हरिवंश कोछड़ का 'अपभ्रंश-साहित्य' है, जिस पर १९५२ में दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि मिली थी। इस प्रबन्ध में पूर्व प्रकाशित सभी पुस्तकों तथा प्रबन्धों से अधिक अपभ्रंश-साहित्य के सम्बन्ध में जानकारी मिलती है, इस लिए परिचयात्मक होने पर भी महत्त्वपूर्ण है। यथार्थ में सम्पूर्ण अपभ्रंश साहित्य का सम्यक् मूल्यांकन विविध सूचनाओं के सन्दर्भ में लेखक के लिए प्रस्तुत कर सकना सम्भव भी नहीं था। अतएव रूपक, कथा, महाकाव्य, खण्डकाव्य तथा मुक्तक के अन्तर्गत एवं गद्य के नमूने तथा निदर्शन प्रस्तुत करने के साथ ही लगभग तीस पृष्ठों में आलोचनात्मक अध्ययन भी प्रस्तुत किया गया है,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो महत्त्वपूर्ण है। इसी वर्ष डॉ. नामवरसिंह को 'रासो की भाषा' पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त हुई। डॉ. धर्मवीर भारती का शोध-प्रबन्ध 'सिद्ध साहित्य' १९५३ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डी. फिल्. की उपाधि के लिए स्वीकृत हुआ। इस का प्रकाशन १९५५ में किताब महल, इलाहाबाद से हुआ। इस में अपभ्रंश भाषा के बौद्ध सन्त कवियोंके साहित्य का अनुशीलन संधा भाषा, प्रतीक, भाषा-शैली तथा छन्दों के अध्ययन के रूप में किया गया है। सन् १९५७ में डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन (इन्दौर) को आगरा विश्वविद्यालय द्वारा 'अपभ्रंश साहित्य' विषय पर पीएच. डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस शोध-प्रबन्ध में प्रथम बार प्रकाशित अपभ्रंश-साहित्य का समालोचनात्मक विस्तृत अध्ययन किया गया। किन्तु अप्रकाशित अपभ्रंश-साहित्य के सम्बन्ध में जो विवरण डॉ. कोछड़ के प्रबन्ध में मिलता है, उस का इस में अभाव है। कुल मिला कर साहित्यिक दृष्टि से अपभ्रंश की रचनाओं का जो समीक्षात्मक अनुशीलन किया गया, उस में विचारों की मौलिकता तथा प्रतिपादन की प्रौढ़ता लक्षित होती है। सन् १९५८ में आगरा विश्वविद्यालय की पीएच. डी. उपाधि के लिए डॉ. अम्बादत्त पन्त का 'अपभ्रंश काव्य—परम्परा और विद्यापति' नामक शोध-प्रबन्ध स्वीकृत हुआ। इस में अपभ्रंश की निरुक्ति से ले कर अपभ्रंश-साहित्य के विभिन्न रूपों तथा अवहट्ठ, पुरानी हिन्दी आदि के जन्म एवं विकास का अध्ययन विद्यापति की भाषा के सन्दर्भ में किया गया है। १९५६ में ही डॉ. शम्भूनाथसिंह का शोध-प्रबन्ध 'हिन्दी महाकाव्य का स्वरूप-विकास' काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पीएच. डी. की उपाधि के लिए स्वीकृत हुआ, जिस में अपभ्रंश के काव्य-रूपों का विचार तथा विशेषकर रोमाण्टिक काव्यों का विवेचन विस्तार से किया गया। १९५९ में डॉ. राजकुमार जैन का महत्त्वपूर्ण शोध-प्रबन्ध 'पुष्पदन्त—एक अध्ययन' आगरा विश्वविद्यालय से पीएच. डी. के लिए स्वीकृत किया गया, जिस में विस्तार से नागवंश के विकास के साथ ही पुष्पदन्त की काव्यकृतियों का समालोचनात्मक अध्ययन किया गया। १९६२ में राजस्थान विश्वविद्यालय की पीएच. डी. उपाधि के लिए डॉ. गोवर्धनदास शर्मा का 'प्राकृत और अपभ्रंश—उन का डिंगल साहित्य पर प्रभाव' तथा डी. लिट्. के लिए डॉ. भोलाशंकर व्यास का 'पुरानी हिन्दी भाषा और साहित्य के विषय में 'प्राकृतपैंगलम्' का योग' प्रबन्ध स्वीकृत किये गये। १९६३ में डॉ. राजनारायण पाण्डे का 'महाकवि पुष्पदन्त—एन अपभ्रंश पोइट ऑव टेन्थ सेंचुरी' प्रबन्ध आगरा विश्वविद्यालय से पीएच. डी. की उपाधि के लिए स्वीकृत हुआ। आगरा विश्वविद्यालय से ही डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन शास्त्री का प्रबन्ध 'भविसयत्तकहा और अपभ्रंश-कथाकाव्य' १९६४ में पीएच. डी. के लिए स्वीकृत किया गया। इस शोध-प्रबन्ध में पहली बार काव्य-साहित्य में कथाकाव्य और चरितकाव्य की भिन्न-भिन्न काव्य-विधाओं का विवेचन कर उन का स्वरूप निर्दिष्ट किया गया। भविष्यदत्तकथा के अतिरिक्त अधिकतर अप्रकाशित कथा-काव्यों का अनुशीलन इस प्रबन्ध में किया गया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

